संसेक्स 71,139.90 ▲ -801.67
डॉलर 83.112 ▼ -0.028

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 12.0 | 19.0 |
| धनबाद | 24.0 | 15.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 25.0 |
| पलामू | 24.0 | 14.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 31 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 105, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय मेडटेक मित्र: भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाईवे ...8

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सिर पर गमछा बांधकर किसानों से ...12 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,930
चांदी (किलो) 72,750

## एक नजर

### लातेहार में सैदुप जंगल से पांच किलो का केन बम बरामद



**लातेहार।** लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदुप जंगल में छापामारी कर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के द्वारा लगाए गए पांच किलो के केन बम को बरामद किया। सुरक्षा बलों ने बम को जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया। इस संबंध में मंगलवार को जानकारी देते हुए सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों के द्वारा सैदुप जंगल में बम लगाया गया है। सूचना के आधार पर सीआरपीएफ की एक टीम गठित की गई और जंगल में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के क्रम में ही जंगल में लगाए गए लगभग पांच किलोग्राम का एक केन बम बरामद किया गया, जिसे बम निरोधक दस्ते के द्वारा जंगल में ही विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक में बनी रणनीति

# रांची पहुंचे सीएम हेमंत, कल्पना सोरेन हो सकती हैं नई मुख्यमंत्री !

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन रांची पहुंच गए हैं। वे थोड़ी देर बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक में शामिल भी हुए। दोपहर लगभग 1 बजकर 50 मिनट पर वे अपने कांके रोड स्थित आवास पर पहुंचे। उनके साथ सीएम सिक्योरिटी का कारकेड भी था। सोरेन ने गाड़ी के हाथ निकालकर मीडियाकर्मियों का अभिवादन किया। बताया जा रहा है कि वे सोमवार देर रात ही रांची पहुंच गए थे और किसी अज्ञात ठिकाने पर थे। सीएम के अपने आवास पर पहुंचने के साथ ही उनके रहस्यमय तरीके से लापता होने की खबरों पर विराम लग गया है। ईडी सोमवार सुबह से उनकी तलाश में दबिश दे रही थी। उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सीएम मौजूदा परिस्थितियों में सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी विधायकों के साथ रणनीति तय करेंगे। इस बैठक में निर्णय लिया जाएगा कि सोरेन मौजूदा परिस्थितियों में इस्तीफा देकर अपनी कुर्सी अपनी पत्नी कल्पना सोरेन या किसी अन्य विश्वस्त विधायक को सौंपेंगे या फिर ईडी की अगली कार्रवाई का इंतजार किया जाएगा। गौरतलब है कि सीएम के 24 घंटे से ज्यादा समय से गायब रहने की खबरों के बीच राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को दिन में 11.30 बजे राज्य के होम सेक्रेटरी अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार और चीफ सेक्रेटरी एल ख्यांगते को राजभवन तलब किया था। राज्यपाल ने उनसे कानून-व्यवस्था की स्थिति पर जानकारी ली थी।



### सोरेन के दिल्ली आवास से 36 लाख नकद और दो लग्जरी कार जब्त



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजधानी दिल्ली स्थित आवास की तलाशी में 36 लाख रुपये नकद, एक बीएमडब्ल्यू कार सहित दो लग्जरी कार और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। ईडी सोरेन के दक्षिण दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन आवास सोमवार की सुबह साढ़ सात बजे पहुंची और 13 घंटे से ज्यादा समय तक वहां डेरा डाले रही। लेकिन इस दौरान हेमंत सोरेन आवास में नहीं मिले। इस दौरान जांच अधिकारियों ने आवास परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईडी की टीम कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ करने के लिए सोमवार को हेमंत सोरेन के दक्षिण दिल्ली स्थित आवास पहुंची थी। मालूम हो कि 27 जनवरी की शाम चार्टर्ड प्लेन से हेमंत सोरेन दिल्ली गए थे। वह 28 जनवरी की रात करीब 11 बजे तक दिल्ली में शांति निकेतन स्थित अपने आवास पर थे। इसके बाद वे कहां गए इसे लेकर सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चा होती रही। हालांकि 29 जनवरी की दोपहर उन्होंने ईडी को मेल भेजकर सूचित किया था कि वह 31 जनवरी को दिन के एक बजे अपना बयान दर्ज कराने के लिए उपलब्ध होंगे।

### गवर्नर ने डीजीपी और सीएस को किया तलब, ली जानकारी

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड की सत्ता-सियासत में आज से लेकर कल तक बड़े घटनाक्रम के संकेत मिल रहे हैं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को साढ़े ग्यारह बजे राज्य के होम सेक्रेटरी अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार और चीफ सेक्रेटरी एल ख्यांगते को राजभवन तलब किया। इसके बाद सभी आला अधिकारी राजभवन आकर राज्यपाल से मिले। जानकारी के अनुसार, राज्यपाल ने आला अधिकारियों से पूछा कि राज्य की विधि व्यवस्था और शासन किसके निर्देश पर चल रही है। हालांकि, अधिकारियों ने इसका क्या जवाब दिया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को भी कहा था कि अगर सीएम आज ईडी को जवाब नहीं दे रहे हैं, तो उन्हें कल जवाब देना ही होगा। उन्होंने कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में कहा कि मैं पहले भी इस बारे में चिंता व्यक्त कर चुका हूं।

## बजट सत्र शुरू होने से पहले

# विपक्षी दलों के 14 सांसदों का निलंबन वापस

–ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के समय निलंबित किए गए विपक्षी दलों के 14 सांसदों का निलंबन उनके माफी माँगे बिना ही केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी ने खत्म कराया। सत्ताधारी पार्टी को लगता था कि विपक्षी दलों के सांसद निलंबन वापसी के लिए माफी माँगेगे , लेकिन इन 14 सांसदों ने ऐसा कुछ नहीं किया। पहले जो कहा गया था उसके अनुसार उनका निलंबन संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान तथा समाप्त हुए सत्र के शेष अवधि के लिए कर दिया गया था। उनका मामला विशेषाधिकार समितियों को भेजा गया था। 31जनवरी से संसद का बजट सत्र शुरू होना है । उसमें विपक्षी दल 14 सांसदों के निलंबन वापसी को लेकर बिना माफी , बिना शर्त निलंबन वापसी के लिए धरना प्रदर्शन कर सकते थे।इसी संभावना के चलते सरकार को निलंबन वापसी करानी पड़ी है। इसके बारे में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि निलंबन वापसी को लेकर सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष व राज्य सभा सभापति से अनुरोध किया था, जिस पर दोनों सदनों के अध्यक्ष सहमत हो गए हैं।मालूम हो कि संसद के पिछले सत्र के दौरान कुल 146 विपक्षी सांसदों को सदन में तख्तियां लाने और संसदीय कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। इनमें 100 लोकसभा और बाकी राज्य सभा से थे। इनमें से 14 के उल्लंघन को अधिक गंभीर माना गया था। लोकसभा व राज्य सभा ने मिलकर 132 सांसदों को 21 दिसंबर को समाप्त हुए शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया था और इन 14 सांसदों का मामला संबंधित विशेषाधिकार समिति को भेज दिया था। निलंबन वापसी पर संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में भाग लेने वाले विभिन्न दलों के नेताओं से कहा गया था कि सांसदों को सत्र के दौरान कक्ष के अंदर कोई तख्तियां या इसी तरह की सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी। उन्हें इस निर्णय का पालन करना चाहिए था। नियमों के उल्लंघन की वजह से ही कार्रवाई की गई।

## झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 9 फरवरी से, 16 को पेश होगा बजट

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की मंजूरी के बाद इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बजट सत्र नौ फरवरी शुक्रवार से प्रारंभ होगा जो 29 फरवरी तक चलेगा। 15 कार्य दिवस होंगे। 16 फरवरी को झारखंड का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जायेगा। सत्र के पहले दिन नौ फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। शोक प्रकाश इत्यादि होगा। 10 और 11 फरवरी को बैठक नहीं होगी। 12 फरवरी को प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव एवं वाद-विवाद किया जायेगा। इसी दिन 2023-24 के लिए तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।

## सुकमा: नक्सलियों से मुठभेड़ में 3 जवान शहीद, 14 घायल

**बीजापुर/सुकमा/रायपुर ।** बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास मंगलवार को नक्सलियों के हमले में तीन सुरक्षा जवान बलिदान हो गए। गोलीबारी में घायल 14 जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मंगलवार को जिस इलाके में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया, वहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी। सुकमा व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में (थाना जगरगुण्डा, जिला सुकमा) नक्सल गतिविधि पर अंकुश लगाने के लक्ष्य के साथ मंगलवार को ही यहां सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया है।

## फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान मजदूर की हादसे में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

एनएच 75 पर एमजी कंस्ट्रक्शन की ओर से कराए जा रहे फोरलेन सड़क के फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की प्लेट के नीचे दब जाने के कारण मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट पर दोपहर करीब 3:30 बजे 7 नंबर पिलर के शटरिंग खोलने के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार पिलर में लोहे के फिक्स शटरिंग में लगे जक को खोलने में दो मजदूर लगे थे, सभी जक ढीला करने के बाद हाईड्रा से लोहे का प्लेट निकाला जा रहा था। इस दौरान दोनों मजदूर पिलर में लगे शटरिंग के ऊपर से ही लोहे के प्लेटा को निकलवा रहे थे। ऊपर का प्लेट निकलते ही अचानक उसके नीचे का प्लेट नीचे सरक गया, जिससे अशोक गांझू नामक मजदूर की गर्दन उससे सटे पाइप में दब गई।

### पंसस पति पर कुल्हाड़ी से हमला, गंभीर

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के आदर गांव की पंचायत समिति सदस्य व पूर्व प्रमुख गुड्डी देवी के पति संजय सिंह पर मंगलवार को कुल्हाड़ी से हमला कर अपराधियों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की सूचना पर पुलिस आरोपियों के परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि संजय सिंह गांव में ही गाड़ी की बैटरी मांगने गये थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनपर टांगी से हमला बोल दिया। एमएमसीएच में इलाजरत संजय सिंह ने बताया कि उनपर गांव के ही अभिषेक सिंह, प्रवीण सिंह, कमलेश सिंह उसके पिता व परिवार के अन्य सदस्यों ने हमला किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## पूछताछ करने ईडी टीम एक बजे पहुंचेगी सीएम आवास

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी बुधवार की दोपहर एक बजे पूछताछ करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी पर राजनीति से प्रेरित होकर चुनी हुई सरकार को काम करने से रोकने का आरोप लगाया है। उन्होंने ईडी द्वारा 20 जनवरी को पूछे गये सवालों को तथ्यों से परे और गलत करार दिया। साथ ही बजट सत्र की व्यस्तता के बावजूद 31 जनवरी को अपने आवास पर ही बयान दर्ज कराने पर सहमति देते हुए ईडी को ई-मेल भेजा था। अपनी आपत्तियों के साथ ही मुख्यमंत्री ने बयान दर्ज कराने के लिए ईडी को 31 जनवरी को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बुलाया है।


## इंडिया

# सफलता की अंधी दौड़ और बढ़ती आत्महत्याएं कब तक ?



सुनील बादल

**कोटा** के एक कोचिंग सेंटर में जेईई की तैयारी कर रही 18 साल की छात्रा ने अपने ही कमरे में फांसी का फंदा लगाकर सोमवार को आत्महत्या कर ली । पांच दिन में ये दूसरी आत्महत्या थी । इससे पहले 24 जनवरी को भी एक छात्र ने पढ़ाई के दबाव में आकर आत्महत्या कर ली थी। यूपी के मुरादाबाद के इस छात्र ने भी परीक्षा के डर से आत्महत्या की थी। इंजीनियरिंग, मेडिकल और मैनेजमेंट में कैरियर संवारने लिए सबसे लोकप्रिय और महंगी सपनों की नगरी कोटा के कोचिंग संस्थानों में बीते एक साल में 23 और राजस्थान स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में राज्य में आत्महत्या के कुल 5658 मामले सामने आए थे, कोटा सिटी में कुल 173 मामले और कोटा रूरल में 126 मामले सामने आए थे । कोटा को अब लोग आत्महत्या की फैक्ट्री बताने लगे हैं। जो शहर हजारों को प्रशिक्षित कर मेडिकल, इंजीनियरिंग या ऐसे ही प्रतिष्ठित संस्थानों में नामांकन दिला रहा हो दिनों दिन हताशा का माहौल क्यों बना रहा है? क्या योग्यता से अधिक की चाहत की अंधी दौड़ में बच्चे पिछड़ जा रहे हैं या अभिभावकों को दमित महत्वाकांक्षा को पूरी करने में असमर्थ बच्चे माता-पिता के अत्यधिक दवाव के शिकार हो रहे हैं जैसा मोदी जी ने कहा था या हीन भावना के शिकार होकर अपने दुर्लभ जीवन का अंत कर गरीब मां- बाप को कभी न मिटने वाला संताप दे रहे हैं? बचाने के लिए संघर्ष करते अभिभावकों पर अपने कलेजे के टुकड़ों की मौत बहुत भारी पड़ रही है। हर आत्महत्या के बाद थोड़ी सुगबुगाहट होती है फिर मामला किसी बड़े उद्योग की छोटी दुर्घटना की तरह सामान्य बन जाती है। यहां एक बात उल्लेखनीय है कि बंगाल, केरल और कुछ अन्य राज्यों में जहां सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहतर है, इतने कोचिंग संस्थान भी नहीं है और वहां के बच्चों की भीड़ भी यहां नहीं है। राजस्थान भी अपने इस उद्योग को पनपते देखना चाहता है और इसके नेता भी जो बयानबाजी कर इन संस्थानों से मोटी राशि भी कथित रूप से वसूलते हैं। आत्महत्या के बाद कुछ दिनों में लोग भूल जाएंगे है, क्योंकि बिहार,यूपी और झारखंड जैसे राज्यों में इंजीनियर और डॉक्टरों को भारी भरकम दहेज मिलता है और समाज में पूछ के साथ पैसा कमाने का भरपूर अवसर भी। यश, पैसा और सफलता के लिए देश में बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा से जूझ रहे अभिभावक अपने बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर, मैनेजर या अफसर बनाने की अंधी दौड़ में शामिल हैं और इसके लिए भ्रष्टाचार से लेकर पैसा जुटाने के हर तरीके आजमाने को तैयार हैं। ऐसे बेचैन माता-पिता का दबाव बच्चे के ऊपर रहता है और वह लगातार होते टेस्ट के कम अंक को अंतिम अवसर मानकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लेता है। कुछ बच्चों ने परीक्षा देने के बाद आत्महत्या की, कुछ ने कम अंक आने पर तो कुछ ने अभिभावकों से बात करने के बाद, सवाल यह है कि दक्षिण भारत के इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और प्रबंधन संस्थानों में एडमिशन के लिए पहले सिर्फ डोनेशन काफी था, पर यह रकम अब पचास लाख से करोड़ों तक पहुंच गई है, जबकि उनमें में प्रवेश के लिए कोचिंग जरूरी है। हिंदी पट्टी में ध्वस्त होती सरकारी शिक्षा व्यवस्था और समानांतर कोचिंग का प्रचालन बढ़ा है। मनोवैज्ञानिक इसे तनाव से उपजी समस्या बताते हैं। तनाव तो है, पर मूल कारण क्या है और क्या इसका समाधान निकल सकता है? कड़े प्रबंधन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए देश-विदेश में चर्चित राजस्थान का यह शहर अपने कोटा पत्थर के लिए कम कोचिंग उद्योग के लिए पिछले दो दशकों से जाना जाता है। मीडिया का भरपूर कवरेज इसे गली-गली में कोचिंग संस्थान खोलने में मदद करता रहा है, पर अब उसी मीडिया में दिनोदिन बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं के समाचारों ने अभिभावकों को सकते में डाल दिया है । पूरे कोटा में अजीब सी सनसनी और तनाव फैला है, जो पसरता हुआ बिहार, यूपी तक पहुंच रहा है, जहां से कुल लगभग दो लाख प्रतिवर्ष आनेवाले विद्यार्थियों में से बहुत बड़ी संख्या में बच्चे आते हैं। व्यापारिक नफा नुकसान से हटकर नीति निर्धारकों को चिंतन करना चाहिए कि क्यों बिहार या अन्य राज्यों के बच्चे पढ़ाई छोड़कर कोचिंग के लिए यहां आने को उतारू हैं ? क्या कोचिंग के सहारे किसी भी औसत बच्चे को चैंपियन बनाया जा सकता है? क्या सभी डॉक्टर, इंजीनियर या बड़े अधिकारी ही बनें संभव है ? जो बड़ी प्रतियोगिताओं में सफल नहीं हो पाते क्या उनके लिए देश के सारे दरवाजे बंद हैं? क्या कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं जिससे आस ना टूटे और जीवन बच सके ? बहुत महंगे कोचिंग संस्थान के स्थान पर यदि सरकारी शिक्षण संस्थान सफेद हाथी साबित हो रहे हैं तो उनके स्थान पर निजी संस्थाओं को ही विकल्प बनाया जाए जो योग्य नागरिक या व्यवसायी ही तैयार कर सकें।




### भाजपा ने तेज की किलेबंदी, कांग्रेस बना रही रणनीति, जेएमएम का शक्ति प्रदर्शन

## बदलते राजनीतिक समीकरण के बीच पलामू में राजनीति उफान पर

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** सीमावर्ती बिहार के साथ ही झारखंड में भी बदलते राजनीतिक परिदृश्य के बीच झारखंड की राजनीतिक राजधानी पलामू में राजनीति पूरे उफान पर है। जिलाध्यक्ष में बदलाव कर भाजपा ने पलामू फतह के लिये जहां किलेबंदी तेज कर दी है। वहीं फरवरी के प्रथम सप्ताह में राहुल गांधी की न्याय यात्रा के झारखंड में प्रवेश करने को लेकर कांग्रेस ने भी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसके साथ ही ईडी की कार्रवाई के विरोध में जेएमएम भी लगातार शक्ति प्रदर्शन कर रहा है। इन दिनों जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सहित विभिन्न प्रखंडों में राजनीति ही चर्चा का केंद्र बना हुआ है। बिहार में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपानीत एनडीए गठबंधन की सरकार बनने से जहां आईएनडीआईए गठबंधन बैकफुट



पर आ गया है। वहीं अचानक भाजपा अब फ्रंटफुट पर आ गयी है। प्रतिष्ठापरक पलामू संसदीय सीट पर हर हाल में विजयश्री हासिल करने के लिये भाजपा ने पूर्व में भी अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल चुके तेजतर्रार नेता अमित तिवारी को दोबारा जिले की कमान सौंप दी है। श्री तिवारी ने पदभार ग्रहण करते ही अपने तीखे तेवर दिखाते हुये प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुये कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। उन्होंने कहा कि भाजपा व्यक्तिगत हित की जगह जनहित की राजनीति करेगी। प्रदेश सरकार के जनविरोधी कार्यों के खिलाफ संघर्ष तेज किया जायेगा।

## एक नजर

### पांच फरवरी को होगी एनपीयू की रद्द हुई परीक्षा

**मेदिनीनगर।** एनपीयू की सोमवार को रद्द हुई भौतिक शास्त्र की परीक्षा अब पांच फरवरी को ली जाएगी। यह परीक्षा पूर्व निर्धारित केंद्रों पर सुबह 10 बजे से होगी। इस आशय की जानकारी परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक ने जारी कर दी है।

### सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी का निधन, शोक



**विश्रामपुर।** सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी राम पूजन चौबे (98) का मंगलवार सुबह आठ बजे निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उन्होंने अंतिम सांस विश्रामपुर ब्लॉक रोड स्थित अपने आवास पर ली। स्व.चौबे अपने पीछे पांच पुत्र और एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका दाह संस्कार वाराणसी गंगा तट पर किया गया। अंतिम यात्रा में उनके पुत्र रमेश चौबे, उमेश चौबे, दिनेश चौबे, राजेश चौबे, ब्रजेश चौबे सहित काफी संख्या में परिजन मौजूद थे। इधर उनके निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय,सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे,जिला पार्षद विजय रविदास,बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### समाजसेवी ने चार हजार जरूरतमंदों को दिया कंबल



**पांडू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कला एवं तीसीबार कला में विश्रामपुर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी अंजू सिंह के प्रतिनिधि समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने चार हजार जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की पिछले चार दशक से क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे दोनों प्रतिनिधि जन भावना के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। दोनों ने अपना भला तो खूब किया, किंतु जनता की चिंता लेशमात्र भी नहीं की। क्षेत्र के विकास का धन धनबाद और रांची में लगाया जा रहा है। विश्रामपुर विधान सभा में परिवर्तन सिर्फ महिला प्रतिनिधि ही कर सकती है। मौके पर डाला कला पंचायत के मुखिया रामबाबू यादव, तीसीबार पंचायत मुखिया पूनम देवी, प्रदीप यादव, सरजू सिंह, अनुज सिंह आदि मौजूद रहे।

### मुखिया संघ ने बीडीओ से की मुलाकात, जतायी नाराजगी

# ग्राम सभा सूची के अनुसार अबुआ आवास का कराया जाये जिओ टैग



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुये मुखिया संघ ने व्यापक रोष जताया है। मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा से पारित सूची के अनुसार जियो टैग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आवास कोआर्डिनेटर पर भारी लापरवाही का आरोप लगाया है। मंगलवार को प्रखंड के सभी छः पंचायतों के मुखिया और प्रमुख प्रतिनिधि ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी बातों को रखते हुए कहा की ग्राम सभा में पारित सूची के अनुसार योग्य लाभुकों का ही जियो टैग करवाएं अन्यथा हम सभी मुखिया, उंटारी रोड जिला पार्षद, पंचायत समिति, और ग्रामीणों के साथ सात फरवरी को प्रखंड मुख्यालय पर ही शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में बात करने पर बीडीओ परितोष प्रियदर्शी और आवास कॉर्डिनेटर ने बताया कि सरकार के गाईड लाइन के अनुसार ही कार्य हो रहा है। मौके पर मुखिया रामवचन राम, कमला देवी, जोगा मुखिया कमला देवी, मुरमा कला मुखिया मीना देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, लुंबा सतबहिनी मुखिया प्रतिनिधि सुनील शर्मा मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

### - किशुनपुर हाईस्कूल में पुलिस का सड़क सुरक्षा सप्ताह

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** ओपी प्रभारी कुमार नीरज, एसआई रोबिन कुमार व एसआई वरुण कुमार आदि ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। मौका था राजकीय कृत हीरानंद लक्ष्मी प्लस टू उच्च विद्यालय किशनपुर पाटन में पुलिस के सड़क सुरक्षा सप्ताह का। किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने छात्र- छात्राओं को बताया कि सड़क पर चलते समय जेब्रा क्रॉसिंग को सदैव ध्यान में रखें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट का प्रयोग करें। अपने आसपास के युवाओं को बिना लाइसेंस की गाड़ी न चलने की सलाह दें। ट्रैफिक नियम एवं रोड क्रॉसिंग से संबंधित भी सुझाव दिए। इस अवसर पर अध्यापक चंद्रदीप राम,बबली कुमारी, स्मृति राज,भीम राम, विवेक शुक्ला, दीपक हजारी, नृपेंद्र सम्राट, गोविंद कुमार, मनीष कुमार सिंह, आशुतोष कुमार, सोमनाथ महतो, शिवानंद यादव, रिजवान अहमद, सबे आलम, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, मुरारी सिंह, पुटन राम उपस्थित थे।

### हिंसा भरे दौर में बापू के विचारों की प्रासंगिकता बढ़ी



**हुसैनाबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर शहर के गांधी चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर कई राजनैतिक दलों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा के रास्ते पर चलकर हमें अंग्रेजों से आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान अहिंसा भरे दौर में हम सभी को राष्ट्रपिता के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। राजद नेता जाकिर अली उर्फ राज अली, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, भाजपा के सैयद तकी रिजवी, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, राकांपा के अब्बास कादरी, असगर उर्फ मिथुन सहित कई लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपने विचार प्रस्तुत किये।

# अंतरिम बजट 2024-25 से आमलोगों को काफी उम्मीदें



एमजे अजहर



विक्की कुमार



अनुज त्रिपाठी



प्रभात कुमार गुप्ता



शैलेंद्र कुमार शैलू



चंचला देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में अंतरिम बजट 2024-2025 पेश करेंगी। इसे लेकर आम लोगों को काफी उम्मीदें हैं।

चैनपुर नेउरा गांव उर्दू स्कूल के शिक्षक एमजे अजहर ने बताया कि इस बजट से शिक्षकों को कई उम्मीदें हैं। शिक्षकों को उम्मीद है कि राज्य सरकार बजट में शिक्षकों के लिए कुछ खास पेश करेगी। ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके।

व्यवसायी विक्की कुमार ने बताया कि पलामू जिले में सबसे ज्यादा पानी की समस्या रहती है। राज्य सरकार द्वारा जो भी बजट पेश किया जाएगा उसमें पानी को लेकर खास इंतजाम किये जाने की उम्मीद है। जिससे नागरिकों को जल संकट की समस्या से निजात मिल सके।

अधिवक्ता अनुज त्रिपाठी ने बताया कि सरकार घरेलू सामानों की कीमतों में कमी करे। रसोई गैस के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। जिससे आम जनता काफी परेशान है। इसके अलावे पेट्रोल, डीजल पर भी वैट घटाया जाना जरूरी है।

व्यवसायी प्रभात कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू गुप्ता ने बताया कि बजट में स्वास्थ्य, बिजली, पानी तथा सड़कों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। क्योंकि इन बुनियादी आवश्यकताओं में सुधार होने पर ही क्षेत्र व आम जनता के विकास की परिकल्पना सार्थक हो पाएगी।

समाज सेवी पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू ने बताया कि पलामू जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की काफी कमी है। शिक्षक बहाली को लेकर बजट में खास महत्व दिया जाय ताकि नये शिक्षकों की बहाली हो सके। इससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार आएगी।

प्रथम वार्ड पार्षद चंचला देवी ने बताया कि हमें बजट से काफी उम्मीदें हैं। क्योंकि कोरोना ने लोगों को आर्थिक रूप से काफी पीछे धकेल दिया है। कई लोग बेरोजगार भी हुए हैं। बढ़ती महंगाई पर रोक हो। सरकार द्वारा लोगों को पेंशन सही समय पर मिले। लोगों को सरकार से काफी उम्मीदें हैं।

### बायोमेट्रिक उपस्थिति से अलग रखने की बुलंद की आवाज

**मेदिनीनगर।** डीसी द्वारा सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के निर्देश के बाद झारखंड राज्य राजस्व उपनिरीक्षक संघ के पलामू जिलाध्यक्ष धर्मराज मिश्र के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीसी शशि रंजन से मिला। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने उपायुक्त श्री रंजन को बताया कि राजस्व उपनिरीक्षकों की संख्या हलका के अनुपात में कम रहने के कारण एक-एक राजस्व उपनिरीक्षक को दो-तीन हलका का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा राजस्व कार्यो के अतिरिक्त एनएचएआई, माइनिंग, आपदा समेत कई कार्यों को करना पड़ता है। कई हलका मुख्यालय की दूरी 20-25 किमी तक है। ऐसे में ससमय दोनों टाइम बायोमेट्रिक उपस्थिति बना पाना संभव नहीं हो पाता है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इससे संबंधित राजस्व विभाग के पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें भी इस संबंध में राहत देने की बात कही गई है। संघ के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि सभी हलका मुख्यालयों में बायोमेट्रिक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और जब तक सभी हलकों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं हो जाती है,तब तक राजस्व उपनिरीक्षकों को बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की बाध्यता से अलग रखा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में नदीम अहमद, दीपक पाण्डेय, मनोज कुमार व सुदर्शन सिंह मौजूद थे।

### दिवंगत सहायक अध्यापक के परिजनों को दी मदद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंतर्गत लादी-वादी गांव के वरीय सहायक शिक्षक स्व. रंजीत राम के पैतृक आवास पर मंगलवार को एकीकृत सहायक शिक्षक संघर्ष मोर्चा हरिहरगंज के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा सह ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया। उपस्थित सहायक शिक्षकों ने स्व. रंजीत राम के तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं उनके बड़े पुत्र दीपक कुमार को 58 हजार रुपए की आर्थिक मदद भी की। मालूम हो कि स्व. रंजीत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लादी-वादी के वरीय सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। जिनका गत दिनों बीमारी व आर्थिक तंगी से जूझते हुए निधन हो गया था। इस मौके पर सहायक शिक्षक अशोक यादव, सत्येंद्र राम, रामदेव मेहता, जितेंद्र कुमार कुशवाहा, संतोष यादव, अरुण मेहता, अर्जुन राम, जितेंद्र कुशवाहा, अरविंद कुमार, सरोज मेहता, राजेंद्र यादव, विपुल रंजन, उपेंद्र पासवान, नारायण प्रजापति, अद्रेश प्रसाद यादव, सरोज कुमार, अरविंद कुमार, उपेंद्र कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवादाता**

**छतरपुर।** लठेया स्थित विद्या विहार वाटिका विद्यालय का 24वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। इस मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार तथा विनोद कुमार सिंह के द्वारा गरीब-असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। अतिथि द्वय ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा के आज के समय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना बहुत ही आवश्यक है। ऐसे देहात क्षेत्र में विद्या विहार वाटिका जिस प्रकार से बच्चों की प्रतिभा को निखारने में जुटी है। इसके लिये संस्थापक डॉ.रामरेश यादव के साथ-साथ पूरा विद्यालय परिवार धन्यवाद का पात्र है। संस्थापक डा. यादव ने कहा कि कोशिश है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर एक सजग समाज की स्थापना की जाये। उन्होंने कहा कि भारत गांवों का देश है। इसलिए गांव के लोगों में शिक्षा का अलख जगाने का निर्णय लिया गया है।

### वाहन चेकिंग अभियान में 15 बाईकें जब्त

**हरिहरगंज।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर मंगलवार को हरिहरगंज पुलिस ने थाना के समीप एनएच-98 स्थित इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर सड़क सुरक्षा व एंटी क्राईम के तहत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अवर निरीक्षक नंदलाल साहनी के नेतृत्व में पुलिस ने सड़क से गुजरने वाले दर्जनों दो पहिया वाहनों के कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग, वाहन की डिक्की की गहनता से जांच की। जांच के दौरान बिना कागजात, लाइसेंस और हेलमेट के करीब 15 बाइक जब्त कर थाना लाया गया। हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा बढ़ती सड़क दुर्घटना को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

### ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान रथ ने किया भ्रमण

# आबादी के अनुरूप ओबीसी को हर क्षेत्र में मिले भागीदारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान रथ यात्रा मंगलवार को विश्रामपुर प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में भ्रमण किया। इस दौरान ओबीसी वर्ग के लोगों को आगामी 11 फरवरी को मेदानीनगर स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। इस क्रम में लालगढ़ पंचायत मुख्यालय में नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। सभा में मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि आबादी के अनुसार ओबीसी समाज को हर क्षेत्र में समुचित भागीदारी मिलनी चाहिए। संजय कुमार साहू ने कहा कि पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को दस हजार मासिक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। मौके पर अजय वर्मा,विजय चंद्रवंशी, उज्जवल कुमार चौधरी, शिव चौधरी, राजेश साव, महेंद्र कुमार, सुपेंद्र कुमार, शिव शंकर साहू, दिलीप कुमार चौधरी, गोविंद पाल, विनोद बिहारी साहू, परमहंस कुमार, आनंद कुमार चौधरी, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार राम, मिथुन चौधरी, विकास कुमार पटेल, अभिराम कुमार साहू, रोहित कुमार पटेल मौजूद थे।

### मृतकों के स्वजनों को पूर्व विधायक ने दी सांत्वना

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी स्व. समुद्री देवी तथा अंबा गांव निवासी मृतक शांति देवी के स्वजनों से मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष सह हरिहरगंज- हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में राजद परिवार मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। इस दौरान श्री यादव ने मौत को दुःखद बताते हुए परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस दौरान राजद नेता ने मृतक के स्वजनों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी भी ली। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, लखन यादव, महादेव यादव, अशोक यादव, अवधेश यादव, दीपक यादव, आनंद यदुवंशी, मो. फैजल, सिद्धेश्वर राम, धीरेंद्र यादव उर्फ छोटू, इंद्रदेव यादव मौजूद थे।

# समुचित उपचार से ठीक हो जाता है कुष्ठ

### - सीएचसी में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान पखवारे का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में डा. सिन्हा ने कहा कि 13 फरवरी तक अनुमंडल क्षेत्र के सभी 42 पंचायतों के सभी गांवों में जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने आम जनता का आह्वान किया है कि हम सभी को मिलकर कुष्ठ को मिटाना है। समुचित उपचार से कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है। शुरूआती दौर में इसकी जांच व उपचार किया जाये तो इससे बचा जा सकता है। इसकी पहचान शरीर में हल्के रंग का समतल या उभरा हुआ दाग, दाग में सूनापन, पसीना नहीं आना, हाथ व पैरों की नसों में मोटापा जैसे लक्षण होते हैं। उन्होंने पीड़ित रोगियों को तत्काल सरकारी अस्पताल में जाकर चिकित्सक को दिखाने व मुफ्त दवा लेने की सलाह दी है। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार ने किया। मौके पर डॉ. पीएन सिंह, डॉ. विनेश राम, डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता, विभूति कुमार, एएनएम अभिलाषा टोप्पो, देवमुनी देवी मौजूद रहीं।

### नये अध्यक्ष के नेतृत्व में मजबूत होगी पार्टी

**सतबरवा।** अमित तिवारी को भारतीय जनता पार्टी पलामू जिला का नया अध्यक्ष बनने पर सतबरवा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को उनके आवास पर जाकर बुके व माला देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अब और मजबूती के साथ काम करेगी। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के प्रति सभी ने आभार जताया। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, विजय यादव समेत कई लोग मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला
जशपुर रोड, गुमला (झारखण्ड) - 835207
(E-mail- eercdgumla-jhr@nic.in)

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के द्वारा दैनिक समाचार पत्र का PR No 317130 Road (2023-24).D द्वारा गैर योजना मद अतंर्गत सिसई कुम्हार मोड़ से घाघरा वाया सहेजाना कोडेदाग पथ पर के 8वें कि0मी0 में गार्डवाल निर्माण पुल का पहुँच पथ का कार्य एवं विभिन्न पथाशों में Crush Barrier कार्य योजना का निविदा प्रकाशित किया गया है, को अपरिहार्य कारणो से आंशिक संशोधन किया जाता है, जो परिमाण विपत्र कि विक्री की तिथि– 02.02.2024 के स्थान पर, तिथि 03.02.2024 पढ़ा जाय, तथा निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 03.02.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक, के स्थान पर तिथि 05.02.2024 को 3:00 बजे अपराह्न पढ़ा जाय, एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.02.2024 के स्थान पर 05.02.2024 को 3:30 बजे अपराह्न पढ़ा जाय।

शेष निविदा की शर्ते यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
PR 317383 Road (23-24)_D पथ0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गुमला



## झारखण्ड सरकार
मंडल कारा, गुमला
गृह, कारा, एवं आपदा प्रबंधन विभाग
दूरभाष सं0–06524-223104 (का0)
e-mail Id. Jailsuperintendent.gml@gmail.com/ dj-gumla@jharkhandmail.gov.in

### ई0-निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, गुमला। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। प्रथम त्रैमासिक निविदा (दिनांक 01.01.2024 से 31.03.2024) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्ध की तिथि एवं समय। | तिथि–15.02.2024 से 20.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा online upload करने की तिथि। | तिथि–15.02.2024 से 20.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (sample)जमा करने की तिथि। | तिथि–21.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/–अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–21.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान। | तिथि–23.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में। |

नोट:–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु मंडल कारा, गुमला के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
काराधीक्षक
मंडल कारा, गुमला।
PR 317410 (Home) 23-24 (D)



## झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,गढ़वा।
दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला– 02 फरवरी–2024

### सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–02.02.2024 को पूर्वाह्न–10.30 बजे से 4.00 अपराह्न तक शंकर प्रताव देव इण्टर कॉलेज, नगर उन्टारी के परिसर में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2024" आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Freedom Employability Academy, Delhi. | Facilitator | 10 | Graduate | - | - | 18-45 yr | 10800 + PF | Garhwa |
| 02 | Kamal Fincap Pvt. Ltd. Garhwa | Group Loan Officer | 40 | 12th Pass | - | 0-2 Yr | 18-32yr | 12000/- + TA+DA | In Jhakhand |
| 03 | Life Insurance Corporation of India Garhwa. | Insurance Advisor | 100 | 10th Pass | 12th Pass | - | 18yr | As per Comm., Allowances | Garhwa, |
| 04 | Spandana Sphoorty Finance Garhwa | Loan Officer | 10 | 10th Pass | Bike with DL | - | 19-27yr | 12000 | Jhakhand |
| 05 | Gramin Siksha avam Prashikshan Foundation. Jamtara | Quality Inspector | 30 | ITI/Diploma | - | - | 18-30yr | 14000/- | Gujarat |
| | | CNC | 60 | ITI/Diploma | - | - | 18-36yr | 14000/- | |
| | | Maintenance | 40 | ITI/Diploma | - | - | 18-36yr | 14000/- | |
| 06 | UISS Skill (SDC) Ramna. | Warehouse Trainer | 02 | Graduation | PG | 02 Yr | 24-40yr | 10000- 12000/- | Ramna, Garhwa |
| | | Fashion Designer Trainer | 02 | Graduation | PG | 01 Yr | 24-40yr | 10000- 12000/- | |
| 07 | HIP HOP Media House Pvt. Ltd. Ranchi | CUSTODIAN (ATM Me Paisa Dene Wala) | 30 | 10th Pass | Bike with DL | - | 18-35 yr | 15500 + Incentive | All Over Jharkhand |
| | | Sales Executive (Paytm) | 30 | 12th Pass | Bike with DL | - | 18-35 yr | 10200+ Incentive | |
| 08 | Bajaj Allianz, Garhwa | Insurance Advisor | 20 | 12th Pass | - | 1 year | 25 yr | As per Commission, | Garhwa, |
| 09 | QSS Enterprises of Creation, Bangalore | SMO Tailor | 300 | 8th Pass | - | 3 Months to 1 year | 18-40 yr | 12300-16000 | Bangalore |
| 10 | Inodaya Preceptors Pvt. Ltd, Bangalore | Quality Inspector | 100 | ITI/Diploma | - | - | 18-35 yr | 15000-17000/- | Bangalore |
| | | Welder | 100 | ITI/Diploma | - | - | 18-35 yr | 15000-17000/- | |
| | | Machine Operator | 100 | 8th Pass, ITI/Diploma | - | - | 18-35 yr | 15000-17000/- | |

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रुप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के वेबसाईट –www.garhwa.nic.in तथा नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है।

नोट :–मेला में भाग लेने वाले कम्पनी की संख्या तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्ति घट–बढ़ सकती है।

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी गढ़वा।
PR 317333 Labour Employment and Traning(23-24)D

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार। उच्च शिक्षित बनकर जिले का नाम रौशन करें। आईये हम सब मिलकर एनपीयू को झारखंड का सर्वोच्च विश्वविद्यालय बनायें।

डॉ. आरके झा, वित्त अधिकारी एनपीयू।

## राशन कालाबाजारी पर भाकपा ने किया प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी व अखिल भारतीय नौजवान सभा के जिला सचिव अभय कुमार भूइयां ने रामगढ़ एवं चैनपुर प्रखंड के सैकड़ों आदिम जनजाति की महिलाओं के साथ राशन की कालाबाजारी के विरोध में उपायुक्त एवं खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान चैनपुर-रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी होश में आओ, राशन की कालाबाजारी बंद करो आदि नारे लगाये गये। जिला सचिव ने बताया कि एक फरवरी को नावाडीह गांव में राशन उपलब्ध कराने की बात कही गयी है।

### पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

## शहीदों की याद में दो मिनट का मौन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में मंगलवार की पूर्वाह्न 11 बजे प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कर्मियों ने मौन रखा । मौके पर आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार के अलावा प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, प्रेम धीरज कुमार, अमित कुमार, शीतलेश कुमार सिंह, कमल कुमार, शिव शंकर सिंह, नीरज कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार सिंह, मनीयस राज, विन्देश्वर राय आदि उपस्थित थे।

### जीएलए कॉलेज ग्राउंड में पलामू प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

## अनुशासित खिलाड़ियों की कभी हार नहीं होती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जीएलए कॉलेज ग्राउंड में पलामू प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार, मेदिनीनगर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ,यूवा समाज सेवी शैलेश पांडेय उर्फ पपू पांडेय , आशीष भारद्वाज, शाहिल कुमार त्रिपाठी, ज्ञानेश तिवारी व राजीव शुक्ला ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व बैटिंग कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑर्गनाइजर अंकित शुक्ला आरंभा व संचालन अविनाश सिंह व भीम तिवारी ने किया। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। अनुशासित खिलाड़ियों की कभी हार नहीं होती। मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जीवन में खेल केवल मनोरंजन का हिस्सा ही नहीं बल्कि इससे युवा अपने सुनहरे भविष्य को भी संवार सकते हैं। मैच में कुल 16 टीमें भाग ले रहीं हैं। विजेता टीम को 51 हजार और ट्रॉफी तथा उप विजेता को 25 हजार और ट्रॉफी दिया जाएगा। रेड बुल आबादगंज व संगम टीम लेस्लीगंज के बीच उद्घाटन मैच खेला गया। संगम टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 143 रन का लक्ष्य दिया। रेड बुल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ ओवर में ही विजयश्री हासिल कर ली। प्रत्युष सिंह ने 22 गेंद मे 57 रन की धमाकेदार पारी खेली।



फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ करते अतिथि

## एक नजर

### सड़क पर खटाल का पानी बहाने से परेशानी

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के कान्दू मुहल्ला वार्ड नंबर 19 बर्मा चौक के पास सड़क पर ही खटाल का गंदा पानी बहाये जाने से नागरिकों सहित राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित व्यक्ति को मना किया गया, किंतु उसके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिये जाने से समस्या जस की तस बनी हुयी है। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### 105 वर्षीय समाजसेवी का निधन

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नेनुवा निवासी समाजसेवी 105 वर्षीय सेवक राम चंद्रवंशी का निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर आस पड़ोस के सैकड़ों लोगों की भीड़ उनके आवास के बाहर एकत्रित हो गयी। चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी और अखिल भारतवर्ष चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चंद्रवंशी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10 बजे नेनुआ अनराज नदी में किया गया। इनके बड़े बेटे उदय चंद्रवंशी ने मुखाग्नि दी।

### पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव-प्रचार तेज

**मेदिनीनगर।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। चुनाव के लिये आठ फरवरी को नामांकन एवं 11 फरवरी को मतदान किया जायेगा। प्रत्याशी जिले के विभिन्न थानों में जाकर प्रचार कर रहे हैं।

### भाजयुमो ने सीएम के लापता होने की सूचना करायी दर्ज

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गुमशुदा होने की रिपोर्ट शहर थाना मेदिनीनगर में दर्ज करायी गयी। साथ ही समरहरणालय परिसर में पोस्टर चिपका कर उनकी सूचना देने की अपील भी की गई है। ज्ञात हो कि पिछले 40 घंटे से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी की पूछताछ से लगातार भाग रहे हैं। 27 जनवरी को मुख्यमंत्री अपने निजी काम से दिल्ली गए थे। इसके बाद से उनका कोई खोज-खबर नहीं है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सीएम का अचानक लापता होना राज्य के नागरिकों के लिए चिंता का विषय है। इस अवसर पर रोहित शर्मा, श्वेतांक गर्ग, आदि उपस्थित रहे।

### कल संसद में बजट पेश करेंगी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

# चुनावी वर्ष-2024 के अंतरिम बजट पर टिकी सबकी नजरें




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट का काउंट-डाउन शुरू हो चुका है। क्योंकि अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव संभावित हैं। इसलिये इस बार पूर्ण बजट पेश नहीं किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 112 के तहत भारत सरकार प्रतिवर्ष वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत करती है। इसमें सरकार पूरे साल कहां से आय प्राप्त करेगी तथा किन मदों में उसे खर्च करेगी। इसका विस्तृत लेखाजोखा रहता है। वर्ष 2017 से पूर्व प्रतिवर्ष फरवरी माह के अंतिम कार्य दिवस को बजट पेश किया जाता था, किंतु मोदी सरकार ने इसमें परिवर्तन करते हुये इसे पेश करने का समय फरवरी माह का पहला कार्य दिवस निर्धारित किया है। बजट आम से लेकर खास सभी के लिये समान महत्व रखता है। व्यापारी से लेकर कर्मचारी, चपरासी से लेकर अधिकारी, मजदूर से लेकर हाकिम, छात्र से लेकर नेता, महिला व पुरुष सभी की नजरें इस पर टिकी होती हैं। गुरुवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट को लेकर पलामू के बुद्धिजीवियों, आर्थिक जगत के जानकार व व्यापारिक प्रतिनिधियों ने खुलकर अपना विचार साझा किया।

#### शोध की दिशा में दिया जाये ध्यान



वर्ष 2047 तक विकसित भारत व भारत को विश्वगुरू बनाना केंद्र की मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिये उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर व शोध की दिशा में समुचित ध्यान दिया जाना जरूरी है। विश्व के तमाम विकसित देश इन क्षेत्रों पर फोकस कर ही आगे बढ़े हैं।

डा. आरके झा, वित्त अधिकारी, एनपीयू।

#### घाटा कम किया जाना जरूरी



यह सही है कि कई ऐसे खर्च होते हैं। जिन्हें कम नहीं किया जा सकता। साथ ही आकस्मिक व परिस्थिति अनुरूप खर्चों में भी कटौती नहीं की जा सकती। इसके बाद भी घाटे का बजट सर्वथा दीर्घकालिक नुकसान ही पहुंचाता है। इसका भार अंततः आम नागरिकों पर ही पड़ता है। ऐसे में सरकार को घाटा कम करने की दिशा में गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिये।

कुर्रत उल्लाह, असिस्टेंट प्रोफेसर इकोनामिक्स, जीएलए कालेज।

#### व्यापारिक गतिविधियों में आये तेजी



सरकार को बजट में इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिये कि कोरोना काल में मंद पड़ी व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आये। इस संबंध में बैंकों को स्पष्ट निर्देश का प्रावधान सुनिश्चित हो। जिससे बाजार रंगत में आये तथा देश के सर्वांगीण विकास को गति मिल सके। अंतरिम बजट से व्यापारिक जगत को काफी उम्मीदें हैं।

इंद्रजीत सिंह डिंपल, सचिव, पलामू चैंबर आफ कामर्स।

**संविधान के अनुच्छेद 112 के तहत भारत सरकार प्रतिवर्ष वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत करती है। इसमें सरकार पूरे साल कहां से आय प्राप्त करेगी तथा किन मदों में उसे खर्च करेगी। इसका विस्तृत लेखा-जोखा रहता है।**

#### अधिवक्ता हितों का भी रखा जाये ख्याल



अधिवक्ता देश के संवैधानिक संरचना को बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, किंतु यह दुखद है कि अभी तक पूर्ववर्ती सभी सरकारों ने बजट में समाज के इस बुजुर्आ वर्ग की अनदेखी ही की है। मोदी सरकार सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। उम्मीद है अंतरिम बजट में अधिवक्ताओं के हित में भी प्रावधान किया जायेगा।

प्रेमतोष सिंह, अधिवक्ता।

#### चुनावी बजट न रहे इसका हो ध्यान



चुनावी बजट में अंतरिम बजट पेश हो रहा है। ऐसे में इस पर चुनावी छाया पड़ना स्वाभाविक है, किंतु बजट पूरी तरह चुनावी बजट बनकर न रह जाये। इसका ध्यान रखना आवश्यक है। मुफ्त रेवड़ी की राजनीति का दुष्प्रभाव देश देख रहा है। बजट में बुनियादी आर्थिक मामलों की कत्तई अनदेखी नहीं होनी चाहिये।

जयकिशोर पाठक, अधिवक्ता।

### वरीय अधिकारियों के निर्देशन में चलाया जा रहा अभियान

## रेल हादसों पर रोक के लिये आरपीएफ ने कसी कमर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बढ़ते रेल हादसों पर प्रभावी अंकुश के लिये आरपीएफ ने कमर कस ली है। वरीय अधिकारियों के निर्देशन में आरपीएफ जवानों द्वारा शहर के आबादगंज मोहल्ले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। नियम विरूद्ध खतरनाक ढंग से रेल लाईन पार करने के कारण रेल दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इसे संज्ञान में लेते हुये वरीय मंडल कमिश्नर के निर्देशन में आरपीएफ गढ़वा रोड के निरीक्षक बनारसी यादव के नेतृत्व में जवानों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत जवानों द्वारा रेलवे लाईन के किनारे स्थित मोहल्लों में जाकर नागरिकों को रेल लाईन पार करने के नियम व नियमों का उल्लंघन करने पर व्याप्त दंडों के विधान की जानकारी दे रहे हैं। जवानों ने कहा कि जीवन अनमोल है। किसी भी स्थिति में अवैधानिक रूप से रेल लाईन को पार न करें।

### डीसी के एक्शन की जिले में चर्चा, सभी हुये कायल

## आमलोगों को मिली राहत, अधिकारियों में तेजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने अपनी विशिष्ट कार्यशैली से जिले में अलग पहचान बनायी है। किसी मामले में उनके त्वरित एक्शन से जहां आमलोगों को काफी राहत मिली है। वहीं विभागों में भी तेजी देखी जा रही है। नीति आयोग के आकांक्षी जिले में शुमार पलामू में कदम रखते ही आईएएस शशि रंजन एक्शन मोड में रहे हैं। कभी सुदूरवर्ती इलाके में पहुंचकर बच्चों को पढ़ाने लगते हैं। तो कभी ग्रामीणों की समस्या का ऑन द स्पॉट निपटारा कर रहे देखे जाते हैं। इससे पहले खूंटी में पदस्थापना के दौरान भी वे सुर्खियों में रहे थे। 2014 बैच के आईएएस शशि रंजन मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। वे आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग किए हुए हैं। आम लोगों के लिये दरियादिली दिखाने वाले श्री रंजन लापरवाही पर अधीनस्थों के साथ भी सख्ती से पेश आते हैं। कुछ सप्ताह पहले अचानक समाहरणालय परिसर में औचक निरीक्षण के दौरान गायब अधिकारी व कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगते हुए उनकी वेतन निकासी पर रोक लगा दी थी। यहां तक कि जिस कार्यालय में कर्मचारी नजर नहीं आये उस कार्यालय में उन्होंने ताला जड़ दिया। कार्रवाई का ही असर है कि अधिकारी-कर्मचारी अब समय से कार्यालय पहुंचने लगे हैं।

### एमबीबीएस छात्रों को अब नहीं दिये जायेंगे पांच अंक

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को उत्तीर्ण होने के लिये पांच अंक नहीं दिये जायेंगे। कालेज प्रशासन द्वारा दी गयी यह सुविधा अब समाप्त कर दी गयी है। विदित हो कि विश्वविद्यालय परीक्षा के किसी एक विषय में यदि कोई छात्र पांच अंक से अंतर से अनुत्तीर्ण होता था तो उसे पांच अंक देकर उत्तीर्ण कर दिया जाता था। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत एक अगस्त 2023 से छात्र-छात्राओं को मिल रही इस सुविधा पर रोक लगा दी गयी है। इसकी जगह अब छात्र-छात्राओं को सप्लीमेंट्री की परीक्षा देनी होगी। एमएमसीएच के प्राचार्ज डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है।

**छात्र-छात्राओं में मायूसी :** इस सुविधा की वापसी से छात्र-छात्राओं में मायूसी देखी जा रही है। उनका कहना है कि एक तो सत्र विलंबित चल रहा है। अभी तक 2022 बैच के मेडिकल छात्र-छात्राओं की परीक्षा नहीं हो पाई है। जबकि नियमानुसार उनकी परीक्षा वर्ष 2023 के जून-जुलाई माह में ही समाप्त हो जानी चाहिए थी। यदि 2022 बैच की परीक्षा निर्धारित समय पर संपन्न होती तो उन्हें उक्त सुविधा का लाभ मिल जाता।

### कैंब्रिज स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के रेड़मा तथा दुबियाखाड़ शाखाओं में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. संजीव श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज के एडमिन डा. सुमित अग्रवाल, डिवाइन एकेडमी के निदेशक डॉ. एसपी दुबे, आकाश इंस्टीट्यूट के निदेशक नागेंद्र शर्मा एवं आशा मैम, ओरिएंट पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रमाकांत मेहता, निदेशक सुधीर मेहता, मेदिनीनगर दक्षिणी जिला परिषद सदस्य बासो देवी,चेरो जनजातीय महासंघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, परशुराम सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, जिला अध्यक्ष विकास दुबे, डॉ. संजय वर्मा, विद्यालय निदेशक सियाचरण सिंह आदि ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया। सभी अतिथियों को निदेशक एससी सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य ई. नंदकिशोर भारती ने पुष्प गुच्छ,शाल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत बच्चों ने आदिवासी नृत्य,नागपुरी नृत्य, बंगाली नृत्य, देशभक्ति गाने और नाटकों का सजीव मंचन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शिखा दुबे एवं अर्चना दुबे ने संयुक्त रूप से किया। संयोजन शिक्षिका पूनम पांडे, तान्या वर्मा, काजल कुमारी एवं सब्या सिंह ने किया। मौके पर शिक्षिका रीता सिंहा,प्रिया रंजनी,निभा कुमारी,स्वर्णा तिवारी, स्नेह सुरभि,सृष्टि कुमारी,अनु दुबे, अर्चना तिवारी,सुनीता पांडे, प्रशांत आईंद, वेद प्रकाश दुबे, पूजा गुप्ता, सतीश कुमार, रोहित मिश्रा उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, लगा बधाईयों का तांता

## दूसरी बार भाजपा के जिला अध्यक्ष बने अमित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के जिला अध्यक्षों की नई सूची जारी की है। इसमें विजयानन्द पाठक की जगह पूर्व में जिलाध्यक्ष रह चुके अमित तिवारी को एक बार फिर से पार्टी का पलामू जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री तिवारी को जिला अध्यक्ष बनने पर बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी हैं। जिला अध्यक्ष बनने के बाद श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है। उस पर वे खरा उतरकर दिखाएंगे। उन्हें बधाई देनेवालों में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक शशि भूषण मेहता, विधायक पुष्पा देवी, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा, दिवाकर नारायण पांडे, विजय ओझा, ज्योति पांडे, जितेंद्र तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, श्याम बाबू, सोमेश सिंह,अविनाश मंजू गुप्ता, अनिमेष सिंह, राहुल राज, अभिमन्यु तिवारी आदि शामिल हैं। गौरतलब हो कि पलामू के पांकी प्रखंड क्षेत्र के जामुनडीह गांव निवासी अमित तिवारी ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में 1997 में अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी।

## सरकार की नीतियों से लगातार महंगी हो रही शिक्षा : राष्ट्रीय अध्यक्ष आइसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) द्वारा महात्मा गांधी की शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके विचार और वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई । इस मौके पर मोदी सरकार के 10 साल,यंग इंडिया के 10 सवाल , जुमला नहीं जबाब दो,10 साल का हिसाब दो के नारों के साथ आइसा ने पांकी के मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय के मैदान में यंग इंडिया जुटान किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आइसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलाशीष बोस ने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से लगातार शिक्षा महंगी होती जा रही है है। सीयूटी और चार साल के स्नातक कोर्स से देश भर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में गिरावट आई है। गरीब छात्र शिक्षा से दूर हो रहे हैं।

### नमन

### पुण्यतिथि पर राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने बापू को दी श्रद्धांजलि

# देश की आत्मा में हैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी




कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्थानीय टाउन हॉल में कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष फूलमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि राष्ट्रपिता देश की आत्मा में हैं। आज का दिन देश के लिए समर्पण का दिन है। मौके पर श्याम नारायण सिंह, शमीम अहमद रायन, सुरेश पाठक, राजेंद्र अग्रवाल, नसीम खान, सोनू खान, रिजवान खान, जितेंद्र कमलापुरी, सत्येंद्र सिंह, अशोक पासवान आदि उपस्थित थे

**साधन व साध्य दोनों की शुद्धता पर बल देते थे बापू : मेदिनीनगर।** स्थानीय कचहरी परिसर में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि स्टेट चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने कहा कि गांधीजी 'सर्वधर्म समभाव' की भावना से प्रेरित थे। यह आधुनिक युग में वैश्विक सद्भावना का वातावरण बनाए रखने और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के विचार को साकार करने के लिये बेहद जरूरी है। वे साधन व साध्य दोनों की शुद्धता पर बल देते थे। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि हम सभी भारतीयों के रग-रग में गांधी विचारधारा समाहित है। जेएमएम नेता वरिष्ठ समाजसेवी सुनील तिवारी ने कहा कि गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी को कटिबद्ध होना होगा।

### कुरका ने जीता कप, सुआ ने दिल

**मेदिनीनगर।** इंडियन क्लब द्वारा बसरिया कला में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में सुआ को परास्त कर कुरका ने खिताब पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से शारीरिक व मानसिक ऊर्जा मिलती है। टूर्नामेंट के प्रारंभ से ही शानदार प्रदर्शन करते हुये सुआ की टीम ने अंतिम दो का सफर तय किया था। हालांकि खिताबी मुकाबले में सुआ की हार से उसके प्रशंसक मायूस देखे गये। मुखिया नीतीश सिंह ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि महात्मा गांधी अहिंसक क्रांति के पुजारी थे। इस अवसर पर संजीत कुमार, सनी पासवान, उपेंद्र तिवारी, विनय राम, सत्यम कुमार, धर्मदेव, यशवंत कुमार, संजय चौरसिया, संजय मिस्त्री, राजू राम, उमेश पासवान आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कृष्णा राम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान नन्द किशोर पाठक को जिला चेयरमैन बनाया गया। मौके पर धनंजय सिंह, श्याम बिहारी दुबे, अर्जुन सिंह, गणेश रवि, सत्येंद्र सिंह, रंजन प्रसाद, रविन्द्र चौबे, अवधेश सिंह, विद्या सिंह चेरो, झूबल राम मौजूद थे।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### झामुमो युवा मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष ने किया कंबल का वितरण

**बारियातु।** झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष रवि यादव ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम के जिरुहुला टोला में वृद्ध, असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल पाने वाले चान्दो मसोमात, फुनगी मसोमात, पुरानी मसोमात, कैला गंझु, जगदिश गंझु आदि आभार प्रकट किया। मौके पर अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु, सचिव रामा गंझु आदि मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर व प्रभारी सुनीता को मिली बधाई

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी कमेटी का विस्तार करते हुए नव नियुक्त जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी के नाम की घोषणा की है, जिसमें लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव को पूनः जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली है। वहीं लोहरदगा जिला प्रभारी सुनीता सिंह के नाम की घोषणा हुई है। दोनों पदाधिकारी को भाजपा में बधाई व शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वाले में राज्यसभा सांसद समीर उरांव, क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व मंत्री व विधायक सधनू भगत, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह पूर्व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, अजातशत्रु, विश्वजीत शाहदेव, अजय कुमार पंकज, सामेला भगत, नवीन कुमार टींकू, नीरज नलिन, सूरजमोहन साहू हर्षनाथ महतो, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, बजरंग उरांव आदि शामिल हैं।

### अभाविप ने मुख्यमंत्री हेमंत का पुतला फूंका

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने मंगलवार को झारखंड जेएसएससी सीजीएल 3 के पेपर लीक मामले को लेकर शहर के लोहरदगा बरवा टोली चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। विभाग संयोजक अंकित कुमार ने बताया कि हेमंत सरकार झारखंड के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू ने कहा झारखंड सरकार से मांग करती है की परीक्षा को रद्द करके पुनः फिर से परीक्षा आयोजित करवाई जाए। वही लोहरदगा नगर उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो ने पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कर जो भी दोषी है उन सभी शिक्षा माफियाओं पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू, विभाग सियोजक अंकित कुमार, नगर उपाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार महतो,आकाश महतो, आदि लोग उपस्थित रहे।

### स्नेह मिलन समारोह

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के मैट्रिक परीक्षार्थी भैया बहनों का स्नेह मिलन समारोह नवम कक्षा के भैया बहनों द्वारा आयोजित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, शिक्षाविद् कृष्णा प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, कुणाल, बादल, रिया, नुसरतं, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

# 'जिले से प्राप्त प्राथमिकता सूची में 80 फीसदी अयोग्य'

## अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में गड़बड़ी के विरोध में मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड के सभागार में मंगलवार को अबुआ आवास के प्राथमिकता सूची के साथ छेड़छाड़ के विरोध में प्रखंड के सभी मुखिया संघ ने बैठक की। बैठक के बाद मुखिया संघ के लोगों ने उपायुक्त के नाम बीडीओ जागो महतो को ज्ञापन सौंपा। बैठक की अध्यक्षता मेराल पूर्वी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष रामसागर महतो ने की। मुखिया संघ अध्यक्ष रामसागर महतो ने बताया कि सभी पंचायतों में जिले से मिली अबुआ आवास की सूची ग्राम सभा द्वारा तैयार की गई प्राथमिकता सूची के अनुसार नहीं है। सूची में अयोग्य लाभुकों की संख्या बहुत अधिक है। सूची में वैसे लाभुकों जिनको पूर्व में पीएम आवास का लाभ तथा पक्का आवास मिला है एवं आर्थिक रूप से संपन्न है उनका नाम सूची में जिला द्वारा भेजा गया है, जबकि जिला द्वारा भेजी गई प्राथमिकता सूची में विधवा, आवास विहीन दिव्यांग, असहाय आदि लोगों का नाम गायब है। गेरुआ पंचायत के मुखिया अनिल चौधरी ने कहा कि जिले से जो प्राथमिकता सूची जारी की गई है उसमें 80 प्रतिशत अयोग्य



लाभुकों का नाम दर्ज है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में जनसंख्या एवं आर्थिक स्थिति के अनुसार जिले से लक्ष्य भी कम मिला है। उन्होंने बीडीओ को दिए आवेदन के माध्यम से मांग की है कि ग्राम सभा द्वारा प्राथमिकता सूची के आधार पर आवास का लाभ योग लाभुकों को दिया जाए। यदि ग्राम सभा की प्राथमिकता सूची के अनुसार योग लाभुकों को लाभ नहीं दिया जाता है तो भविष्य में हम सभी जनप्रतिनिधि पंचायत में किसी तरह की ग्राम सभा का विरोध करेंगे। मौके पर उप प्रमुख निजाम खान, मुखिया प्रतिमा देवी, रामप्रताप साव, फूलमंती देवी, सुरेश पासवान, अजीज अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, जगजीवन राम, शंभू राम, दिलजान अंसारी, राजेंद्र चौधरी, धर्मराज राम, रविंदर गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

# अबुआ आवास का भौतिक सत्यापन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड की सभी सात पंचायतों में अबुआ आवास के लाभुकों का भौतिक सत्यापन प्रखंड कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। प्रखंड समन्वयक अनुप कुमार ने बताया कि 31 जनवरी तक सभी पंचायतों में प्रखंड कर्मियों द्वारा आवास लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसमें लाभुक योग्य है या अयोग्य इस पर भी ध्यान रखना है ताकि गरीब लोगों को ही उक्त योजना का लाभ दिया जा सके। जिले से फेज वन के तहत केतार प्रखंड को 374 अबुआ आवास आवंटन का लक्ष्य मिला है। इसमें केतार पंचायत में 55, बलिगढ़. में 54, लोहरगाड़ा में 46,



मुकुन्दपुर 46, पाचाडुमर में 60, परसोंडीह में 52 और परती कूशवानी पंचायत में 61 लाभुकों को फेज 1 में अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करना है। केतार में रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, पंचायत सचिव अशोक कुमार, बलीगढ़ में समन्वयक राकेश कुमार और पंचायत सचिव आदित्य ने भौतिक सत्यापन किया।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने जताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने मंगलवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उनकी पार्टी जदयू को एनडीए गठबंधन में शामिल करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए नीतीश कुमार व उनकी सरकार को बधाई दी। मौके पर मथुरा पासवान, सलीम अंसारी, सोबराती खां, दिनेश शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, जाहुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

# 'गांधी के सत्य, अहिंसा व प्रेम के संदेश ने बहुत से लोगों को किया प्रेरित'



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में शनिवार को भवनाथपुर तुलसीदामर खदान समूह के सेल के प्रशासनिक भवन पर शहादत दिवस मनाया गया। भवनाथपुर तुलसीदामर खदान समुह के सेल के एडीएम ऑफिस में उपस्थित सेल के सभी अधिकारी, कर्मचारी, ठेका श्रमिक और सीआईएसएफ के जवानों ने दो मिनट का मौन रखा तथा महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शहीद दिवस हमें महात्मा गांधी के विचारों की याद दिलाता हैं। महात्मा गांधी के विचार आज भी राष्ट्रीय एकता को दर्शाते हैं। महात्मा गांधी के जीवन की कहानी और सत्य, अहिंसा और प्रेम के संदेश ने बहुत से लोगों को प्रेरित किया, उनके मूल्यों को आज के समय और भविष्य में भी याद किया जाएगा। इस अवसर पर सेल महाप्रबंधक मनोज कुमार, माइंस अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय कुमार राम, के.ओ.सु.ब के सहायक समादेष्टा मधुसूदन माहेश्वरी, उप-प्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन) बुलु दिगल आदि उपस्थित थे।

# राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों का हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेता के टोला छूहिया स्थित डीलर अधरू सिंह के पीडीएस दुकान पर मंगलवार को सीदे व पाल्हे गांव के काफी संख्या में लाभुकों ने जमकर हंगामा किया। लाभुकों ने कहा कि अंगूठा लगाकर दिसंबर माह का राशन हम लोगों को नहीं दिया गया है। हम लोग इस महीने में दिसंबर महीने की राशन की मांग कर रहे हैं तो डीलर के द्वारा कहा जा रहा है कि पहले अंगूठा लगाइए इसके बाद इस महीना का राशन लेकर जाइए। वहीं दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि डीलर अधरू सिंह के द्वारा हम



लोगों को दिसंबर माह का राशन के लिए अंगूठा तो जरूर लगवाया गया है तथा कार्ड भी मेंशन कई लोगों को किया गया लेकिन राशन का वितरण नहीं किया गया है। वहीं ग्रामीणों ने चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के नाम आवेदन तैयार कर दिसंबर माह का राशन दिलवाने की बात कही। इसी बाबत डीलर अधरू सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा दिसंबर माह का राशन लाभुकों के बीच वितरण किया गया है। कुछ लोग जो अंगूठा लगाने के बाद भी नहीं आए उनका राशन नहीं मिल सका उसका राशन भी हमारे द्वारा दिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप निराधार है। मौके पर राशन कार्ड धारी, विजय कोरवा, वीरेंद्र सिंह, अनीता देवी, राधिका देवी, शांति देवी, कोईली कुवर, लाल पम्मी देवी, शकुंतला देवी, फूल बंसी देवी, चंपा देवी, राज मुनि देवी, उमेश गुप्ता, संतोष शाह, उपेंद्र सिंह आदि लाभुक मौजूद थे। मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने कहा कि मामले का आवेदन अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही जांच की जाएगी। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## वरिष्ठ पत्रकार की पत्नी का निधन

**भवनाथपुर।** वरिष्ठ पत्रकार सीता राम पाठक की धर्म पत्नी 65 वर्षीय मानमती देवी का मंगलवार की अहले सुबह निधन हो गया। वो पिछले चौदह माह से इलाजरत थी। उनके निधन से प्रखंड में शोक का माहौल है। प्रखंड के पत्रकारों ने जेजेए जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौबे की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में पत्रकार दयाशंकर पाठक, सुनील कुमार, विमलेश कुमार, अरविंद गुप्ता, सदीप कुमार, रवि रंजन यादव, ओस्ताज राजा, शिव कुमार साह, अयोध्या साह, रामशंकर मेहता शामिल होकर दो मिनट का मौन रख कर पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## पदाधिकारियों व कर्मियों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**गढ़वा।** समाहरणालय गढ़वा के सभागार में सोमवार को शहीद दिवस पर अपर समाहर्ता पंकज सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर बलिदानों को याद कर शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर, हम समर्पित भावना के साथ उन वीर जवानों को याद करते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा में अदम्य साहस और बलिदान दिया। उनकी शौर्य गाथाएं हमें देश की महानता का आदान-प्रदान याद दिलाती हैं।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर 12 को पदयात्रा कर धरना देगी कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

कांग्रेस पार्टी तुलसी दामर डोलोमाइट खदान के मजदूरों के फाइनल सेटलमेंट में हुई अनियमितता को दूर कराने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर आगामी 12 फरवरी को गोसाईबाग मैदान से अनुमंडल कार्यालय तक पदयात्रा तथा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित करेगी। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि व जिला महासचिव सुशील कुमार चौबे ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि तुलसी दामर खदान में पूर्व के कार्यरत मजदूरों के फाइनल सेटलमेंट से सबंधित मामले के निस्तारण में सेल प्रबंधन गैर जिम्मेदाराना व असहयोगात्मक रवैया, वित्तीय व महत्वपूर्ण कागजातों को जान बुझकर जांच हेतु उपलब्ध नहीं करा रही है। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि डोलोमाइट खदान का खनन पट्टा का विस्तार देकर बंद पड़े तुलसी दामर डोलोमाइट खदान को पुनः चालू कराने, डोलोमाइट खदान तुलसी दामर में कार्यरत सभी प्रकार के मजदूरों को वर्ष 1990 से लेंथ ऑफ सर्विस के अनुसार जोड़कर लाभ देने, तुलसी दामर खदान के मजदूरों का त्रुटिपूर्ण किये गये फाइनल सेटलमेंट की प्रति उपलब्ध कराने, भवनाथपुर खदान समूह का चूना पत्थर खदान भवनाथपुर को पुनः चालू कराकर परियोजना प्रभावित परिवार को रोजगार उपलब्ध कराने तथा चुना पत्थर खदान भवनाथपुर को चालू नहीं करने की स्थिति में खाली पड़ी भूमि को रैयतों व विस्थापितों को वापस कराने की मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि गोसाईबाग से पदयात्रा के बाद अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना के पश्चात मांगपत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। प्रेसवार्ता में वरीय उपाध्यक्ष शैलेश चौबे, बबन पासवान व जिला महामंत्री ओमप्रकाश चौबे उपस्थित थे।

# नारायण वन पर्यटन स्थल घोषित मंदिर समिति ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव के सूर्य नारायण वन मंदिर को पर्यटनकला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने पर मंगलवार को मंदिर विकास समिति ने झारखंड सरकार, मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। मंदिर विकास समिति के



अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा की पर्यटन विभाग के सहयोग से मंदिर और मंदिर परिसर का विकास कर और आगे बढ़ाया जायेगा। उल्लेखनीय है की नारायण वन सूर्य मंदिर पर छठ पर्व के अवसर पर पांच राज्यो के करीब 50 हजार छठ व्रती छठ करने आते हैं। इस मौके पर रामेश्वर प्रसाद सिंह, बब्लू सिंह, पंकज सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुरज कुमार, रमेश बियार, महेशी बियार, दिल किशोर प्रसाद, चन्दन प्रसाद आदि मौजूद थे।

## मगध सीसीएल व एनटीपीसी के अधिकारियों संग आरा के ग्रामीणों की हुई बैठक

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत संचालित एशिया के बड़े कोलवरियों में से एक मगध माइंस के पीओ कार्यालय सभागार में मगध पीओ एस सतनारायना के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मगध पीओ एवं टंडवा एनटीपीसी के अधिकारी के अलावे आरा ग्राम के दर्जनों भू रैयत उपस्थित हुए। बैठक में भू रयतों के नौकरी मुआवजा क्षेत्र के विकास रोजगार व कॉरिडोर निर्माण आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। मौके पर नौकरी मुआवजा के फाइल संबंधित करंट स्टेटस की पीओ द्वारा रैयतों को जानकारी दी गई। भूमि संबंधित जो भी दिक्कत हो वह अंचल कार्यालय से संपर्क कर समाधान किया जाएगा। मौके पर मगध पीओ एस सतनारायण के अलावे एनटीपीसी के वरिष्ठ महा प्रबंधक अभिषेक आनंद, उप महाप्रबंधक आनंद स्वामी एवं आरा ग्राम के भू रैयत पदुम यादव, मंगल गंझु, संभू प्रसाद, विनोद गंझु, खेमलाल गंझु, राजेश राम, विनोद प्रसाद, रामसेवक प्रसाद, भोला राम बिंदुल यादव, चरकू साव, संतोष साव,पवन कुमार सहित कई भू रैयत मौजूद रहे।

# वर्ग दशम के छात्र-छात्राओं ने साझा किये अपने अनुभव



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

राजकीय कृत उच्च विद्यालय चितविश्राम में वर्ग दशम के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया सानिधा सोनी, प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने किया। दसवीं के कई छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूली सफर का अनुभव अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा किया। छात्राओं के बीच कॉपी एवं कलाम का वितरण किया गया। विदाई गीत प्रस्तुत करने वालों में रीति पांडेय, स्मिता, साक्षी सिंह, हलीमा खातून, मनीषा कुमारी शामिल हैं। मौके पर विद्यालय अध्यक्ष सारिका शर्मा, शिक्षक तनवीर आलम, द्वारिका पांडेय, अमित कुमार गुप्ता, रितेश कुमार, किशोर कुणाल, उमेश गुप्ता, नरेंद्र श्रीवास्तव, रंजीता, विद्या दुबे, श्वेता आदि मौजूद थे।

## जन संवाद से बढ़ती है जागरूकता : मुखिया

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंर्तगत ग्राम देवनदिया में माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा की अध्यक्षता में धनबाद रेल मंडल के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट टोरी के द्वारा जन संवाद के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने कहा कि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा हर नागरिक का कर्तव्य है। माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने कहा कि इस प्रकार के जन संवाद कार्यक्रम से ग्रामीणों के बीच जागरूकता बढ़ती है। मौके पर आरपीएफ के राय कुमार, शशि कुमार, शिवारती लोहरा, गंगाधर तुरी, एतवा तुरी, मालती देवी, रेणु देवी, रेशमी देवी, मानो देवी, गनु मुंडा, गोबिंद मुंडा आदि मौजूद थे।

**पहल** महात्मा गांधी की पुणतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा शुरू

# छूने से नहीं फैलता कुष्ठ, एमडीटी से संभव है इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार से जागरूकता पखवाड़ा शुरू हुआ। सदर अस्पताल में कार्यक्रम की शुरुआत सिविल सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. कौशल सहगल ने गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जागरूकता पखवाड़ा 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। मौके पर सिविल सर्जन ने कर्मचारियों को कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने एवं कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करने की शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया।

मौके पर सिविल सर्जन ने कुष्ठ उन्मूलन के क्षेत्र में काम कर रहे समाजसेवी एवं सहिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें स्वास्थ्य विभाग के रणविजय प्रताप सिंह,




कमलेश्वर प्रसाद, पानपति देवी, सुमित्रा देवी एवं सरिता देवी शामिल हैं। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी ने कहा कि कलंक को समाप्त कर गरिमा को अपनाना इस कार्यक्रम का थीम है। इस अभियान के दौरान ग्राम सभा का आयोजन कर लोगों को उपायुक्त का संदेश सुनाना है तथा कुष्ठ रोग के सभी संभावित लक्षण, इलाज एवं कुष्ठ विभाग गढ़वा द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देना है। जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. भारत भूषण ने कहा कि कुष्ठ छूने से नहीं फैलता है। एमडीटी दवा से कुष्ठ का इलाज संभव है। यदि किसी को भी कुष्ठ के संभावित लक्षण दिखे तो तुरंत अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल गढ़वा से संपर्क करें। कुष्ठ का निशुल्क इलाज उपलब्ध है। सदर अस्पताल के के फिजियोथेरेपिस्ट अभिषेक सिंह ने सभी कुष्ठ के संभावित लक्षणों की जानकारी देते हुए कहा कि शरीर पर हल्के रंग के दाग जिसमें पूरी तरह से सूनापन हो तो यह कुष्ठ का लक्षण है। इसके अलावा कान एवं चेहरे पर गांठ, आंखों की भौं का झड़ जाना, पलक का न झपकना, नाक का धंस जाना, आंखों में लालीपन और पानी आना, हाथ एवं पैरों में सूनापन तथा ठंडा गरम का एहसास नहीं होना, हाथ की पकड़ कमजोर हो जाना, पैरों में चप्पल का नहीं टिक पाना, हाथ की उंगलियों का टेढ़ा हो जाना, कलाई का ऊपर नहीं उठ पाना तथा पैर के पंजों को उपर नहीं उठा पाना आदि भी कुष्ठ रोग के लक्षण हैं।

## गुलाब का फूल देकर वाहन चालकों को किया गया जागरूक

**लातेहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह के सोलवें दिन लातेहार थाना क्षेत्र में यातायात के नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए गांधीगीरी की तर्ज पर दुपहिया वाहन चालकों में बगैर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले लोगों को फुल की माला पहना कर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया। वैसे वाहन चालक जो हेलमेट पहने हुए थे और सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चला रहे थे उन्हें गुलाब का फुल देकर जागरुक किया गया। मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, सड़क सुरक्षा टीम आदि मौजूद थे।

# नियमों को तक पर रखकर हो रही भूमि की खरीद बिक्री

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड में नियमों को तक पर रखकर सरकार की ओर से रोक लगाई जमीन की खरीद बिक्री की जा रही है। भूमि निबंधन को ताख पर रख कर चालाक व्यक्तियों द्वारा नोटरी पब्लिक में भू स्वामियों से शपथ करा उसे हड़पने की कोशिश की जा रही है। जो झारखंड सरकार के नियम के विरुद्ध है। गांव के भोले भाले लोगों को प्रलोभन देकर ऐसा किया जा रहा है। इस तरह का ताजा मामला डंडई गांव में मंगलवार की अहले सुबह देखा गया। गांव निवासी देवेंद्र प्रसाद की 75 डिसमिल भूमि, जो खाता 10 प्लॉट 171/53 में पड़ता है, को डंडई अस्पताल के चिकित्सा कुमुद रंजन द्वारा कब्जा किया गया। बताया जाता है कि भू स्वामी को मात्र 25000 रुपये की राशि देकर 4 वर्ष पूर्व उनके द्वारा उक्त भूखंड को नोटरी पब्लिक में शपथ पत्र के माध्यम एकरार नामा कराने का काम किया गया था। उसी के आलोक में चिकित्सक कुमुद रंजन द्वारा दबंगई के बल पर भूस्वामी को बिना जानकारी दिए सोमवार रात्रि भूखंड पर टेंट और चौकी लगाकर आशियाना का रूप दिया जा रहा था। इससे पहले उनके द्वारा गांव के निजी अमीन मूंगा लाल भारती से उक्त भूमि की मापी भी करा ली गई थी। इसकी भनक लगते ही भू स्वामी के परिजन मौके पर पहुंच अमीन को भूमि की मामी करने से मना कर दिया था। तत्पश्चात डॉक्टर कुमुद रंजन द्वारा मापी करने से रोकने पर परिवार वालों को तरह-तरह की धमकियां भी दी गई थीं। भूस्वामी के परिजनों ने अंचलाधिकारी व मुखिया के पास लिखित शिकायत की थी।

## एक नजर

### नए भाजपा जिलाध्यक्ष ने बागेश्वरी मंदिर बलबल में की पूजा

**गिद्धौर।** प्रखंड के द्वारी पंचायत स्थित तिलैया गांव निवासी रामदेव सिंह भोक्ता को भाजपा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मंगलवार को प्रखंड के गर्म जल कुंड बलबल स्थित मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा की। मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार राणा, युवा मीडिया प्रभारी नीतीश कुमार, व्यवसायी आशीष कुमार साव आदि ने उन्हें बाधाई दी है।

### गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि मनाई। मौके पर कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज, साल्वे मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजिव भगत, एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप राम, मो हदीस, मो रशीद, मुन्ना उरांव, लाल आशिस नाथ शहादेव, जगदीश उरांव, मो जफरूद्दीन, मुकेश राम, निरंजन यादव, मो तबारक आदि उपस्थित थे।

### जागरूकता कार्यक्रम

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय में मंगलवार को बाल संरक्षण को लेकर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर प्रमुख, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरूण प्रसाद, मुखिया बेबी देवी, डेगन गंझु, उप मुखिया मंजू देवी, पूर्व वार्ड सदस्य सुरेश प्रसाद राणा, वार्ड सदस्य, इंद्रदेव दांगी मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साव उपस्थित थे।

### शहीद दिवस मनाया

**गिद्धौर।** थाना परिसर के साथ प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को शहीद दिवस पर मौन सभा का आयोजन किया गया। मौके पर थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा, रंजन सिंह, अशोक पांडेय शामिल थे।

### भावपूर्ण विदाई दी गई

**पत्थलगड़ा।** प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बाजोबार में मंगलवार को समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक केदार नाथ दांगी को भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य रामसेवक दांगी, पूर्व मुखिया मेघन दांगी, पूर्व पंसस राजेश दांगी, समाजसेवी रामचन्द्र दांगी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद, शिक्षक जितेंद्र प्रसाद आदि ने दांगी को बुके व शॉल भेंट किया। ज्ञात हो कि दांगी बीते 31 जुलाई को ही सेवानिवृत हो चुके थे। समारोह में उप मुखिया पार्वती देवी, पंसस बसंती देवी, शिक्षक पारस पासवान, संजीव कुमार सिंह, सोमनाथ महतो, रामचन्द्र ठाकुर, मनोज प्रसाद, मदन प्रसाद ठाकुर, नरेश प्रसाद, महावीर प्रसाद, रघुवीर दांगी आदि शामिल थे।

### जनता दरबार लगा

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार को जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उपायुक्त ने आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा दिया। सिमरिया प्रखंड के बानासाड़ी पंचायत के ग्रामीण ने बताया कि ग्राम कुट्टी में लगभग 80 प्रतिशत आदिवासी परिवार रहते हैं, पर आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है। एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की गई थी पर वह भी राजकीय प्राथमिकी विद्यालय सिमरिया में मर्ज हो गया है।

# हाथियों के झुंड ने आंगनबाड़ी सहित पांच घरों को किया ध्वस्त, दहशत में ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुरपा पंचायत के बड़का बलबल एवं छोटका बलबल ग्राम में लगभग 15 जंगली हाथियों ने तबाही मचाते हुए आंगनबाड़ी समेत पांच घरों को ध्वस्त करते हुए घर में रखे सारे सामान, बर्तन, अनाज, पलंग बक्सा, महुआ, चावल इत्यादि को चट कर सामान को तोड़ फोड़ दिया। इससे पीड़ित को लाखों का नुकसान हो गया है। पीड़ित परिवार ने वन विभाग से नुकसान का मुवावजा देने की मांग की है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुहवाहा घटना स्थल पर पहुंच नुकसान का जायजा लेकर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। लक्ष्मण कुशवाहा ने वन विभाग एवं सरकार से मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द पक्का मकान एवम खाद्य पदार्थ जल्द मुहैया कराया जाए ताकि गरीब परिवार अपना गुजारा कर सके। लक्ष्मण कुशवाहा ने वन विभाग को इस नुकसान की भरपाई जल्द करने को कहा। पीड़ित परिवार में संजय मुंडा, संजय ओरांव, बीफा ओरांव, मुन्ना ओरांव आदि शामिल हैं। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, हेमराज भगत, अजय भगत, राजेंद्र भगत, बुधराम भगत, मुन्ना भगत, दसरथ ठाकुर, बैच भगत आदि मौजूद रहे।



## जल मीनार के लिए रखे जाएं 5000 लीटर क्षमता की टंकी, तीन टंकी को अज्ञात लोगों ने जलाकर किया नष्ट

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के चंद्री गांव के बगीचा में रखे 5000 क्षमता के तीन बड़ी पानी टंकी को अज्ञात लोगों ने जलाकर नष्ट कर दिया है। घटना को लेकर योगेश कुमार भारतीय ने प्रतापपुर थाने में लिखित आवेदन बताया है कि स्वच्छता विभाग के तहत जल मिशन योजना अंतर्गत लगाए जाने वाले जल मीनार के लिए रखे गए 5000 लीटर वाले पानी के तीन टंकी को अज्ञात असामाजिक लोगों ने जलाकर नष्ट कर दिया है। यह टंकी लगाए जाने के उद्देश्य से चंद्री बगीचा में रखा गया था। साथ ही आवेदन के माध्यम से निवेदन किया है कि इस घटना की जांच पड़ताल व उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

# हाईवा ने बिजली के 7 खंभे किये क्षतिग्रस्त, आपूर्ति बंद

### ग्रामीणों ने 6 घंटे तक ट्रांसपोर्टिंग बाधित की, कोयला परिवहन के लिए अलग सड़क की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
थाना क्षेत्र स्थित सोमवार अहले सुबह तकरीबन एक बजे हेमपुर ग्राम स्थित कुशमाही रेलवे साइडिंग के लिए कोयला लेकर आ रहे एक हाईवा वाहन अभिजीत डीएवी स्कूल के समीप बिजली के लगे 7 खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस कारण मकईयाटाड़ और हेमपुर ग्राम की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिसके विरोध में सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतरकर कुशमाही रेलवे कोयला साइडिंग स्थित सड़क को जाम कर दिया। इससे कोयला परिवहन कार्य पूरी तरह ठप हो गया। ट्रांसपोटिंग ठप होने की सूचना पर ट्रांसपोटिंग कंपनी के कर्मी और स्थानीय ट्रांसपोटिंग से जुड़े लोगों ने ग्रामीणों से वार्ता की और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिए जाने पर 7 घंटे बाद परिवहन शुरू हुआ। मौके पर ग्रामीणों का कहना था कि सीडिंग जाने वाले मार्ग पर ग्रामीण के अलावे विद्यालय आने-जाने का रास्ता है। इस पर हाईवे के चलने से दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने इस मार्ग से कोयले की ढूलाई बंद कर अन्य मार्ग से परिवहन कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।



### कोयला ले जा रहा ट्रक डिवाइडर तोड़ पलटा




**बारियातु।** थाना क्षेत्र के बरछिया पुल का डिवाइडर तोड़ते हुए कोयला लदे 12 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक 12 चक्का ट्रक रांची-चतरा मुख्य मार्ग से कोयला लेकर चतरा की ओर जा रहा रहा था। उसी बीच ट्रक अनियंत्रित होकर बरछिया पुल का डिवाइडर तोड़ते हुए पलट गया। वाहन पुल में अटक कर रह गया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। बताया जाता है कि चालक घायल हुआ है जो खतरे से बाहर है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी की पहल पर पलटे हुए गाड़ी को उठवाकर थाना ले जाया गया।

## कुष्ठ, कुपोषण और भेदभाव से मुक्ति के लिए दिलाई गई शपथ

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत ग्राम चटुआग के परहैया टोला में जनजातीय गौरव दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य कर्मी, अंचल कर्मी, पीडीएस, पेयजल, समाज कल्याण विभाग समेत कई विभागों के लोग शामिल हुए। शिविर में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड और स्वेटर का वितरण किया। शिविर में कुष्ठ रोग, कुपोषण और भेदभाव से मुक्ति के लिए उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों का इलाज कर दवा भी दी गई। मौके पर आयुष्मान मित्र विकास रंजन, एमपीडब्ल्यू सीताराम कुमार, प्रिया कुमारी, सीएचओ ज्योति लकड़ा, एएनएम अनन्या कुमारी, बादशाह खान, सहिया मुनीता देवी आदि मौजूद रहे। वहीं अंचल उप निरीक्षक महेश सिंह ने जमीन संबंधी समस्या और उसके समाधान के लिए आवश्यक जानकारी दी। एमओ रामनाथ यादव, डीलर शाहिद खान ने जनवितरण प्रणाली से संबंधित जानकारी लोगों को दी। शिविर में वार्ड सदस्य सावन परहैया, दसवा परहैया, मीना देवी, रोहित कुमार, महरू परहैया, नेमा परहैया, रामकुमार परहैया, बिफैया प्रहैया, मुनिका देवी- विनोद परहैया, चिंता देवी, फूलदेव परहैया, सुरेंद्र परहैया, फूलदेव परहैया, लालदेव परहैया, रंगवा परहिया, फूलमनी देवी, बसंती देवी आदि मौजूद थे।



## Office of the Nagar Parishad, Chatra

### E-Procurement Notice

NIT No: UDD/CH/NPC/07/2023-24 (2nd Call), Date: 29.01.2024

| Sr.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 18 KLD at Chatra town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years. |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 3,09,35,010.00<br>Operation & Maintenance Cost: ₹ 2,13,71,314.00<br>Total: ₹ 5,23,06,324.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 5,23,100/- (Rupees Five Lakhs Twenty-Three Thousand One Hundred Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 03.02.2024 at 10:00 AM |
| 7 | Document downloading start Date | 03.02.2024 at 10:00 AM |
| 8 | Start date for seeking clarification | NA |
| 9 | End date for seeking clarification | NA |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 06.02.2024 at 03:00 PM, e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra. |
| 11 | Bid submission Start date | 07.02.2024 at 10:00 AM |
| 12 | Bid submission end date | 15.02.2024 at 05:00 PM |
| 13 | Bid opening date (online) | 17.02.2024 at 11:00 AM |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Administrator, Nagar Parishad Chatra |
| 16 | Helpline Number | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |

Note: Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on websitehttp://jharkhandtenders.gov.in)
Note:- According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.

Administrator,
Nagar Parishad Chatra

PR 317353 Urban Development(23-24).D

## झारखण्ड सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग नगर पंचायत हुसैनाबाद

पेज न0 1–2

### अति अल्पकालिन निविदा सूचना सं0-NPH/05/2023-24

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | | |
| 1 | 3 | UDHD/NPH/05/2023-24/01 | Construction of R.C.C. Drain from ITI College to House of Arun Singh | 892400.00 | 17900.00 | 5000.00 | 02 Month |
| शहरी परिवहन मद | | | | | | | |
| 2 | 12 | UDHD/NPH/05/2023-24/02 | Construction of P.C.C Road from House of Kanhai Vishwakarma to House of Gopal Barath | 569400.00 | 11400.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 3 | 2 | UDHD/NPH/05/2023-24/03 | Construction of PCC Road from Brahm Sthan House of Sanjay Master to House of Sanjay Paswan in ward no. 2 | 685700.00 | 13800.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 4 | 3 | UDHD/NPH/05/2023-24/04 | Construction of PCC Road from House of Arun Singh to House of Sanjay Sipahi | 427000.00 | 8600.00 | 1000.00 | 02 Month |
| 5 | 15 | UDHD/NPH/05/2023-24/05 | Construction of PCC Road from Boundary of Amruddin Ansari to Mohammadabad Main road | 485800.00 | 9800.00 | 1000.00 | 02 Month |
| 6 | 15 | UDHD/NPH/05/2023-24/06 | Construction of PCC Road from House of Md Basir to Mohammadabad Main Road | 357200.00 | 7200.00 | 1000.00 | 02 Month |

| | Part-B | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद। |
| 2 | परिमाणविपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | 07.02.2024 से 09.02.2024तक कार्यालय अवधि में (कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद) |
| 3 | परिमाणविपत्र की बिक्री का स्थान | नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय |
| 4 | निविदाप्राप्ति की तिथि एवंस्थान | 10.02.2024 अपराहन 2:30बजेतक हुसैनाबाद थाना परिसर में। |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवंस्थान | 10.02.2024 अपराहन 3 बजेसे हुसैनाबाद थाना परिसर में। |

नोट–निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पटट पर पढ़ा जा सकता है।.

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR317371 (District)23-24*D



# चतरा जिले में शहीदों के बलिदान को किया गया याद

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/पत्थलगड़ा**
जिला मुख्यालय के साथ सभी प्रखंड व थानों में मंगलवार को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कार नमन किया गया। शहीदों की स्मृति में समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अबु इमरान एवं जिले के पदाधिकारियों व कर्मियों ने शहीदों के बलिदान को याद कर दो मिनट का मौन रखा। वहीं जिले के अन्य सभी कार्यालयों एवं सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भी शहीदों के बलिदान को याद कर उन्हे नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय में शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों के आत्मशांति के लिए प्रखंड वकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी मोनी के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कर्मिरूों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद दिवस मनाया। साथ ही पत्थलगड़ा थाना परिसर में थाना प्रभारी सचिन कुमार दास नेतृत्व में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के स्मृति में शहीद दिवस मनाया। मौके पर एसआई अरविंद कुमार, कन्हैया यादव, विजय कुमार किंडो, प्रह्लाद पासवान, एएसआई रविंद कुमार सिंह आदि शामिल थे।




# मुखिया व पंचायत सेवक के विरुद्ध धरने पर बैठे ग्रामीण




**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
टंडवा प्रखंड क्षेत्र के पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत मुखिया सरिता कुमारी व पंचायत सेवक पुनित दास के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय के समीप मंगलवार को धरना देने के साथ विरोध में मोर्चा खोल दिया है। बताया गया कि पिछले दिनों 19 जनवरी को प्रमुख व बीडीओ को पत्र लिखकर अबुआ आवास के लाभुकों का गुपचुप किए गए चयन को निरस्त करने की मांग की गई थी। जिसपर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। वहीं उप मुखिया प्रेम कुमार, वार्ड सदस्य गोखुल नारायण दास, मो. मानुवर अंसारी, सोनी कुमारी, रिंकी देवी, बसन्ती देवी, राधिका देवी एवं नसरिन बेगम द्वारा बीडीओ को पुनः पत्र लिखकर उपरोक्त मांगों को दुहराते हुवे मुखिया व पंचायत सेवक पर अविलंब विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

# नेतरहाट विद्यालय में गांधी की प्रतिमा का लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। नेतरहाट (महुआडांड़)**
नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का लोकार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारिणी समिति के सभापति संतोष उरांव एवं प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान उपस्थित रहे। सभापति ने विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय की स्थापना के मूलभूत उद्देश्यों में महात्मा गाँधी के विचारों को ही प्राथमिकता दी गई थी। अतएव आज उनकी प्रतिमा को स्थापित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ पासवान ने बताया कि विद्यालय में राष्ट्रपिता के प्रतिमा को स्थापित करने से बच्चों को उनके विचारों को आत्मसात करने में सहायता मिलेगी।





## कार्यालय, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण(आत्मा), पलामू

### किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

प्रिय किसान भाई,

पलामू प्रमण्डल के तीनो जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 06 फरवरी 2024 को पुलिस स्टेडियम, मेदिनीनगर** के प्रांगण में **"प्रमण्डल स्तरीय किसान मेला –सह– प्रदर्शनी 2024"** का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप सभी किसान भाई अपने उत्कृष्ट कृषि उत्पादों के साथ मेले में सादर आमंत्रित हैं। इस मेले में उन्नत कृषि से संबंधित तकनीकी जानकारी कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा दी जायेगी एवं सर्व उत्कृष्ट कृषि उत्पाद लाने वाले कृषकों को पुरस्कृत/सम्मानित भी किया जायेगा।

**कृषि उत्पाद प्रादर्श विवरणी**

**खण्ड "क" सब्जी वर्गीय फसल उत्पाद**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फूलगोभी | (2 पौधा जड़ सहित) | 12 | हल्दी | (2 पौधा जड़ सहित) |
| 2 | बंधागोभी | (2 पौधा जड़ सहित) | 13 | आलू | (10 अद्द) |
| 3 | बैगन | (2 पौधा जड़ सहित) | 14 | प्याज | (2 पौधा जड़ सहित) |
| 4 | टमाटर | (2 पौधा जड़ सहित) | 15 | कद्दु | (2 लतर सहित) |
| 5 | गाजर | (5 पौधा जड़ सहित) | 16 | ब्रोकोली | (2 डंठल सहित) |
| 6 | मूली | (5 पौधा जड़ सहित) | 17 | फ्रेंचबीन | (2 डंठल सहित) |
| 7 | मिर्च | (2 पौधा जड़ सहित) | 18 | ओल | (2 डंठल सहित) |
| 8 | शिमला मिर्च | (2 पौधा डाली सहित) | 19 | गन्ना | (2 डंठल सहित) |
| 9 | मटर | (2 पौधा जड़ सहित) | 20 | मक्का | (2 पौधा सहित) |
| 10 | अदरख | (2 पौधा जड़ सहित) | 21 | बीट | (3 बंडल) |
| 11 | मशरूम | ( भेन्डा सहित) | 22 | अरहर | (2 पौधा) |

**खण्ड "ख" फल वर्गीय फसल उत्पाद**

1. अमरुद, 2. केला, 3. पपीता, 4. कागजी नींबू 5. स्ट्रॉबेरी सभी फल 5 की संख्या में

**खण्ड "ग" फूल वर्गीय फसल उत्पाद**

1. गेंदा, 2. गुलदाउदी, 3. जरबेरा, 4. डहेलिया, 5. गुलाब (प्रत्येक फूल गमले सहित)

**निबंधन का समय प्रातः 9:00 बजे से 11:30 बजे तक**

नोट :–
1. निर्धारित समय के पश्चात् प्रादर्श स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. विवरणी के अलावा अन्य प्रादर्श पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. पुरस्कार के संबंध में समिति के निर्णय को ही अंतिम फैसला माना जायेगा।

परियोजना निदेशक,
आत्मा, पलामू

PR 317321 District(23-24).D



**पहल** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आगाज, 13 फरवरी तक चलेगा कार्यक्रम

# जागरूकता से समाप्त होगा कुष्ठ : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के पुण्य तिथि के अवसर पर सदर अस्पताल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महत्मा गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धाजलि देते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि कुष्ठ उन्मूलन के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी तक कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को कुष्ट रोग के लक्षण एवं इलाज के बारे जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कार्यक्रम में कुष्ट रोग के लक्षणों के बारे जानकारी देते हुये कहा कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर में कुष्ट रोग के लक्षण हों तो वे उसे छुपाये नहीं बल्कि नजदीकी अस्पताल में जाकर जांच करवाएं। कुष्ठ लाइलाज बीमारी नहीं है, ससमय इसका इलाज कराया जाए तो यह पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता से कुष्ठ समाप्त होगा।

जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने कुष्ठ रोगी अभियान के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शरीर में दाग और उस दाग में सूनापन होना कुष्ठ रोग का लक्षण है। शरीर में ऐसे लक्षण होने पर अविलम्ब डॉक्टर से जाँच करवाएं। दवा खाने से कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है। मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोपनो, डॉक्टर राजेश आदि उपस्थित थे।



## एक नजर

### कॅरियर काउंसिलिंग सेमिनार सह विदाई समारोह का आयोजन

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के रन्हे स्थित चिल्ड्रन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 10 के छात्र छात्राओं लिए कैरियर काउंसलिंग सेमिनार सह विदाई समारोह का आयोजन मंगलवार को विद्यालय के संचालक सह संस्थापक विजय कुमार साहू द्वारा किया गया। इसका शुभारंभ नेतरहाट विद्यालय के उपप्राचार्य अंशुमन चटर्जी, सिल्वेस्टर मुर्गु कंप्यूटर साइंस के शिक्षक तारकेश्वर पासवान एवं नेतरहाट विद्यालय के गणित के शिक्षक ने किया। वहीं एजी चर्च हाई स्कूल बड़काडीह में वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन थाना प्रभारी अमित चौधरी ने किया। मौके पर निदेशक फ्रांसिस लकड़ा, महासागरी टोप्पो, बिरसाई आदि थे।

### कांग्रेस पार्टी ने मनाई गांधी की पुण्यतिथि

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, जिला महासचिव सलीम अंसारी बड़े, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुलाम जिलानी, संजर अंसारी, प्रत्युष पांडे, आसिफ अंसारी काशिफ कमर अरमान अंसारी मोसीब अंसारी रब्बानी अंसारी, तारीख अनवर मदन प्रसाद मनु कुमार चंदन कुमार मोहम्मद अमन आदि उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता सेनानियों को किया गया याद

**सेन्हा।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को शहीद दिवस का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने प्रखंडकर्मी व अंचलकर्मी तथा बाल विकास विभाग कर्मियों आदि ने दो मिनट का मौन रख बलिदानी वीरों को याद किया। मौके पर सीओ राकेश कुमार तिवारी, त्रिवेणी भगत, सत्यकाम श्रीवास्तव, महावीर, प्रमुनी देवी, अग्नि बेक, महेश कुजूर, नागमणी उरांव मौजूद थे।

### बीडीओ ने की बैठक

**भंडरा।** बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने विकास योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में मनरेगा बीपीओ अभिषेक किशोर, सहायक अभियंता तनुश्री, कनीय अभियंता रेहान अंसारी, रविशंकर भगत आदि उपस्थित थे। बीडीओ ने पहले प्रखंड में चल रहे मनरेगा योजना का समीक्षा पंचायतवार किया।

### पिकअप के पलटने से भाई-बहन की दबकर मौत, दुर्घटना में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल

# शव सड़क पर रख ग्रामीणों ने कंडरा चौक को किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

थाना क्षेत्र के कोराम्बे नया टोली में सोमवार देर शाम सड़क हादसे दो मासूम भाई-बहन की हुई दर्दनाक मौत मामले में पुलिस प्रशासन कार्रवाई में जुटा है। वहीं पोस्टमार्टम के पश्चात शवों के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने तत्काल मुआवजा की मांग को लेकर एनएच 143 ए पथ स्थित कंडरा चौक पर शवों को रखकर आधा घंटा जाम कर दिया। इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को मिलते ही प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर, प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच परिजनों को मुआवजा की राशि मुहैया करवाने का आश्वसन देकर ग्रामीणों को समझाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा बताया कि दोनों भाई-बहन के अंतिम संस्कार हेतु प्रशासन की ओर से सहयोग प्रदान किया गया। बता दें कि कंडरा से कोराम्बे जाने वाले पथ पर देर शाम नया टोली के समीप पिकअप मालवाहक पलटने से भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को एम्बुलेंस 108 से सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडरा सिसई मुख्य पथ पर कोराम्बे नया टोली ग्राम स्थित उमेश तिवारी के घर के समीप पिकअप के पलटने से वाहन के नीचे दबने से ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहें भाई बहन की मौत हो गई, जबकि घर के पास बैठी दो महिलाएं घायल हो गईं। घायलों की पहचान विरेंद्र उरांव की पत्नी फूलो देवी और स्वर्गीय दशरथ उरांव की पत्नी विप्ती उरांव के रूप में हुई है। वहीं मृतकों में स्व. दशरथ उरांव के पुत्र शक्ति उरांव एवं पुत्री आशिका कुमारी शामिल है। घटना की सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, एसआई गणेश कुमार यादव दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच वाहन को कब्जे में लेकर थाना लाया गया। पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई।



### हादसे में छात्र की मौत पर परिजनों की सड़क जाम



**घाघरा।** सड़क हादसे में आईटीआई फाइनल सत्र के छात्र रोहित कुमार (20) की हुई मौत को लेकर परिजनों ने घाघरा चांदनी चौक में लोहरदगा गुमला एवं नेतरहाट घाघरा पथ में मंगलवार को लगभग 2 घंटे जाम रखा। सेन्हा थाना क्षेत्र के रानीगंज नावाडीह निवासी रोहित उरांव सोमवार को घाघरा नेतरहाट पथ पर पुलिस बस से सीधी टक्कर में घायल हो गया था। इलाज के दौरान रोहित की मृत्यु हो जाने के बाद शव के साथ परिजन घाघरा चांदनी चौक पर अपराहन 2:45 बजे पहुंच मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी एवं मुआवजा की मांग करते हुए लोहरदगा-गुमला एवं घाघरा-नेतरहाट पथ मंगलवार को लगभग 2 घंटे जाम रखा। एसआई अभिषेक कुमार जाम स्थल पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को सड़क से जाम हटाने के लिए समझाया। लेकिन परिजन लिखित आश्वासन को लेकर अड़े रहे। थाना प्रभारी अमित चौधरी एवं बीडीओ दिनेश कुमार जाम स्थल पर पहुंचे सड़क दुर्घटना मिलने वाले समुचित मुआवजा देने के आश्वासन देने एवं मृतक के परिजनों को बीडीओ दिनेश कुमार द्वारा 5000 की राशि तत्काल देने के बाद जाम हटा लिया गया। रोहित एक साथी के साथ अपनी बहन को चापा टोली स्कूल पहुंचाकर अपना घर रानीगंज नवाडीह लौट रहा था। इसी बीच घाघरा नेतरहाट पथ पर पुलिस बस से बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई थी, जिसमें रोहित व उसके साथी घायल हो गए थे।

### हाईवा के धक्के से महिला की मौत पर लोगों ने किया चैनपुर-गुमला मुख्य मार्ग जाम



**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कातिंग गांव के समीप हाईवा के धक्के से एक महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कातिंग गांव निवासी मटिल्दा तिर्की के रूप में हुई है। इधर घटना की सूचना पर चैनपुर पुलिस मौके पर पंहुच कर मामले की छानबीन में जुटी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला मटिल्दा तिर्की सुबह अपने काम से जा रही थी तभी गुमला की ओर से रोड मेटेरियल लोड हाईवा ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। इससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। इधर घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिसके बाद चैनपुर थाना प्रभारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समझाने एवं अंतिम संस्कार के लिए नकद राशि देने के पश्चात लोगों ने जाम हटा दिया। इधर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया और गाड़ी को चैनपुर थाना ले आयी।

## हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

मुख्यालय के कोनकेल में सोमवार की आधी रात 11:30 बजेफॉलोरा बेक पति क्रिस्टोफर बेक के घर को जंगली हाथी ने ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर में रखे सामानों को नष्ट कर अनाज को चट कर गया। घटना के संबंध में पीड़िता ने बताया कि सोमवार की आधी रात करीब 11:30 बजे अचानक घर की दीवार गिरने की आवाज आयी।हम समझ गए कि हाथी हमारे घर की दीवार को गिरा दिया है। हम सब घर से बाहर निकल कर देखा तो एक जंगली हाथी घर की दीवाल को धांस रहा था और घर में रखे आलू को निकाल कर खा रहा थ। किसी तरह जान बचाकर सभी परिवार के सदस्य भागे। सभी गांव वाले घर से निकलकर टॉर्च वा डंडे लेकर हाथी को भगाने लगे और जंगली हाथी को खदेड़कर गांव से बाहर स्थित जंगल में भगा दिया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगातार हाथियों का तांडव बढ़ता ही जा रहा है। पिछले दिनों हाथियों के द्वारा आलू की फसल को खराब किया गया था और आज घर को ध्वस्त किया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली हाथी को प्रखंड से भगाने का कोई उपाय ढूंढने की अपील की है तथा पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा देने कज मांग की है।

## लोहरदगा में नवजात बालिका का शव बरामद, अज्ञात पर भ्रूण हत्या का केस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सदर थाना क्षेत्र के मैंना बगीचा स्थित हिंडालको डंपिंग यार्ड के निकट के झाड़ी से मंगलवार को नवजात शिशु का अविकसित शव मिलने से सनसनी फैल गई। शिशु के शव को आवारा कुत्ते नोच रहे थे। शव को कुत्ते नोच कर विभत्स बना दिया था। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना की सूचना पर तत्काल सदर थाना की पुलिस ने पहुंचकर शिशु के शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों की टीम द्वारा नवजात शिशु का पोस्टमार्टम किया गया। डीएनए जांच के लिए सैंपल लिया गया। बताया गया कि, नवजात शिशु बालिका की थी। घटना को कन्या भ्रूण हत्या से लेकर देखा जा रहा है। इस संदर्भ में सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि, मैंना बगीचा स्थित झाड़ियां से पुलिस ने अविकसित नवजात बालिका शिशु के शव को जप्त किया है। शिशु के शव का पोस्टमार्टम कर डीएनए जांच के लिए सैंपल लिया गया है। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना के पीछे के सफेदपोश नर पिशाचों को चिन्हित करने के लिए पुलिस संवेदनशीलता से कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि, फिलहाल इस घटना में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले में शामिल संदिग्ध व्यक्तियों और पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

### नक्सल प्रभावित इलाके में सीआरपीएफ ने बांटे जरूरत के समान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पेशरार तथा चैनपुर में 158 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम वर्ष 2023-24 का आयोजन किया गया। राकेश कुमार मिश्रा, द्वितीय कमान अधिकारी, रोशन कुमार, सहायक कमांडेंट तथा आशिक अली, सहायक कमांडेंट, 158 बटालियन, सीआरपीएफ द्वारा ग्रामवासियों को जरूरत के अनुसार निःशुल्क फर्टिलाइजर, टिन शीट, सोलर लालटेन, मच्छरदानी, कंबल, प्लास्टिक बकेट, स्कूल बैग तथा खेलकूद के सामान वितरित किये गए। डॉ. रंजीत कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुफ्त की दवाइयां बांटी गई तथा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। इस कार्यक्रम को राहुल कुमार, कमांडेंट - 158 बटालियन सीआरपीएफ की देखरेख में सम्पन्न किया गया।




### शहीदों की याद में रखा गया दो मिनट का मौन

**लोहरदगा।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के निदेश पर समाहरणालय परिसर में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रखा गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, अनुमण्डल दण्डाधिकारी अमित कुमार समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व कर्मीगण उपस्थित थे।

## सेना में भर्ती होना देश की सेवा के लिए एक बेहतर मौका होता है : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सेना भर्ती कार्यालय, रांची द्वारा भारतीय सेना में अग्निपथ स्कीम के जरिये भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दिये जाने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होना देश की सेवा के लिए एक बेहतर मौका होता है। जो भारतीय थल सेना में जाना चाहते हैं उनके लिए आज यह कार्यक्रम रखा गया है। सेना में आप जाकर अपने समाज, जिला व राज्य का नाम रौशन कर सकते हैं। आप सभी में प्रतिभा है और आपका भविष्य उज्वल है। आप सेना में जायें और अपना, अपने जिला, राज्य व देश का नाम उंचा करें। कार्यक्रम में सेना भर्ती कार्यालय, रांची की ओर से क्विज व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भारतीय सेना से जुड़े तथ्यों की जानकारी दी गई। कर्नल विकास भोला ने अग्निवीर स्कीम के जरिये सेना में बहाली की प्रक्रिया, अभ्यर्थी की योग्यता, आवेदन की प्रक्रिया, सेवाकाल के दौरान मिलनेवाले लाभ आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में क्विज में सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सेना भर्ती कार्यालय, रांची की ओर से उपायुक्त, लोहरदगा को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रत्येक मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर बूथ सत्यापन की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंगलवार को प्रखंड के सभागार में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक मे उन्होंने ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व कर्मियों को आपस में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का सत्यापन कर वहां उपलब्ध संसाधनों की जानकारी अद्यतन करने का भी निर्देश दिया। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा, रूट चार्ट व बूथ पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा।


**कार्यालय - जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार**
**बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार**
**ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com**

**आम – सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक –4 एवं क्रमांक –5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या –21/2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर भूगोल विषय चयनित अभ्यर्थी की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का दिनांक 03.02.2024 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थी की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विषय | नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | भूगोल | संजू कुमारी– 17114178428 | 03.02.2024 |

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :–
दिनांक :–

जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार

PR 317378 Human Resource Developement(23-24).D



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla**

**E-procurement Tender Notice**

NIT No.-GML/NP/01/2023-24 (Urban Transportation & Civic Amenities) (2nd Call)

| Sl No/ Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents by DD (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Brick Drain, Construction of Slab and laying of paver block work from Main road to DSP road at ward no 20 and 21 Under Nagar Parishad, Gumla (Civic Amenities) | 1934290.00 | 38700.00 | 5000.00 | 02 Month |
| | | 1934290.00 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Administrator, Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Date of tender published on website | 31.01.2024 |
| 3 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 4 | Availability of tender online biding | 31.01.2024 (at 10:00 AM) to 06.02.2024 (at 05:00 PM) |
| 5 | Date & time of opening bid | 08.02.2024 (at 12:00 PM) |
| 6 | Mode of Submission of bid | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

नोट :– (1) केवल ई–निविदा स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 317299 District (23-24)_D



**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।**
*Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

**शुद्धि पत्र**

आसन्न लोक सभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव–2024 में उपयोग होने वाले खाद्य सामग्री/कम्प्यूटर सामग्री/मतदान सामग्री/मुद्रण सामग्री/ कार्यालय उपयोगी सामग्री/ टेन्ट सामग्री/विडियोग्राफी के लिए दर निर्धारण एवं सेवा प्राप्ति हेतु विभागीय वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in में ई–निविदा (PR 316408 Election (23-24)#D) प्रकाशित की गई है। सभी प्रकाशित ई–निविदा के शर्त्त में निम्नांकित शर्त्त शमिल किया जाता है– **"इच्छुक निविदादाता तकनीकी बीड में उपायुक्त के स्तर से निर्गत आचरण प्रमाण पत्र संलग्न करेगें।"**

प्रकाशित e-Tender Ref. no. Election/01/2024/Computer, Election/03/2024/ Election Materials, Election/04/2024/ Printing के निविदा शर्त्त कंडिका 8, Ref no. Election/02/2024/ Food के निविदा शर्त्त कंडिका 10, Ref no. Election/05/2024/ Office Stationary, Election/06/2024/ Tent, Election/07/2024/ Videography के निविदा शर्त्त कंडिका 07 को निम्नांकित पढ़ा जाय:– **"विगत लोकसभा/विधानसभा/पंचायत निर्वाचन कार्य का अनुभव होना चाहिए"**

**ई–निविदा का शेष अन्य शर्त्त यथावत् रहेगा।**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 317390 (Election) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/33/2023-24/RE-1

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा जिला के प्रखण्ड पत्थलगडडा अंतर्गत पंचायत बरवाडीह में भुराही नदी पर पुल निर्माण। | 3,45,87,300.00 | 6,92,000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–07.02.2024 से दिनांक–19.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 21.02.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR 317375 (Rural Development) 23-24 (D)



**कार्यालय नगर परिषद, चतरा।**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401**

पत्रांक–123 दिनांक– 29.01.2024

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, चतरा अन्तर्गत DAY-NULM के SEP घटक के तहत ऋण प्राप्त लाभुकों को 06 दिवसीय EDP (Entrepreneurship Development Programme) के प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति Entrepreneurship Development/Training Management Educational/Institutions Engaged in EDP Training से निबंधित एजेंसी भाग ले सकते है।

1. विज्ञापन दाता का नामः–प्रशासक, नगर परिषद, चतरा।
2. आवेदन प्राप्ति की तिथि समय एवं स्थानः–दिनांक 9.02.2024 समय 2:00 बजे तक नगर परिषद, चतरा।
3. आवेदन खोलने का तिथि समय एवं स्थानः– दिनांक 9.02.2024 समय 3:00 बजे तक नगर परिषद, चतरा।

| घटक | कुल लाभुकों की संख्या | प्रशिक्षण सामग्री | प्रशिक्षण दर (प्रति लाभुक) विभाग द्वारा अनुमोदित | प्रशिक्षण पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| SEP & SHG Credit Linkage | 130 | Folder, Pen, Note-Pad, Brochure, Lunch, Tea, Certificate etc. | 385/Per Day | 22 दिन |

नियम एवं शर्तें:–

1. आवेदन मुहरबंद लिफाफे में देना होगा, जो एक ही लिफाफे में होगा।
2- EDP प्रशिक्षण देने वाली संस्थानों का चयन प्रक्रिया में उनके अनुभव के आधार पर प्राथमिक्ता दी जाएगी।
3. प्रशिक्षण के दौरान अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. प्रशिक्षण हेतु फोल्डर, नोट पैड, नास्ता, चाय, पानी, खाना एवं अन्य प्रशिक्षण से संबंधित सामग्री उपस्थिति पंजी आदि की उपलब्धता संस्थाओं द्वारा अपने खर्च से की जाएगी।
5. प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षकों को भारत सरकार/राज्य सरकार से प्राप्त TOT Certificate होना अनिवार्य है।
6. इच्छा की अभिव्यक्ति के साथ सभी प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. किसी भी समय इच्छा की अभिव्यक्ति को रद्द करने का अधिकार प्रशासक, नगर परिषद, चतरा को सुरक्षित रहेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा।

PR 317302 (Urban Development) 23-24 (D)

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, लोहरदगा

### आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 18 दिनांक 18.01.2024 द्वारा प्रकाशित ई–निविदा सं0 03/2023–24/NREP/लोहरदगा पी0 आर0 नं0 316412 लोहरदगा (2023–24) D को अपरिहर्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यापालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 लोहरदगा।

PR.NO.317320 Lohardaga(23-24):D

## e–Procurement Cell
## Office of the Executive Engineer
### Building Construction Department, Building Division, Gumla

### शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR No.: 317070 Building (23-24)#D** द्वारा प्रकाशित **Tender Reference No.-02/BCD/GUMLA/2023-24 Date:-18-01-2024** के स्थान पर **Tender Reference No.-03/BCD/GUMLA/2023-24 Date:-27-01-2024** पढ़ा जाय।

शेष निविदा की शर्तें यथावत रहेंगी।

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल, गुमला

PR 317428 Building (23-24)_D

## झारखण्ड सरकार
## मंडल कारा, गुमला

गृह, कारा, एवं आपदा प्रबंधन विभाग
दूरभाष सं0–06524-223104 (का0)
e-mail Id. Jailsuperintendent.gml@gmail.com
dj-gumla@jharkhandmail.gov.in

### ई0–निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, गुमला। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। वार्षिक निविदा (दिनांक 01 .04.2024 से 3 1.03. 2025) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्ध की तिथि एवं समय। | तिथि–15.02.2024 से 20.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा online upload करने की तिथि | तिथि–15.02.2024 से 20.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना ( sample)जमा करने की तिथि | तिथि–21.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि ( EMD) (₹ 2500/–अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–21.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि–23.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में। |

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु मंडल कारा, गुमला के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
काराधीक्षक
मंडल कारा, गुमला।

PR 317416 Home(23-24)D

## झारखण्ड सरकार
## मंडल कारा, गुमला
## गृह, कारा, एवं आपदा प्रबंधन विभाग

दूरभाष सं0–06524-223104 (का0)
e-mail Id. Jailsuperintendent.gml@gmail.com /dj-gumla@jharkhandmail.gov.in

### ई0–निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, गुमला। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित ई0–निविदा का आमंत्रण। द्वितीय त्रैमासिक निविदा (दिनांक 01.04.2024 से 30.06.2024) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्ध की तिथि एवं समय। | तिथि–15.02.2024 से 20.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा online upload करने की तिथि | तिथि–15.02.2024 से 20.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (sample)जमा करने की तिथि | तिथि–21.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹ 2500/–अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–21.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि–23.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में। |

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु मंडल कारा, गुमला के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
काराधीक्षक
मंडल कारा, गुमला

PR 317414 (Home)23-24*D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

### आवश्यक सूचना
### ( चोरी गयी Black & White मोटरसाईकिल )

गढ़वा थाना कांड सं0–540/23 दिनांक–08.11.2023 धारा–379 भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी Black & White मोटरसाईकिल जिसका रजि0 न0– Cg30 C3540, इंजन नं0–HA11EVLHG74355 का अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.317334 Police(23-24):D

## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला

e-mail- drdagumla2013@gmail.com

ज्ञापांक–........................../जि0ग्रा0 दिनांक–..........................

### (आम सूचना)

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब गृहविहीन लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराने हेतु राज्य सम्पोषित योजना के रूप में अबुआ आवास योजना की स्वीकृति दी गई है। जो कि सरकार की बहुत महत्वकांक्षी योजना है गुमला जिला अन्तर्गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान दिनांक 24.11.2023 से 26.12.2023 तक अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त है। प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के उपरांत ग्राम सभा द्वारा उपलब्ध कराये गये लाभुक प्राथमिकता सूची का प्रकाशन तथा प्रकाशित सूची के विरूद्ध आपत्ति आंमत्रण दिनांक 05.02.2024 तक किया जाना है।

अतः गुमला जिला के आवेदनकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम सभा द्वारा पारित सूची के विरूद्ध यदि आपत्ति हो तो निर्धारित समयावधि तक लिखित रूप से सक्षम पदाधिकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी / अनुमण्डल पदाधिकारी/जिलाधिकारी के समक्ष भौतिक रूप से अथवा ई–मेल के माध्यम से अपना दावा आपत्ति समर्पित करेगें। अंतिम तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(जिला स्तरीय कार्यालय का ई–मेल पता drdagumla2013@gmail.com,
अनुमण्डल कार्यालय गुमला का ईल–मेल पता gumlasdo@gmail.com,
अनुमण्डल कार्यालय बसिया का ईल–मेल पता sdobasia@gmail.com,
अनुमण्डल कार्यालय चैनपुर का ईल–मेल पता sdochainpur@gmail.com)

हस्ताक्षर,
उप विकास आयुक्त, गुमला।

PR.NO.317426 Rural Development(23-24):D

## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

### E-Procurement Very Short Tender Notice

Tender Reference No. DWSD/LTR/GPT-09/23-24 (2nd Call) Date – 30.01.24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | :– | 31.1.2024 अपराहन 03:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनॅ लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 06.02.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 06.02.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 08.02.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work:-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of T/Well | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of 300x125 mm dia and **60 mtrs deep GPT T/Well** with installation of Im-II Hand pump with 32 mm dia. GI Medium class riser pipe by DTH Rig Machine with 125 mm dia Blue Casing UPVC pipe with drain & Platform on Turn key basis in Different location in Latehar Dist for the Year 23-24. | LTR/GPT/ 60-01 | 45 | 6574112.00 | 132000 | 10000 | 90 days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 317393 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## उद्योग विभाग
## कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, गुमला।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना/उद्यमों के उन्नयन के लिए एक मेगा केडिट आउटरीच कैम्प (Mega Credit Outreach Camp) का आयोजन गुमला जिले के विभिन्न स्थानों में बैंको एंव उद्योग विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस मेगा कैम्प में अधिक से अधिक लाभुक आकर इस कैम्प/योजना का लाभ उठाये। कैम्प आयोजन की विवरणी निम्नवत् है।

| क्र0 स0 | दिनॉक | स्थान | समय | प्रतिनियुक्त कर्मी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय,घाघरा | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 2 | 02-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय,विशुनपुर | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 3 | 03-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय,सिसई, | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 4 | 03-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय,भरनो | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 5 | 05-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय,बसिया | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 6 | 05-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय,कामडारा | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 7 | 06-02-2024 | नगर परिषद ,गुमला | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 8 | 06-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय,पालकोट | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 9 | 07-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय, डुमरी/जारी | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 10 | 07-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय,चैनपुर | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |
| 11 | 07-02-2024 | प्रखण्ड कार्यालय,रायडीह | पूर्वाहन 11.00 बजे से | सभी प्रखण्ड स्तर बैक शाखा प्रबंधक एंवम प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक |

नोटः– कैम्प से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए गुमला जिला के जिला उद्यमी समन्वयक, मु0मं0लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड श्री सूरज कुमार के मोबाईल नं0 9334235018 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

महाप्रबधक,
जिला उद्योग केन्द्र, गुमला।

PR 317422 Industries(23-24)D

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा
## समग्र शिक्षा अभियान

जिला स्तरीय कार्यालय,प्रखण्ड परिसर,चतरा–825401,
दूरभाषः (06541) 253924, इमेल–chatrajepc@ymail.com

### आम सूचना

निविदा संख्या–107 दिनांक– 29.01.2024 के माध्यम से वर्ष 2024–25 में चतरा जिलान्तर्गत संचालित 10 कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय के लिए पैकेज –(क) खाद्य पदार्थ एवं दैनिक उपयोग सामग्री, पैकेज –(ख) हरी सब्जी, मछली, चिकेन, फल, मिठाई एवं दूध–पनीर इत्यादि, पैकेज –(ग) पोशाक एवं अन्य वस्त्र एवं पैकेज –(घ) स्टेशनरी इत्यादि खाद्य एवं अखाद्य सामग्री के आपूर्त्ति के लिए निविदा का प्रकाशन **दिनांक 30.01.2024 से 05.02.2024 के अपराह्न 3:00 बजे** तक निविदा प्रपत्र **झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा अभियान, प्रखण्ड परिसर, चतरा** से प्राप्त किया जा सकता है एवं **मुहरबंद निविदा दिनांक 06.02.2024 के अपराह्न 3:00 बजे** तक कार्यालय के निविदा बॉक्स में जमा लिया जाएगा।

उक्त निविदा का विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबासाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,झा0शि0प0,चतरा

PR 317370 Jharkhand Education Project Council(23-24).D

## झारखण्ड सरकार
## वन पर्यावरण एवं जल वायु परिवर्तन विभाग,
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

### आम नीलामी सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत रंका पूर्वी प्रक्षेत्र, कार्यालय कैम्पस में शेष बचे 01 (एक) लौट जहाँ जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी नीचे अंकित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस में निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीकृत बैंक की शाखा में भुगतेय)/नगद गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोली दाता को शीघ्र वापस कर दी जायेगी। लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारण वश अवकाश या बन्दी घोशित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत् निबंधित/पंजीकृत होना आवश्यक होगा। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त यथा लागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेशकर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्ते **https://garhwa.nic.in** एवं **Https://forest.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0 –8789831419 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | लौट स्थल | नीलामी की तिथि | लौट की किस्म |
|---|---|---|---|
| 1. | रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 07.02.2024 | 01 लौट, आरामील इंजन (9 पीस) |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR.NO.317402 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा

### ई – अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :– **10 /2023-24 / RWD /LOHARDAGA** दिनांक 29.01.2024

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( रूपये में ) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 02/ STPKG - 02/ 2023-24 | पी0 डब्लू0 डी0 पथ मदरसा से एरादोन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 17.135 कि0 मी0)<br>एन0 एच0 हेंजला मोड़ से चन्दलासो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1. 500 कि0 मी0)<br>रूद्र मोड़ से बारीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 6.130 कि0मी0) | 11,98,82,600.00 | ग्यारह करोड़ अनठान्बे लाख वेरासी हजार छः सौ0 रू0 मात्र। | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 31.01.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.02.2024 अपराहन् 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग ,कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0.– 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी । अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 317405 Lohardaga(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 12.02.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00बजे अपराहन तक।
   (क)कार्यपालक अभियंता,ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला।
   (ख) सहायक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अवर प्रमण्डल, गुमला–1 ।
   (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 13.02.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक। जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 13.02.2024 को 4.00 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
5. कार्य मद :–DMFT
6. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Bishunpur | Construction of Road from Nirasi Borha to Kumari, Part-A. (Length-0.310 Km) | 24,93,100.00 | 50000 | 5000 | 3 माह | प्रथम |
| 2 | Bishunpur | Construction of Road from Nirasi Borha to Kumari, Part-B. (Length-0.415 Km) | 24,99,100.00 | 50000 | 5000 | 3 माह | प्रथम |
| 3 | Bishunpur | Construction of Road from Nirasi Borha to Kumari, Part-C. (Length-0.245 Km) | 24,99,000.00 | 50000 | 5000 | 3 माह | प्रथम |
| 4 | Bishunpur | Construction of Road from Nirasi Borha to Kumari, Part-D. (Length-0.415 Km) | 24,99,100.00 | 50000 | 5000 | 3 माह | प्रथम |

**निविदा की शर्तेः–**
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) देना अनिवार्य होगा।
3. निविदा संबंधित सभी कागजात स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड– 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा संबंधित सभी कागजात निर्धारित तिथि एवं समय (13.02.2024 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/– कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.317382 Rural Work Department(23-24):D

# उम्मीद और भरोसा केवल खुद पर करते हैं तभी जीवन में बेहतरीन परिणाम मिलते हैं : अज्ञात

## आपके अखबार का स्वर्णिम पन्ना

14 अक्टूबर 1994 को आज के झारखंड और तब के दक्षिण बिहार के इतिहास में एक पन्ना जुड़ रहा था जो समाचार पत्र उद्योग के लिए आज भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के सबसे पिछड़े जिले में से एक पलामू के मुख्यालय डाल्टनगंज से आज ही एक दिन सूचना,शिक्षा और मनोरंजन को ध्यान में रखकर दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल समाचार पत्र का उदय हो रहा था, जहां से आज भी आर्थिक कारणों से दैनिक समाचार पत्र निकालने का साहस कोई नहीं कर पाता । उत्साह से भरी पत्रकारों की टीम के सामने एक चुनौती यह भी थी कि पता नहीं इस पिछड़े क्षेत्र में पाठक मिलेंगे भी या नहीं, पर पाठकों के उत्साह में भी कोई कमी नहीं थी और पलामू ही नहीं तत्कालीन बिहार की राजधानी पटना तक यूपी के सीमावर्ती भभुवा तक लोगों ने इसे हाथों हाथ लिया और नवीन मेल वर्षों तक सबसे चहेता अखबार बना रहा जिसे पढे बिना लोगों को अधूरेपन का अहसास होता था । इस सफलता से उत्साहित होकर आज ही के दिन 31 जनवरी 1999 को रांची संस्करण की शुरूआत हुई। तब झारखंड/ वनांचल अलग प्रांत का आंदोलन चरम पर था और लगता था किसी दिन जल्दी ही चमत्कार हो जाएगा पर वर्तमान झारखंड तत्कालीन दक्षिण बिहार का उपनिवेश की तरह इसतेमाल करने वाले शक्तिशाली तंत्र भी था जो इसे हर हाल दबाना चाह रहा था जिनका दबाव समाचार पत्रों पर भी था, पर राष्ट्रीय नवीन मेल पलामू के अलावा पूरे झारखंड के कोने-कोने के लोगों के दुख दर्द और भ्रष्टाचार को प्रमुखता से उजागर करता रहा जिस कारण दर्जन भर मामले विभिन्न न्यायालयों में चले पर अंततः सत्य की ही विजय हुई और वर्तमान प्रधान संपादक सुरेश बजाज सहित पूरी टीम को न्यायालयों ने निर्दोष बताया। भारतीय मूल्यों के संवाहक होने के साथ आपका इस प्रिय अखबार ने पत्रकारिता के उच्च आदर्शों का भी पालन किया और शालीनता के साथ जनहित या राज्यहित को ही सर्वोपरि रखा । आज की पत्रकारिता इंटरनेट के आने से जितनी सहज हुई है उतनी ही कठिन भी क्योंकि जिसके हाथ में स्मार्ट फोन है वही पत्रकार है । सोशल मीडिया में पल भर में लाइव और जाने क्या क्या करने वाले युवा अति उत्साह में सबसे पहले खबर पहुंचाने की दौड़ में अनर्थ कर रहे हैं क्योंकि भेड़िया आया की शैली में बार बार बढ़ा चढ़ा कर सनसनी से दर्शक बटोरने में बड़े चैनल भी शामिल हो गए हैं और प्रिंट मीडिया की परखी हुई सच्ची खबरें भले उन्हें बासी लगें पर आज भी भरोसा छपी हुई खबरों पर ज्यादा है। आप सभी के स्नेह से हम एक संतुलित और सभी के लिए अखबार अनवरत निकालते रहे हैं जिसमें आप पाठकों की भूमिका सर्वोपरि है।

> **आज ही के दिन 31 जनवरी 1999 को रांची संस्करण की शुरूआत हुई। तब झारखंड/ वनांचल अलग प्रांत का आंदोलन चरम पर था और लगता था किसी दिन जल्दी ही चमत्कार हो जाएगा पर वर्तमान झारखंड तत्कालीन दक्षिण बिहार का उपनिवेश की तरह इसतेमाल करने वाले शक्तिशाली तंत्र भी था जो इसे हर हाल दबाना चाह रहा था जिनका दबाव समाचार पत्रों पर भी था, पर राष्ट्रीय नवीन मेल पलामू के अलावा पूरे झारखंड के कोने-कोने के लोगों के दुख दर्द और भ्रष्टाचार को प्रमुखता से उजागर करता रहा जिस कारण दर्जन भर मामले विभिन्न न्यायालयों में चले पर अंततः सत्य की ही विजय हुई और वर्तमान प्रधान संपादक सुरेश बजाज सहित पूरी टीम को न्यायालयों ने निर्दोष बताया। भारतीय मूल्यों के संवाहक होने के साथ आपका इस प्रिय अखबार ने पत्रकारिता के उच्च आदर्शों का भी पालन किया और शालीनता के साथ जनहित या राज्यहित को ही सर्वोपरि रखा।**

इन दिनों

## मेडटेक मित्र: भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाईवे



विनोद के पॉल

**केंद्र** सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना है। नये मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशा निर्देशों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है। इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है; और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है। ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/ परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है। केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की। आईसीएमआर के मेडिकल डिवाइस एंड डायग्नोस्टिक्स मिशन सचिवालय द्वारा आईसीएमआर वेबसाइट पर एक पोर्टल((https://medtechmitra.icmr.org.in/) चालू किया गया है। इसपर एक आवेदक इनोवेटर/ स्टार्टअप उत्पाद और उसके विकास के चरण का ऑनलाइन विवरण भरकर मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। आईसीएमआर-सीडीएससीओ टीम मामले की जांच करती है और आवश्यक मदद के लिए कठिनाई की पहचान कर व्यक्तिगत बातचीत करती है और विशिष्ट सुविधात्मक कदमों के लिए आवेदक की मदद करती है। प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन एक बड़ी चुनौती हैं इसमें सहयोगी टीम और फंड की आवश्यकता होती है। मेडटेक मित्र टीम इनोवेटर्स को आईसीएमआर के प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क और अन्य शोध संस्थानों के शोधकर्ताओं से जोड़ेगी। वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया द्वारा चयनित नवीन चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन करने वाले संस्थानों को फंडिंग की पेशकश की जायेगी। भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं। इस पहल के लॉन्च के कुछ ही दिनों के अंदर, 80 से अधिक इन्नोवेटर्स मेडटेक मित्र से जुड़े हैं जो इस तरह की हैंडहोल्डिंग प्रणाली की आवश्यकता को दर्शाता है। भविष्य में इस प्रणाली की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं। मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है। भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80% आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं। देश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भी हमे इसे बदलना होगा। चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का सुपर हब बनना भारत की नियति है। इसके लिए हमारे नवाचार और अनुसंधान एवं विकास प्रणाली को उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। और हमारे उद्योग को खुद को दुनिया भर में उच्च-स्तरीय और नवीन मेडटेक उत्पादों के आपूर्तिकर्ता के रूप में बदलना होगा। सरकार ने हाल ही में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये हैं। चिकित्सा उपकरण पार्क विकसित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति लॉन्च की गई है। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति जारी की गई। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक योजना (पीआरआईपी) भी हाल ही में शुरू की गई है ताकि फार्मा-मेडटेक उद्योग में वृद्धिशील नवाचार के पारंपरिक दृष्टिकोण से विघटनकारी नवाचार तक एक आदर्श बदलाव प्रदान किया जा सके। मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के 'जय विज्ञान, जय अनुसंधान' और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे। मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है। हम इनोवेटर्स इनेबलर के मित्र को लगातार सीखने और सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेडटेक मित्र में भारत के मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम और मेक-इन-इंडिया मिशन के लिए गेम-चेंजर बनने की क्षमता है। यह मंच किफायती, स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों और निदान के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को भी मजबूत करेगा।

**डॉ. विनोद पॉल नीति आयोग के सदस्य हैं।**

> **ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/ परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है। केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है।**

## आपकी बात

### नवीन मेल के संपादक को लिखने नहीं आता

आज से तीन महीने पहले आपके दैनिक अखबार राष्ट्रीय नवीन मेल लेता था अब अखबार लेना छोड़ दिया कारण शीर्षकों में गलतियों का अंबार हमें मिलता है,अर्थ का अनर्थ शब्द मिलता है और एक खबर मैंने पढ़ा की अयोध्या मंदिर में २२ जनवरी को महोत्सव होने वाला ११ जनवरी को ही मनाया गया,ये शीर्षक मिला मैं आपका अखबार पढ़ना छोड़ रहा हूं कृपया प्रधान संपादक अपने अखबारों में सुधार लायें जरूरत से ज्यादा खबरें दोबारा छपी मिलती है, ध्यान दिया जाय मुख्य पृष्ठ पर मैं देख रहा हूं संपादक की कलम से लिखा खबर मुझे आज तक समझ नही आया ना ही स्टोरी समझ आती है न ही शीर्षक समझ आता है, खबरों को जांच कर दिया जाय!

**– आपका शुभचिंतक प्रफुल्ल मिश्रा**

### फुटपाथ की दुकानें स्थाई हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी, घड़ा पट्टी, लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

**– मोहन प्रसाद, डालटनगंज**

अपराध-जगत

## 'सूचना' जैसी निर्दयी मां कब तक रहेगी समाज में...!



ऋतुपर्ण दवे

***कोई*** मां भला कैसे निर्दयी हो सकती है? क्रूर हो सकती है? कैसे अपने जिगर के टुकड़े को बैग में पैक कर सड़क रास्ते लंबे सफर पर बेखौफ निकल सकती है? इसके जवाब मनोचिकित्सकों के पास अपने-अपने ढंग के और अलग भी हो सकते हैं। लेकिन गोवा में एक आम नहीं बल्कि बेहद खास वो मां जिसने देश-दुनिया को अपनी सफलता से आकर्षित किया और निर्दयता और क्रूरता की सारी हदें पार कर जाये तो हैरानी होती है। गोवा में जघन्य हत्याकांड ने जहां हर किसी को झकझोरा, वहीं कई सवाल भी खड़े कर दिये। बेहद पढ़ी-लिखी मां जिसे दुनिया आदर्श समझती थी, वही अपराधी निकले? सवाल यकीनन कचोटने वाला है। लेकिन जवाब आसान भी नहीं है। लेकिन ऐसा भी क्या नफरत जो इसकी बलि वेदी पर खुद का मासूम चढ़ा दिया जाए? निश्चित रूप से बेकाबू गुस्सा, सोचने, समझने की शक्ति पर नियंत्रण खोना इंसान को कितना हैवान बना देता है। लेकिन सूचना सेठ ने जिस शातिर अंदाज में अपनी इकलौती संतान को मौत की नींद सुलाया वह बेहद अलग और चिंतनीय है। जैसा कि खुलासों से पता चला है कि बच्चे को अत्यधिक कफ सिरप पिलाकर बेसुध कर उसका दम घोंट मौत की नींद सुला दिया गया। लाश बैग में भर आधी रात को बड़े बेखौफ अंदाज में बेधड़क होटल के रिशेप्शन पर कैब ड्राइवर को पकड़ाना और सड़क रास्ते गोवा से बेंगलुरु के लंबे सफर पर निकलना किसी हॉरर स्टोरी से कम नहीं है। रास्ते भर चुप्पी और सामान्य हाव-भाव बनाये रखना। बारह घंटे लाश के साथ सफर करना यकीनन बेदिल कातिल का ऐसा अंदाज था जैसे वह इंसान नहीं एआई (आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस) हो। इस मां की सारी करतूत बेहद हैरतअंगेज है। गनीमत रही कि जहां होटल स्टाफ को संदेह हुआ, वहीं कैब ड्राइवर भी परेशान था कि हवाई यात्रा के मुकाबले बेहद लंबे सफर पर निकली महिला इतनी शांत और सहज कैसे है? शक और कमरे में मिले सबूतों के आधार पर होटल वाले पुलिस को इत्तला करते हैं। पुलिस कैब वाले से कोऑर्डिनेट करती है। कैब ठिकाने के बजाय सीधा थाने पहुंच जाती है। वहां बैग में कपड़ों के बीच छुपा चार साल के मासूम का शव मिलता है।

> **लाश बैग में भर आधी रात को बड़े बेखौफ अंदाज में बेधड़क होटल के रिशेप्शन पर कैब ड्राइवर को पकड़ाना और सड़क रास्ते गोवा से बेंगलुरु के लंबे सफर पर निकलना किसी हॉरर स्टोरी से कम नहीं है।**



बोधि वृक्ष

## किन्नर कैलाश का धार्मिक महत्व

जिन लोगों को आवश्यकता है वे रेकांग पियो या टैंगलिंग गांव से उपलब्ध गाइड और पोर्टर्स की सेवा ले सकते हैं।

**किन्नर कैलाश परिक्रमा ट्रेक करने का सबसे अच्छा समय :** भगवान शिव के पौराणिक घर किन्नर कैलाश के लिए एक संपूर्ण मार्गदर्शिकाश्रेयः हैप्पीट्रिप्स एडिटर्स/शिखा गौतम हर साल यह ट्रेक मई और अक्टूबर के महीने के बीच शुरू होता है। हालाँकि, सितंबर और अक्टूबर के बीच जाने का सुझाव दिया जाता है क्योंकि मई, जून, जुलाई और अगस्त की शुरूआत में इस क्षेत्र में भारी वर्षा होती है, जिससे ट्रेकर्स के लिए यह थोड़ा मुश्किल हो जाता है। चरम मानसून के दौरान भूस्खलन और बादल फटना काफी आम है, इसलिए इससे बचें।

**याद रखने/ले जाने योग्य बातें**

**-सुनिश्चित करें कि आपके पास पानी से भरी बोतलें अच्छी तरह से सुसज्जित हैं।**


- ऊनी कपड़े
- विंड चीटर्स
- अतिरिक्त बैटरी के साथ टॉर्च/हेडलैंप
- ट्रेकिंग बूट
- वॉकिंग स्टिक
- सनस्क्रीन/सन हैट/लिप बाम
- प्राथमिक चिकित्सा किट
- एनर्जी बार/पैक्ड खाद्य पदार्थ
- अतिरिक्त पासपोर्ट आकार की तस्वीरें

हर साल, हजारों भक्त जाते हैं किन्नर कैलाश तीर्थ यात्रा पर, जो काफी कठिन है। याद रखें, यह ट्रेक काफी हद तक मौसम पर निर्भर करता है और चरम मानसून के मौसम के दौरान इसका सुझाव नहीं दिया जाता है। अतीत में कई सड़क दुर्घटनाएं और प्राकृतिक आपदाएं हुई हैं, इसलिए इस यात्रा पर निकलने से पहले सावधान रहना होगा। **(समाप्त)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

## सशक्त भारत का आधार है कानूनों का सरलीकरण



ललित गर्ग

***सुप्रीम*** कोर्ट की हीरक जयन्ती एक अवसर है भारतीय न्याय प्रणाली की कमियां पर मंथन करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। इस दृष्टि से यह अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी, और नया परिवेश देने वाला साबित हो रहा है। क्योंकि आजादी के अमृतकाल में पहुंचने तक भारत की न्याय प्रणाली अनेक कंटिली झाड़ियों में उलझी रही है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था का छिद्रान्वेषण करें तो हम पाते हैं कि न्यायाधीशों की कमी, न्याय व्यवस्था की खामियाँ और लचर बुनियादी ढाँचा जैसे कई कारणों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर न्यायाधीशों व न्यायिक कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। न्याय में देरी अन्याय कहलाती है लेकिन देश की न्यायिक व्यवस्था को यह विडंबना तेजी से घेरती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जैसाकि खुद प्रधानमंत्री ने जिक्र किया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नये कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत भी महसूस की जा रही है, लेकिन फिर भी इस कदम की अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता शामिल थे।

> **भारतीय न्यायिक व्यवस्था का छिद्रान्वेषण करें तो हम पाते हैं कि न्यायाधीशों की कमी, न्याय व्यवस्था की खामियाँ और लचर बुनियादी ढाँचा जैसे कई कारणों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है।**

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्स स्टेटस को इंस्टाग्राम पर शेयर करने का आसान तरीका

इस तरह, यह नया अपडेट व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम उपयोगकताओं को और भी जुड़े रहने का मौका देता है, जिससे उन्हें सोशल मीडिया पर अपने विचारों और अनुभवों को साझा करने का अधिक सरल और तेज तरीका मिलता है। यह नई फीचर व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम उपयोगकताओं के लिए एक सरल और सुगम संवेदना प्रदान करती है, जो उन्हें उनके सोशल मीडिया अनुभव को और भी रोचक बनाती है।



**(समाप्त)**

**दिल्ली में व्हाट्सएप से बुक होने वाली हैं बस टिकटें, सफर होगा आसान :** जी हां! अब आप व्हाट्सएप के जरिए अपनी बस टिकटों को भी बुक कर सकते हैं, बता दें कि बस यात्रियों को अलग-अलग वजहों से कई बार टिकट लेने में समस्या का सामना करना पड़ता रहा है। एक तो बस में कभी छुट्टे पैसे की समस्या होती है, तो कभी भीड़ के कारण कंडक्टर तक पहुंचने में दिक्कत होती है। अगर आप दिल्ली में रहते हैं तो आपको पहले से पता होगा कि दिल्ली मेट्रो की टिकटों को अब आप अपने व्हाट्सएप से आसानी से बुक कर सकते हैं। निश्चित रूप से लाइन में खड़े रहना और कभी छुट्टे पैसे ना होना, कभी मशीन का काम न करना इत्यादि समस्याओं से दिल्ली मेट्रो के यात्रियों को राहत मिल चुकी है, और अब कुछ ऐसा ही सिस्टम दिल्ली परिवहन के लिए शुरू होने वाला है। जी हां!

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बापू को पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने राजघाट पहुंचकर दी श्रद्धांजलि







नई दिल्ली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76 वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके समाधि स्थल राजघाट पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित कई केंद्रीय मंत्री व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर भी महात्मा गांधी को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं। उनका बलिदान हमें लोगों की सेवा करने और हमारे राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। श्रद्धांजलि देने वालों में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी भी शामिल हैं।

## एक नजर

### राधा रतूड़ी होंगी उत्तराखंड की नई मुख्य सचिव

**देहरादून।** उत्तराखंड को अब जल्द ही नया मुख्य सचिव मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पर अपनी मौहर लगा दी है। सीनियर आईएएस राधा रतूड़ी अब प्रदेश की नई मुख्य सचिव होंगी। एसीएस राधा रतूड़ी काफी सीनियर आईएएस हैं जो अभी तक एसीएस की जिम्मेदारी निभा रही थी, लेकिन अब वो मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगी।

### मजाक में बैग में बम होने की बात कहने पर हवाई यात्री गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक हवाई यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने विमान में सुरक्षा जांच के दौरान मजाक में कहा था कि उसके बैग में बम है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 48 वर्षीय साजु के कुमारन के रूप में की गई है, जो एक निजी कंपनी का कर्मचारी है। यह घटना रविवार शाम को हुई, जब कुमारन को एयर इंडिया की फ्लाइट से बेंगलुरु से केरल के कोच्चि के लिए रवाना होना था। कथित तौर पर विमान में सवार आरोपी ने कर्मचारियों को यह कहते हुए अपना बैग जांचने की अनुमति नहीं दी कि वह इसमें बम ले जा रहा है, इसके बाद उसे विमान से उतार दिया गया।

### यूपी राज्यसभा चुनाव में एनडीए-इंडिया गठबंधन आमने-सामने

**लखनऊ।** देश में लोकसभा चुनाव से पहले, उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए अगले महीने चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों के साथ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया गठबंधन के बीच दिलचस्प मुकाबले का मंच तैयार हो गया है। अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले राज्य के 10 राज्यसभा सदस्यों में से नौ भाजपा के और एक समाजवादी पार्टी (सपा) का है। 27 फरवरी के चुनाव ने एनडीए और इंडिया के घटकों के बीच एक दिलचस्प मुकाबले का मंच तैयार कर दिया है। जबकि भाजपा ने राज्य से 2018 के द्विवार्षिक चुनावों में जीती गई नौ राज्यसभा सीटों को बरकरार रखने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। वहीं सपा को सत्तारूढ़ पार्टी के गेम प्लान का मुकाबला करके अपनी ताकत बढ़ाने का भरोसा है। 2018 के रास चुनाव में भाजपा ने कथित तौर पर विपक्षी विधायकों द्वारा क्रॉस-वोटिंग की योजना बनाई थी।

## वंशवाद की राजनीति को मतदाताओं ने पूरी तरह से खारिज किया : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के लोकतंत्र पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए इसे बेबुनियाद बयान बताया है। मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेबुनियाद बयान दिया है। चाहे वे कुछ भी कहें, सच तो यह है कि लोकतंत्र की आड़ में वंशवाद की राजनीति वर्षों से जारी थी। इसे अब मतदाताओं ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। यह वंशवादी राजनीति अपने ग्रहण की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय और आईएनडीआई गठबंधन के विघटन के बाद कांग्रेस बौखला गई है। इसी बौखलाहट में कांग्रेस ने आपत्तिजनक बयानबाजी शुरू कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आधारहीन और अनर्गल बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सच्चे लोकतंत्र का वास्तविक उदय हो रहा है। लोकसभा चुनाव में उत्तर से दक्षिण तक देश की प्रबुद्ध जनता ने लोकतंत्र के नाम पर जो राजतंत्र चला रहे थे, उन्हें सबक सिखाने का काम किया। वंशवाद का उदाहरण पेश करते हुए सुधांशु ने कहा कि कश्मीर में अब्दुल्ला या मुफ्ती परिवार चुनाव हार गए, पंजाब में बादल परिवार चुनाव हारा, हरियाणा में हुड्डा परिवार चुनाव हारा, अशोक गहलोत का बेटा चुनाव हारा, उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की पत्नी चुनाव हारीं, चौधरी अजीत सिंह और उनके बेटे चुनाव हारे, बिहार में लालू प्रसाद यादव की बेटी चुनाव हारीं, तेलंगाना में केसीआर की बेटी चुनाव हारीं और परिवारवाद के सबसे बड़े प्रतीक राहुल गांधी भी चुनाव हारे। जनता ने वंशवाद की राजनीति को सिरे से नकार दिया है।

### इंडिया गठबंधन 'ब्रेन डेड' हो गया है : प्रह्लाद जोशी



**नई दिल्ली।** नीतीश कुमार के विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन से अलग होने के बाद सवाल उठाते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन अब 'ब्रेन डेड' गठबंधन हो गया है। संसद भवन परिसर में बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों की कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलाने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि इंडिया गठबंधन अब 'ब्रेन डेड' गठबंधन हो गया है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही बोला था कि यह एक अस्वाभाविक गठबंधन है और जो अस्वाभाविक होता है, जल्दी ही उसकी मृत्यु हो जाती है और इसलिए यह गठबंधन अब 'ब्रेन डेड' हो गया है। कांग्रेस का स्वभाव है झगड़ा करने का, टूटने का, इसलिए यह इंडी का झगड़ा अपने अंतिम मुकाम तक आ रहा है।

### कर्नाटक में हनुमान ध्वज हटाने को लेकर खींचतान जारी

**बेंगलुरु ।** मांड्या जिले के केरागोडु गांव में हाल ही में हनुमान ध्वज हटाए जाने के मुद्दे पर कर्नाटक सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को भी तीखी नोकझोंक जारी रही। भाजपा ने इस कदम की निंदा करते हुए सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया था। विवाद पर टिप्पणी करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को बेंगलुरु में कहा कि मांड्या और पुराने मैसूरु क्षेत्र में लोग शांति से रह रहे हैं और भाजपा वहां भी शांति भंग करने का प्रयास कर रही है। कर्नाटक के गांवों में सभी लोग भाईचारे के साथ रहते हैं और सभी त्योहार एक साथ मिलकर मनाते हैं। भाजपा नेता एक नया प्रयोग लेकर आए हैं, जो लोगों के बीच सद्भाव को नष्ट कर देगा। ग्राम पंचायत द्वारा वहां केवल तिरंगे या क्षेत्रीय झंडे को लगाने की अनुमति देने के बावजूद हनुमान ध्वज फहराया गया। शिवकुमार ने कहा,भाजपा द्वारा गढ़ा गया नारा हर घर तिरंगा कहां गया? उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के बजाय हनुमान का झंडा फहराते रहने दें।

### पति-पत्नी की मिली लाश, दोनों के सिर पर लगी थी गोली



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला और एक पुरुष का गोली लगा शव सड़क के किनारे पड़ा है। एक एस क्रॉस गाड़ी भी वहां मौजूद थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो पता चला यह शव पति-पत्नी का है और गाड़ी भी उन्हीं की है। मौके से एक तमंचा भी बरामद हुआ है। शुरूआती जांच में पुलिस मान रही है कि पति ने पत्नी की तमंचे से गोली मारकर हत्या की और फिर सुसाइड कर लिया। लेकिन पुलिस दोनों की हत्या की आशंका की भी जांच कर रही है। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के कमला नेहरु नगर में एम्स का नशा मुक्ति केंद्र है। इसके नजदीक सुबह करीब 8 बजे महिला-पुरुष की लाश पड़ी हुई थी। इस सूचना पर तुरंत थाने की पुलिस पहुंची। इसके बाद डीसीपी (सिटी) ज्ञानन्जय कुमार सिंह भी पहुंच गए। दोनों महिला-पुरुष को गोली लगी थी। मृतकों की पहचान 45 साल के विनोद और उनकी 41 साल पत्नी दीपक के रूप में हुई।

### कांग्रेस कार्यकताओं में झड़प, नोटिस जारी

**भोपाल।** भोपाल में कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में दो कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई। इसके बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। घटना सोमवार की है। कांग्रेस कार्यकताओं की इस शर्मनाक हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। विवाद तब शुरू हुआ जब प्रवक्ता शहरयार खान ने प्रदीप अहिरवार के खिलाफ आरोप लगाते हुए दावा किया, ''प्रदीप पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मौखिक रूप से अपशब्द कह रहे थे।

### कोहरे के चलते खड़े ट्रक से टकराई बस, 4 घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में मंगलवार सुबह छाए घने कोहरे के चलते एक भीषण हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में एक बस ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि घना कोहरा होने के कारण बस चालक सड़क के किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक को नहीं देख पाया और एक्सीडेंट हो गया। ये दुर्घटना गाजियाबाद के नेशनल हाईवे 9 पर हुई है। बस दिल्ली से हल्द्वानी जा रही थी।

### विशेष पीएमएलए अदालत ने खारिज की टीएमसी नेता शाहजहां की याचिका

**कोलकाता।** कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर 5 जनवरी को हुए हमले की साजिश रचने के आरोपी फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां के खिलाफ अंतरिम कोई जबरदस्ती कार्रवाई की अपील खारिज कर दी। विशेष अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि ईडी ने पहले ही मामले में पर्याप्त संयम और कोई जबरदस्ती नहीं करने वाला दृष्टिकोणर दिखाया है। भूमिगत शाहजहां की अग्रिम जमानत अर्जी मंगलवार दोपहर विशेष अदालत में सुनवाई के लिए आई। जज ने ईडी के वकील से शाहजहां पर लगे आरोपों का ब्यौरा मांगा। जब ईडी के वकील ने इस संबंध में विवरण प्रस्तुत करने के लिए कुछ समय मांगा, तो न्यायाधीश ने मामले में सुनवाई तीन फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। उस समय शाहजहां के वकील ने अंतरिम अवधि के दौरान अपने मुवक्किल के खिलाफ ईडी द्वारा कोई जबरदस्ती कार्रवाई नहीं करने की याचिका दायर की। उस याचिका को खारिज करते हुए न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि ईडी पहले ही इस मामले में पर्याप्त कोई-जबरदस्ती न करने वाला दृष्टिकोण दिखा चुका है।

### 'नीतीश कुमार चतुर नहीं, निहायती ही धूर्त'

**बेगूसराय।** चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने खुलकर कहा कि यह आदमी चतुर नहीं, निहायती धूर्त है। वे बिहार के लोगों को ठग रहे हैं। बेगूसराय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आप लिखकर रखिए कि नीतीश कुमार अब चाहे जिस गठबंधन में लड़े या भाजपा के साथ लड़े, अगली बार विधानसभा चुनाव में इनके 20 से कम विधायक चुन कर आएंगे। जदयू को आगामी विधानसभा चुनाव में 20 विधायक भी नहीं आएंगे, अगर आएंगे तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इतनी बेवकूफ नहीं है। जनता आज असहाय महसूस कर रही है। नीतीश कुमार खुद को चतुर समझ रहे हैं, लेकिन, ये आदमी चतुर नहीं निहायत धूर्त आदमी है। जो पूरे बिहार की 13 करोड़ की जनता को मूर्ख बनाकर ठग रहा है। अगले चुनाव में बिहार की जनता ब्याज समेत इनका हिसाब करेगी। प्रशांत किशोर ने दावे के साथ कहा कि अगर किसी एक नेता के खिलाफ जनता में सबसे ज्यादा गुस्सा है, तो वे नीतीश कुमार हैं। आप किसी भी वर्ग से, सामान्य नेता से, जनता से बात कीजिए, नीतीश कुमार के अपने समर्थक, वोटर और पार्टी के नेताओं से बात कीजिए, हर आदमी आज नीतीश कुमार के खिलाफ अपशब्द और गलत बात कह रहा है।

### चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति सतनाम संधू राज्यसभा के लिए मनोनीत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक-कुलपति सतनाम सिंह संधू को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी। अधिसूचना में कहा गया है कि किसान के बेटे संधू भारत के प्रमुख शिक्षाविदों में से एक हैं। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति ने उनके उच्च सदन में मनोनयन का स्वागत करते हुए कहा है कि वे सतनाम सिंह संधू के राज्यसभा के लिए नामांकन का स्वागत करते हैं। सामुदायिक सेवा में उनका समृद्ध कार्य और शिक्षा, नवाचार और सीखने के प्रति उनका जुनून राज्यसभा के लिए ताकत का बड़ा स्त्रोत होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संधू को राज्यसभा में मनोनीत किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सतनाम संधू ने खुद को एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में हैं। वे विभिन्न तरीकों से जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा कर रहे हैं।

## भाजपा नेता की हत्या में पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा



**एजेंसी। कोच्चि**

केरल की एक अदालत ने 2021 में भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 15 सदस्यों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव की हत्या मामले में 31 आरोपी हैं और 15 आरोपियों पर यह फैसला सुनाया गया। 20 जनवरी को मावेलिक्कारा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीजी श्रीदेवी ने सभी 15 आरोपियों को हत्या का दोषी पाया था। अलाप्पुझा बार एसोसिएशन में प्रैक्टिस करने वाले वकील रेन्जिथ 2021 में अलाप्पुझा विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा के उम्मीदवार थे। यह घटना 19 दिसंबर, 2021 को हुई, जब पीएफआई के सदस्यों ने अलाप्पुझा में उनके आवास में घुसकर उनकी पत्नी और मां की मौजूदगी में उनकी हत्या कर दी। मृतक के परिवार ने फैसले पर खुशी व्यक्त की और रेनजिथ की विधवा ने कहा कि हालांकि उनके लिए नुकसान बहुत बड़ा है, लेकिन आरोपियों को अधिकतम सजा देने के लिए वे अदालत के बहुत आभारी हैं, जो उन्होंने समझा है कि यह दुर्लभ है। रेन्जिथ की पत्नी ने कहा, इस अपराध को हुए 770 दिन हो गए हैं और फैसला सुनने के बाद, हमें लगता है कि हमारा इंतजार सार्थक था। अभियोजन पक्ष और पुलिस को विशेष धन्यवाद जो हमारे साथ खड़े रहे।

### उत्तर प्रदेश की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2024 में यूपी की मनोरम झांकी ने सभी का दिल जीत लिया। 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की झांकी को 75वें गणतंत्र दिवस पर द्वितीय पुरस्कार मिला है। मंगलवार को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थी। इसमें पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। एक अधिकारी ने बताया कि अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की इस झांकी ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसमें पांच वर्ष के रामलला को हाथों में धनुष लिए दर्शाया गया था। झांकी में ऋषि-मुनियों के साथ सनातन परंपरा और महाकुंभ आयोजन का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

## बिहार में अब विज्ञापन के जरिए राजद और जदयू में 'क्रेडिट वार'



**एजेंसी। पटना**

बिहार में नीतीश कुमार एक बार फिर से 'पलटी मारने' के बाद 17 महीने की महागठबंधन सरकार चली गई, वहीं फिर से एनडीए सरकार बन गई। लेकिन अब किए गए कार्यों और उपलब्धियों की क्रेडिट लेने की जदयू और राजद में होड़ मच गई है। इसको लेकर स्थानीय समाचार पत्रों में बड़े बड़े विज्ञापन प्रकाशित करवाए जा रहे हैं। पटना से प्रकाशित लगभग सभी समाचार पत्रों में मंगलवार को पूर्व मंत्री अशोक चौधरी और समस्त प्रदेशवासी के नाम से विज्ञापन प्रकाशित करवाया गया है जिसमें नीतीश कुमार को लेकर 'मेरा नेता मेरा अभिमान' बताते हुए उनके सतत प्रयासों के लिए उनका आभार जताया गया है। इस एक पेज के विज्ञापन में वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख नौकरी देने, हर गांव, कस्बों तक सड़क, पक्की नाली और गली, गेहूं, चावल के उत्पादन में रिकार्ड वृद्धि सहित 16 विशेष उपलब्धियों का जिक्र किया गया है। इससे दो दिन पहले राजद द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों में पूरे एक पेज का विज्ञापन प्रकाशित करवाया गया था, जिसमे पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की बड़ी तस्वीर के साथ लिखा गया था, 'धन्यवाद तेजस्वी, आपने कहा, आपने किया और आप ही करेंगे' के साथ महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया गया था। जदयू नेता अशोक चौधरी के मंगलवार के प्रकाशित विज्ञापन को तेजस्वी के प्रकाशित विज्ञापन का जवाब माना जा रहा है।

## दर्दनाक: कुछ सावधानियां बरत इससे बचा जा सकता है

# दिल्ली में अंगीठी के धुएं से जनवरी में 15 की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली में कड़ाके की ठंड ने यहां के निवासियों पर गंभीर असर डाला है। अकेले जनवरी में 15 लोगों की जान चली गई है। पीड़ितों की मौत आमतौर पर ठंड से निपटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अंगीठी (पारंपरिक ब्रेजियर) के धुएं के कारण हुई है।

जैसे-जैसे तापमान में गिरावट जारी है, कई दिल्लीवासी गर्म रहने के लिए पारंपरिक तरीकों की ओर रुख कर रहे हैं, इसमें ब्रेज़ियर का उपयोग भी शामिल है। जलते कोयले या लकड़ी से भरे ये धातु के कंटेनर सड़कों और घरों में आम दिखाई देते हैं, जो गर्मी का स्रोत प्रदान करते हैं। हालांकि, हाल की मौतें ऐसी प्रथाओं से जुड़े अंतर्निहित जोखिमों को उजागर करती हैं। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, अगर दिल्ली-एनसीआर के आस-पास के क्षेत्रों के आंकड़ों को शामिल किया जाए तो पारंपरिक ब्रेज़ियर के कारण कुल हताहतों की संख्या 20 से अधिक है। गर्ग ने चिंता व्यक्त करते हुए इन मौतों की दुर्भाग्यपूर्ण प्रकृति पर टिप्पणी की और इस बात पर जोर दिया कि कुछ सावधानियां बरतकर इन्हें आसानी से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि बंद जगहों पर अंगीठी जलाने के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता की कमी इन मौतों का मुख्य कारण है। गर्ग ने कहा कि जब 'अंगीठी ' का उपयोग वायुरोधी कमरे में किया जाता है, तो यह ऑक्सीजन का उपभोग करती है, इससे सांस फूलने लगती है। इसके साथ ही, कार्बन डाइऑक्साइड और जहरीली कार्बन मोनोऑक्साइड का ऊंचा स्तर घातक खतरा पैदा करता है। गर्ग ने कहा,आप एक बंद कमरे के अंदर जो कुछ भी जलाते हैं, चाहे वह हीटर, अंगीठी, या कॉइल हो, वे सभी ऑक्सीजन की खपत करते हैं।

जब भी आप इन उपकरणों के साथ अपने कमरे को गर्म करने का इरादा रखते हैं, तो क्रॉस वेंटिलेशन के लिए एक खिड़की या दरवाजा थोड़ा खुला रखना सुनिश्चित करें। डीएफएस प्रमुख ने कमरे में नमी और ऑक्सीजन के स्तर को बनाए रखने के लिए 'अंगीठी' के पास पानी की एक बाल्टी या बड़ा पैन रखने की सिफारिश की। गर्ग ने कहा, इन सावधानियों के अलावा, लोगों को हीटर दूर रखना चाहिए।

## मंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए मांगी राज्यपाल की सहमति

**एजेंसी। बेंगलुरु**



कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत को एक याचिका दायर कर सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना के खिलाफ लोकायुक्त विशेष अदालत में शिकायत दर्ज करने की सहमति मांगी गई है। उन पर विभाग में कुशल आईएएस अधिकारियों की उपलब्धता के बावजूद कथित भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे एक सेवानिवृत्त अधिकारी को एक प्रमुख पद पर नियुक्त करने का आरोप है। आरटीआई कार्यकर्ता दिनेश कल्लाहल्ली ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने एक प्रमुख पद पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे एक सेवानिवृत्त अधिकारी की नियुक्ति पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और आईपीसी के प्रावधानों के तहत एक निजी शिकायत दर्ज करने और जांच की मांग करने के लिए सहमति मांगी है। इस संबंध में 29 सितंबर, 2023 को शिकायत दर्ज की गई थी। नवीनतम स्थिति यह है कि राज्यपाल के कार्यालय ने आगे की कार्रवाई के लिए फाइल कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव के कार्यालय को भेज दी है। विभाग के भीतर कुशल आईएएस अधिकारियों पर विचार नहीं किया जाता है और इस पद के लिए एक सेवानिवृत्त अधिकारी को प्राथमिकता दी जाती है। शिकायत में कहा गया है, नियुक्ति के पीछे निहित स्वार्थ का गहरा संदेह है।

# केंद्रीय बजट निर्माण के विभिन्न चरण

**आरएनएम डेस्क रांची**

पहला चरणः बजट की रूपरेखा बनाने में नीति आयोग, नियंत्रक महालेखा परीक्षक व प्रशासनिक मंत्रालयों की मदद ली जाती है। प्रत्येक मंत्रालय अपनी आवश्यकताओं की जानकारी वित्त मंत्रालय को देता है। योजना आयोग सरकारी योजनाओं की प्राथमिकताओं से वित्त मंत्री को अवगत कराता है और नियंत्रक लेखा परीक्षक लेखा-जोखा उपलब्ध कराता है। नीति आयोग और नियंत्रक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट को ध्यान में रखकर बजट बनाने के पहले चरण में व्ययों के अनुमान तैयार किए जाते हैं। इसके बाद वित्त मंत्रालय सरकारी आय-व्यय अथवा राजस्व के अनुमान तैयार करता है। वित्त मंत्रालय इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, कस्टम ड्यूटी डिपार्टमेंट तथा सेंट्रल एक्साइज डिपार्टमेंट से पिछले वित्त वर्ष में संग्रह की गई राशि के आंकड़ों को आधार बना कर यह अनुमान तैयार करता है। इन आंकड़ों के आधार पर संभावित आय का अनुमान लगाया जाता है। अब इसी अनुमान के आधार पर आगामी वित्तीय वर्ष के लिए टैक्स तय करने का प्रस्ताव बनाया जाता है।

**दूसरा चरण : मांग और वित्तीय परिषद**

बजट बनाने की प्रक्रिया के दूसरे चरण में सभी विभागों की मांगों को वित्तीय परिषद् की बैठक में रखा जाता है तथा निर्णय लिया जाता है। फिर इन्हें दो अलग-अलग भागों- आय और व्यय -में रखा जाता है। यह बजट दस्तावेज कहलाता है। यही दस्तावेज वित्त विधेयक भी कहलाता है। इसे वित्त मंत्री संसद में पेश करते हैं। वित्त विधेयक में नए टैक्सों का लेखा-जोखा होता है। अब बजट स्थायी समिति को सुपुर्द कर दिया जाता है। सदस्यगण इस पर लगभग एक माह तक विचार करते हैं। फिर संसद में बजट पर वाद-विवाद होता है।

**तीसरा चरण : समन्वय**

बजट पर वित्त मंत्रालय की नियमित बैठकें होती हैं। इनमें वित्त सचिव, राजस्व सचिव, व्यय सचिव, बैंकिंग सचिव, संयुक्त सचिव (बजट) के अलावा केंद्रीय सीमा एवं उत्पाद शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष हिस्सा लेते हैं। बजट पर वित्त मंत्री को योजनाओं और खर्चों के मिलने वाले सुझाव वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग को भेज दिए जाते हैं, जबकि टैक्स से जुड़े सारे सुझाव वित्त मंत्रालय की टैक्स रिसर्च यूनिट (टीआरयू) को भेजे जाते हैं। इस यूनिट का प्रमुख एक संयुक्त सचिव स्तर का अधिकारी होता है। प्रस्तावों और सुझावों के अध्ययन के बाद यह यूनिट कोर ग्रुप को अपनी सिफारिशें भेजती है। बजट बनाने से सबंधित पूरी प्रक्रिया का समन्वय वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी के जिम्मे होता है। बजट के निर्माण से लेकर बैठकों का समय तय करने और बजट की छपाई तक, सब काम इसी अधिकारी के जरिए होते हैं।



## बजट का इतिहास

**पहला बजट**

गुलाम भारत में पहला बजट 18 फरवरी 1860 को पेश किया गया था। ये बजट वायसराय की परिषद में ईस्ट इंडिया कंपनी से जुड़े स्कॉटिश अर्थशास्त्री एवं नेता जेम्स विल्सन ने पेश किया था। भारत के आजाद होने के बाद पहला बजट भारत के पहले वित्त मंत्री आर के षण्मुखम चेट्टी ने 26 नवंबर, 1947 को पेश किया था।

**बदला समय**

- 1924 से लेकर 1999 तक बजट फरवरी के अंतिम कार्यकारी दिन मतलब 31 मार्च की शाम पांच बजे पेश किया जाता था। यह प्रथा सर बेसिल ब्लैकैट ने 1924 में शुरू की थी। इसके पीछे का कारण रात भर जागकर वित्तिय लेखा जोखा जोखा तैयार करने वाले अधिकारियों को अराम देना था। 2000 में पहली बार यशवंत सिन्हा ने बजट सुबह 31 मार्च को 11 बजे पेश किया।
- यह परंपरा 2017 में बदली गई, जब अरुण जेटली वित्त मंत्री थे। उन्होंने एक फरवरी को बजट पेश करने की परंपरा डाली, तर्क दिया गया कि इससे बजट प्रवाधानों को एक अप्रैल से लागू करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।
- देश में सबसे ज्यादा बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड मोरारजी देसाई के नाम है। मोरारजी देसाई ने आठ सालाना बजट और दो अंतरिम बजट पेश किए। दूसरा नाम पी चिदंबरम, तीसरा नाम प्रणब मुखर्जी और यशवंत सिन्हा और चौथा नाम मनमोहन सिंह का आता है।

**चौथा चरण : गोपनीयता**

बजट निर्माण की प्रक्रिया को इतना गोपनीय रखा जाता है कि संसद में पेश होने तक इसकी किसी को भनक भी नहीं लग पाती। वित्त मंत्रालय दो दिन पहले पूरी तरह सील कर दिया जाता है। वित्त मंत्रालय के नॉर्थ ब्लॉक स्थित दफ्तर को बजट पेश होने के कुछ दिनों पहले से एक अघोषित 'कैदखाने' में तब्दील कर दिया जाता है। बजट की छपाई से जुड़े कुछ कर्मचारियों को यहां पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के कड़े पहरे में दिन-रात रहना होता है। बजट के दो दिन पहले तो नॉर्थ ब्लॉक में वित्त मंत्रालय का हिस्सा पूरी तरह सील कर दिया जाता है। यह सब वित्त मंत्री के बजट भाषण के पूरा होने और वित्त विधेयक के रखे जाने के बाद ही समाप्त होता है।

## आम बजट क्या है?

केंद्रीय बजट या यूनियन बजट को सामान्य बोलचाल की भाषा में आम बजट कहा जाता है। इसमें भारत सरकार एक वित्तीय वर्ष के दौरान होने वाली सभी आय और खर्च का ब्यौरा देती है। भारत में बजट वित्त वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होकर 31 मार्च तक लागू रहता है। केंद्रीय बजट में ही राजस्व बजट और पूंजीगत बजट भी शामिल होता है। इसमें अगले वित्त वर्ष के खर्च और आमदनी से जुड़े अनुमान शामिल होते हैं।

### प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर क्या होते हैं

वह टैक्स है जो सरकार सीधे वसूलती है। किसी व्यक्ति या कंपनी की आय पर जो टैक्स लगता है, वह डायरेक्ट टैक्स कहलाता है, इसमें इनकम टैक्स और कॉर्पोरेट टैक्स शामिल है। वहीं, किसी वस्तु या सेवा की कीमत पर लगाया जाने वाला कर इनडायरेक्ट टैक्स या अप्रत्यक्ष कर कहलाता है। इस टैक्स को सरकार किसी व्यक्ति से सीधे नहीं वसलूती है, बल्कि विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की कीमत पर लगाया जाता है। इनडायरेक्ट टैक्स में कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी तक आते हैं, वहीं, जीएसटी भी इनडायरेक्ट टैक्स है।

- विदेशों से आयात होकर आने वाली वस्तुओं पर लगाए जाने वाले चार्ज को कस्टम ड्यूटी कहा जाता है। वहीं, देश में बने प्रोडक्ट्स पर निमार्ता की ओर से दिए जाने जाने वाले टैक्स को एक्साइज ड्यूटी कहते हैं।

### रेवेन्यू बजट का क्या मतलब?

बजट कई हिस्सो में बंटा होता है और जिस हिस्से में विभिन्न मदों से सरकार को होने वाली आय और उस पर होने वाले खर्चों का ब्यौरा होता है, उसे रेवेन्यू बजट कहते हैं। रेवेन्यू के स्रोतों को भी टैक्स रेवेन्यू और नॉन-टैक्स रेवेन्यू दो भागों में बांटा जाता है। टैक्स रेवेन्यू में विभिन्न टैक्स से होने वाली आय शामिल होती है, जिसमें इनकम टैक्स, कॉरपोरेट टैक्स, एक्साइज, कस्टम्स, जीएसटी और सरकार की ओर से लगाए गए अन्य सेस और ड्यूटी आते हैं।

- नॉन-टैक्स रेवेन्यू के स्रोतों में, लोन पर मिलने वाला ब्याज, सरकारी कंपनियों से मिलने वाला डिविडेंड और सरकार की ओर से दी जाने वाली दूसरी सेवाओं के बदले मिलने वाले फीस आदि शामिल होती है।

### रेवेन्यू डेफिसिट क्या होता है?

सरकार हर वित्तीय वर्ष में अपने आमदनी और खर्च का लक्ष्य तय करती है। अगर रेवेन्यू उम्मीद से कम होता है तो इसे रेवेन्यू डेफिसिट यानी राजस्व घाटा कहते हैं। इसका मतलब है कि सरकार ने जरूरी खर्च के बराबर कमाई नहीं की।

### कैपिटल बजट

कैपिटल बजट में सरकार को विभिन्न स्रोतों से मिलने वाली पूंजी और उसका भुगतान शामिल होता हैं। पूंजी प्राप्तियों में जनता से सरकार का लिया हुआ कर्ज, रिजर्व बैंक से लिया उधार, विदेशी संस्थाओं और सरकारों से लिया गया लोन आदि आते हैं।

### राजकोषीय घाटा

फिस्कल डेफिसिट सरकार के खर्च और कमाई के बीच का अंतर है। अगर खर्चे सरकार की कमाई से ज्यादा हो जाते हैं तो उसे फिस्कल डेफिसिट यानी राजकोषीय घाटा कहते हैं। वहीं, सरकार किस तरह खर्च करेगी और टैक्स सिस्टम क्या होगा, इसके लिए रणनीति बनाई जाती है। इसमें टैक्स और विभिन्न खर्चों से जुड़े फैसलों का जिक्र होता है।

## खबरें व्यापार जगत की

### बजट के प्रकार

**अधिशेष बजट :** जब कर से प्राप्त राशि आवश्यक आय से अधिक होती है, तो इसे बजट अधिशेष कहा जाता है। हालांकि मुख्यतः ऐसी भी स्थिति होती है जब व्यय राजस्व से अधिक हो। यह तब होता है जब सरकार घाटा वाली बजट को चलाती है।

**संतुलित बजट :** सरकार जमा आय के बराबर राशि खर्च कर सकती है। इसे संतुलित बजट के रूप में जाना जाता है। अगर इससे ज्यादा खर्च करने की जरूरत पड़ती है, तो बजट को संतुलित रखने के लिए करों के माध्यम से राशि प्राप्त करना पड़ेगा।

**घाटे का बजट :** बजटीय घाटा उस स्थिति को कहा जाता है जिसमें खर्च आय से अधिक हो जाता है। हालांकि इसका उपयोग ज्यादातर सरकारों के लिए किया जाता है।

### मारुति सुजुकी को पछाड़ सबसे मूल्यवान कंपनी बनी टाटा मोटर्स, मार्केट कैप 3.15 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के लिहाज से टाटा मोटर्स अब मारुति सुजुकी इंडिया को पीछे छोड़कर देश की सबसे मूल्यवान वाहन निमार्ता कंपनी बन गई है। कंपनी का मार्केट कैप 3.15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। टाटा मोटर्स के शेयर ने मंगलवार को कारोबार के दौरान ऑल-टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया, जिसके चलते कंपनी ने यह मुकाम हासिल किया है। टाटा मोटर्स ने सात साल बाद मारुति सुजुकी को मार्केट कैप के मामले में पीछे छोड़ा है। टाटा मोटर्स का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 3.15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। मारुति सुजुकी इंडिया का मार्केट कैप 3.13 लाख करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी के बाजार पूंजीकरण में उसके मूल्यांकन के अलावा डीवीआर शेयर शामिल हैं। टाटा मोटर्स का मार्केट कैप 2,85,515.64 करोड़ रुपये है जबकि टाटा मोटर्स लिमिटेड-डीवीआर का बाजार पूंजीकरण 29,119.42 करोड़ रुपये रहा। इस तरह कुल मिलाकर यह 3,14,635.06 करोड़ रुपये रहा। ये मारूति सुजुकी के 3,13,058.50 करोड़ रुपये के मार्केट कैप से 1,576.56 करोड़ रुपये अधिक है। उल्लेखनीय है कि डिफरेंशियल वोटिंग राइट्स (डीवीआर) शेयर सामान्य इक्विटी शेयरों की तरह होते हैं लेकिन इसमें मतदान करने का अधिकार एवं लाभांश अधिकार अलग होता है। आमतौर पर कंपनियां जबरिया अधिग्रहण को रोकने और खुदरा निवेशकों को जोड़ने आदि कारणों से डीवीआर जारी करती हैं।

### भारत-अमेरिका आपसी सहयोग से लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाएंगे और मजबूत : राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राजधानी नई दिल्ली में इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के विशेष सत्र में कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। यदि आधुनिक लोकतंत्र के आधार पर बात की जाए तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जबकि अमेरिका सबसे पुराना। अब जब दो बड़े लोकतंत्र आपस में सहयोग करेंगे तो निश्चित रूप से यह लोकतांत्रिक विश्व व्यवस्था को और भी मजबूत बनाएगा। राजनाथ सिंह ने विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत में वह सारी चीजें मौजूद हैं, तथा उन सारी चीजों पर काम हो रहा है, जो हमारे संबंधों को समग्रता में और मजबूत बनाने की दिशा में कारगर सिद्ध हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका सहयोग में हमारे सुरक्षा और समृद्धि के साझा उद्देश्यों को साकार करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल अलगाव होने को नहीं, बल्कि भाईचारा को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पहल का उद्देश्य यह बिल्कुल भी नहीं है कि हम वैश्विक व्यवस्था से ही कट जाए।

## भारतीय फुटबॉल टीम में झारखंड की सात बालिकाओं का चयन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड फुटबॉल फेडरेशन के महासचिव गुलाम रब्बानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड से नीचे सूचीबद्ध खिलाड़ियों को सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। टीम 1 से 8 फरवरी तक चैंपियनशिप के लिए ढाका, बांग्लादेश की यात्रा करेगी।

**टीम के लिए झारखंड से चुनी गई बालिकाओं के नाम :** निशिमा कुमारी, शिवानी टोप्पो, ललिता बोयपाई, मेनका देवी लौरेमबम, बबीता कुमारी, नीतू लिंडा, विकसित बारा।

गुलाम रब्बानी ने सभी चयनित बालिका खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। झारखंड फुटबॉल फेडरेशन के कोऑर्डिनेटर आशीष बोस और प्रसिद्ध समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू ने सभी नवचयनित बालिका खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड ने भारत को 7-4 से हराया

**एजेंसी। मस्कट**

भारत को मंगलवार को एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 4-7 से हार का सामना करना पड़ा। मोहम्मद राहील (1', 7', 25') ने हैट्रिक जमाई, जबकि मंदीप मोर (11') ने भारत के लिए एक गोल किया। नीदरलैंड के लिए सैंडर डी विजन (4', 15'), और अलेक्जेंडर शॉप (10', 26'), लुकास मिडेंडोर्प (12'), जेमी वैन आर्ट (13') और पेपिजन रेयेन्गा (20') ने गोल किये।



मैच की शुरूआत भारत के लिए आशाजनक रही, क्योंकि मोहम्मद राहील (1') ने पहले ही मिनट में एक फील्ड गोल के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे एक गहन प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार हो गया। हालांकि नीदरलैंड ने भारत की शुरूआती बढ़त का तुरंत जवाब दिया। सैंडर डी विजन (4') ने स्कोर बराबर कर दिया।

भारत ने अपनी आक्रामक रणनीति तेज कर दी, जिससे मोहम्मद राहील (7') ने एक और गोल किया। नई बढ़त के बावजूद, नीदरलैंड ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अलेक्जेंडर शॉप (10') के गोल की बदौलत एक बार फिर बराबरी करने में कामयाबी हासिल की।

मनदीप मोर (11') ने भारत के लिए बढ़त हासिल कर ली। फिर भी, नीदरलैंड ने तेजी से गोल करके जवाबी हमला किया, क्योंकि लुकास मिडेंडोर्प (12') और जेमी वान आर्ट (13') ने कुशलतापूर्वक गोल किये, जिससे गति नीदरलैंड के पक्ष में आ गई। हाफटाइम की शुरूआत में सैंडर डी विजन (15') ने एक महत्वपूर्ण चुनौती वाला गोल किया। जिससे भारत पिछड़ गया।

दूसरे हाफ में नीदरलैंड्स ने अपना दबदबा कायम किया। पेपिन रोयेंगा (20') और अलेक्जेंडर शॉप (26') ने अपनी बढ़त को आगे बढ़ाया। मोहम्मद राहील (25') के साहसिक प्रयास के बावजूद, जिन्होंने एक बार फिर अपनी हैट्रिक पूरी करने के लिए गोल किया। भारत अंत में 4-7 से हार गया। भारत अब 5-8वें स्थान के मैच में केन्या के खिलाफ खेलेगा।

## खबरें खेल जगत की

### पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के लिए जीशान अली भारतीय कप्तान नियुक्त



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने जीशान अली को पाकिस्तान के खिलाफ 3-4 फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले आगामी मुकाबले के लिए भारतीय डेविस कप टीम का कप्तान नियुक्त किया है। यह निर्णय नामित के रूप में नामित रोहित राजपाल के फैसले के बाद आया है जो व्यक्तिगत कारणों से अपने कर्तव्यों को पूरा करने में असमर्थ हैं। अली जो पहले भारतीय डेविस कप टीम के कोच के रूप में काम कर चुके हैं, को राजपाल की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गयी है। टेनिस में अनुभव और विशेषज्ञता के साथ, जीशान अली इस दौरान इस महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

### एलएंडटी मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे 31 देशों के खिलाड़ी




**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) द्वारा आयोजित एलएंडटी मुंबई ओपन में 31 देशों के खिलाड़ी एक्शन में नजर आएंगे, जो छह साल के अंतराल के बाद टेनिस कैलेंडर में लौट आया है। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में एकल और युगल दोनों वर्गों में शीर्ष 100 खिलाड़ी शामिल होंगे, जो डब्ल्यूटीए $125के श्रृंखला का एक हिस्सा हैं। टूर्नामेंट, क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में नवनिर्मित टेनिस कोर्ट पर खेला जाएगा। क्वालीफाइंग मैच 3 और 4 फरवरी से खेले जाएंगे, जबकि मुख्य ड्रा सोमवार 5 फरवरी, 2024 को शुरू होगा। फाइनल रविवार 11 फरवरी को खेला जाएगा।

### जेनक से डेनियल मुनोज को क्रिस्टल पैलेस ने किया साइन

**लंदन।** प्रीमियर लीग क्लब ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। क्रिस्टल पैलेस एफसी ने 2027 तक बेल्जियम के क्लब जेनक से डेनियल मुनोज के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। जिसमें एक और वर्ष के लिए विकल्प भी शामिल है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक 2023/24 में सात गोल दागने और दो सहायता प्रदान करके अपने रक्षात्मक कर्तव्यों को आक्रामक आक्रमण कौशल के साथ संयोजित करने के लिए पूरे महाद्वीप में प्रतिष्ठा बनाई है। मुनोज ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट को बताया ऐसे ऐतिहासिक क्लब, क्रिस्टल पैलेस जैसे बड़े क्लब में आना मेरे लिए खुशी की बात है। मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि यह एक सपने जैसा है। मुझे उम्मीद है कि मैं इस काम में खरा उतरूंगा।

### केंद्रीय खेल मंत्रालय ने कई एथलीटों के विदेश में प्रशिक्षण के अनुरोध को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक को देखते हुए युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने अपनी नवीनतम बैठक में कई एथलीटों के विदेश में प्रशिक्षण के अनुरोध को मंजूरी दे दी है, जिसमें एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले और पारुल चौधरी कोलोराडो, अमेरिका जा रहे हैं; पहलवान अंशू मलिक और सरिता मोर क्रमशः जापान और अमेरिका में प्रशिक्षण ले रही हैं और उभरते टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन ओसाका, जापान जा रहे हैं।

## 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता रांची में आज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के तहत आज से चार फरवरी तक रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का खो-खो मैदान में अंडर 14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता होगी।

राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 31 जनवरी को दोपहर तीन बजे राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता करेंगे। इस प्रतियोगिता में 28 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 660 बाल खिलाड़ी रांची पहुंच गए हैं। इनमें 336 बालक और 324 बालिकायें शामिल हैं।

प्रतियोगिता में बच्चों के अलावा विभिन्न टीमों के 110 सपोर्टिंग स्टाफ भी रांची पहुंचे जिनमें, कोच और मैनेजर्स भी शामिल हैं। इन टीमों का रांची पहुंचने पर परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया।

### आईसीसी टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं दीप्ति शर्मा



**दुबई।** भारत की हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी महिला टी20ई गेंदबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दीप्ति अब पाकिस्तान की बाएं हाथ की ऑफ स्पिनर सादिया इकबाल के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। दीप्ति को दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा के खराब फॉर्म से भी फायदा हुआ है, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों में केवल एक विकेट लेने के बाद दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं।

## इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के जरिये कोर्ट पर वापसी का लक्ष्य बना रही हैं वीनस विलियम्स

**एजेंसी। कैलिफोर्निया**

पूर्व विश्व नंबर 1 और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन, वीनस विलियम्स उत्तरी अमेरिकी हार्ड-कोर्ट सीजन के दौरान टेनिस में वापसी की तैयारी कर रही हैं और इसके लिए वह अपनी बहन सेरेना विलियम्स से प्रेरणा ले रही हैं।

वीनस ने सप्ताहांत में अपने यूट्यूब अकाउंट पर प्रसारित एक नए वीडियो में पिछले वर्ष की अपनी चोट की समस्याओं के बारे में बात की और इंडियन वेल्स और मियामी में डब्ल्यूटीए 1000 स्पर्धाओं में वापसी को एक बड़ा लक्ष्य बताया।



वीडियो में 43 वर्षीय विलियम्स ने पहली बार घुटने की चोट के बारे में बात की, जिसके कारण उन्हें पिछली गर्मियों में विंबलडन में सेंटर कोर्ट के बाहर लड़खड़ाना पड़ा था। विलियम्स ने कहा कि लगातार सूजन और दर्द के कारण मॉन्ट्रियल, सिनसिनाटी और यूएस ओपन में मैचों की तैयारी के लिए उनकी व्यायाम करने और यहां तक कि चलने की क्षमता में बाधा आ रही है। डब्ल्यूटीए के हवाले से वीनस ने कहा मैं अपनी चोटों के बारे में ज्यादा बात नहीं करती क्योंकि मुझे शिकायत करना पसंद नहीं है। उन्होंने अपने कार्टिलेज की चोट को उन बड़ी बीमारियों में से एक बताया, जिनसे उन्होंने अपने लंबे और शानदार करियर में जूझने की कोशिश की है। विलियम्स ने कहा कि यूएस ओपन के पहले दौर में बेल्जियम के क्वालीफायर ग्रीट मिनेन के खिलाफ हार ने खुद के साथ ईमानदार होने के लिए प्रेरित किया और उन्हें यह एहसास कराया कि प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होकर टेनिस में वापसी करना स्प्रिंट के बजाय मैराथन होगा। लेकिन सेरेना के सशक्त बातों ने भी उनकी मदद की, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि प्रशंसकों को इस साल के अंत में उन्हें एक्शन में देखने का एक और मौका मिलेगा।

वीनस ने कहा मेरा एक बड़ा लक्ष्य संयुक्त राज्य अमेरिका में खेलना, मियामी ओपन और इंडियन वेल्स में खेलना है। मैं चोटों के कारण 2019 से वहां नहीं खेली हूं। लंबा समय हो गया है। ...घर पर नहीं खेले कई साल हो गए हैं। तो यह निश्चित रूप से क्षितिज पर मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक है, वहाँ रहना है, ऐसा करने के लिए तैयार रहना है। उन्होंने कहा मेरी छोटी बहन, सेरेना ने मुझे बताया कि मुझे संन्यास लेने की जरुरत नहीं है, और निश्चित रूप से, यह जनादेश है। इसलिए मैं कोर्ट पर वापस आऊंगी।

## राज्यपाल ने महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा राज्यपाल ने बापू वाटिका, मोरहाबादी, रांची में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रकट की।

## पुण्यतिथि पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने केंद्रीय कार्यालय में उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। सुदेश कुमार महतो ने बापू को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचार और उनके सिद्धांत अनमोल है। यह आज भी प्रासंगिक है और हमेशा रहेंगे। महात्मा गांधी हमारे प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने देश सहित पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का पाठ पढ़ाया था। हमें उनके दिखाए रास्ते पर संकल्पित होकर चलने की आवश्यकता है।

## सीएम ने बापू को किया नमन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू के दिखाए रास्ते हर युग में प्रासंगिक हैं। हम सभी को गर्व होना चाहिए कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे शख्सियत हमारे देश में जन्मे और हमारा मार्गदर्शन किया। देश-दुनिया भी उनके आदर्श और विचारों का अनुसरण करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी बापू के विचार और संदेश को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। मौके पर सत्ता पक्ष के मंत्री व विधायक सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बाबूलाल और निशिकांत पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएगी झामुमो : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करायेगी। भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी को ही मीडिया को बताया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निजी काम से दिल्ली गये हैं। वे अब लौट भी आये हैं। इस बीच भाजपा के बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे ने मुख्यमंत्री को लेकर जिस तरह का वक्तव्य दिया है, वह शर्मनाक है। उनके खिलाफ पार्टी अब सीआरपीसी की धारा 499 (मानहानि) का केस करेगी। सीएम कोई व्यक्ति भर नहीं, अपने आप में एक संस्थान हैं। सुप्रियो ने कहा कि सीएम को मिसिंग बताते हैं और 11 हजार रुपये इनाम की बात करते हैं। बाबूलाल का संगठन सीएम को लेकर थाना तक चला जाता है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री ने यहां 31 जनवरी को ईडी को समय दिया हुआ है तो उनके दिल्ली आवास पर वह क्यों और कैसे पहुंच गयी। उसे यह अधिकार किसने दिया। दिल्ली आवास से 36 लाख रुपये कैश मिलने की बात कही जा रही। कौन जानता है कि बाबूलाल या ईडी ने ही इसे प्लांट कराया हो। मुख्यमंत्री के मिसिंग होने की बात करने वाले मुख्य विपक्षी दल और उनके नेता बताएं कि क्या मुख्यमंत्री भाजपा ऑफिस में बायोमेट्रिक अटेंडेंस देंगे?

एक सवाल पर कि आखिर मुख्यमंत्री रांची कैसे लौटे? सुप्रियो ने भड़कते हुए कहा कि मीडिया का ऐसा सवाल भ्रम पैदा करता है। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि जो कोई भी जिस साधन (ट्रेन, प्लेन, बस) से कहीं जाए तो उसी से लौटे। कोरोना काल में महाराष्ट्र से हजारों लोग 2500 किमी पैदल चल कर यहां आए। मुख्यमंत्री भी आ गये, यही बहुत है। भले वे घुटने के बल चलकर आए हों। राजभवन को भी निशाने पर रखते कहा कि यह कौन सा पैनिक क्रिएट किया जा रहा, वे मुख्य सचिव, डीजीपी को अपने ही यहां रख लें। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का सीएम हाउस में विधायक संग बैठक में शामिल होने के सवाल पर सुप्रियो ने कहा कि दोपहर में हुई बैठक एक साथ जुटने और बापू वाटिका जाने को लेकर थी। कल्पना से राजनीति नहीं चलती। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सीता सोरेन और रामदास सोरेन भी दिल्ली में हैं, पार्टी को मालूम है।

## रांची में आज सुबह नौ बजे से रात 10 बजे तक धारा 144 लागू

रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने शहर में बुधवार सुबह नौ बजे से रात दस बजे तक धारा 144 लागू किया है। एसडीओ ने संगठनों, दलों की ओर से धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैली किए जाने की सूचना को लेकर शहर में धारा-144 लागू करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न होती है। साथ ही साथ शहर में विधि-व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न होती है। साथ ही लोक परिशांति भंग होने की संभावना को लेकर धारा 144 लागू किया गया है।

**इन जगहों पर किया गया है धारा 144 लागू :** एसडीओ ने राजभवन और मुख्यमंत्री आवास और ईडी ऑफिस के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू की गयी है। इस दौरान धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैली पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। साथ ही हथियार, लाठी-डंडा, किसी भी का शस्त्र, ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल करना वर्जित रहेगा।

## हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की गरिमा ही खत्म कर दी : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को कहा कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की गरिमा खत्म कर दी है। साथ ही राज्य की छवि भी लगातार बिगाड़ रहे हैं। उन्हें यह बताना चाहिए कि जब दिल्ली में ईडी की टीम उनके आवास पर पहुंची तब वे कहां थे। फिर वे किस रास्ते से लौटे। उनकी गतिविधियों से संशय और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ईडी सोरेन पूछताछ करना चाहती है।

यदि उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो बेहिचक इसका सामना करना चाहिए। सरकार और उनकी पार्टी शासन का दुरुपयोग कर राज्य का माहौल खराब करने में जुटी है जबकि राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर राज्यपाल लगातार चिंता जाहिर कर रहे हैं।

### वन नेशन वन इलेक्शन नए भारत की आकांक्षा को दर्शाता है : डॉ देवशरण भगत

आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर आयोजित बैठक में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें तो आधुनिक भारत के लोकाचार प्रतिबिंबित हो सकते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन नए भारत की आकांक्षा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। देश को वन नेशन वन इलेक्शन की ओर बढ़ना चाहिए। इसके लागू होने से देश की प्रगति आगे बढ़ेगी और चुनाव में होने वाले खर्च में काफी कमी आएगी।

## झारखंडवासियों से माफी मांगें मरांडी : अनिता यादव



**रांची।** राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गुमशुदा का पोस्ट डालने पर आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने यह पोस्ट डालकर एक आदिवासी नेता के साथ-साथ पूरे झारखंड की छवि खराब की है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। अगर आप बात के पक्के हैं, तो झारखंडवासियों के अकाउंट में 11000 भेज दें।

## क्या सड़क मार्ग से दिल्ली से रांची पहुंचे सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

माना जा रहा है कि सत्तारूढ़ गंठबंधन को मुख्यमंत्री के ठिकाने की पक्की जानकारी थी। कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद ने सोमवार की शाम मीडिया से कहा था कि 30 जनवरी को दोपहर दो बजे के बाद सीएम हाउस में सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक होनी है। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहेंगे। वहीं झामुमो प्रवक्ता सह महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए कहा था कि वह सीएम से अपॉइंटमेंट के लिए आवेदन दें सीएम से मिलवा देंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि सीएम सड़क मार्ग से दिल्ली से रांची लौटे हैं।

### मरांडी ने 11 हजार के इनाम की घोषणा की

इधर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं ने सीएम लापता के बैनर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तो सोशल मीडिया एक्स पर ऐलान किया है कि 40 घंटे से लापता सोरेन को ढूंढ़ने वाले को वह अपनी ओर से ग्यारह हजार रुपए का इनाम देंगे।

## राज्य के 35 हजार सरकारी स्कूलों में शहीद दिवस पर दी गयी मौन श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम में शहीद होने वाले वीरो को मौन श्रद्धांजलि दी गयी। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार राज्य के 35000 स्कूलों में आज पूर्वाह्न 11 बजे स्मृति सह मौन सभा का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक, एसएमसी सदस्य समेत सभी बच्चों ने भाग लिया। इस सभा में बच्चों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले वीर शहीदों के जीवन से जुड़ी प्रेरक भाषण व पाठ्येत्तर गतिविधियां भी कराई गयी।

बच्चों ने इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर बापू और शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश के प्रति सच्चा समर्पण और स्वयं को राष्ट्र सेवा में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस स्मृति सभा में स्कूल के आस पास रहने वाले अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया।

## पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा के डिस्चार्ज पीटिशन पर सुनवाई पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में मंगलवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा कुमार साहा की ओर से दायर डिस्चार्ज पिटीशन की सुनवाई मंगलवार को ईडी कोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में कोर्ट पांच फरवरी को अपना आदेश सुनायेगी।

## गुमशुदा बच्चों की बरामदगी के लिए राज्य सरकार ने क्या कदम उठाए : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि साहिबगंज एसपी के दिशा निर्देश पर दिल्ली गई अनुसंधान की टीम ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों से बीते दिनों 20 लड़कियों को बरामद किया है। इनमें से 16 नाबालिग हैं जबकि चार लड़कियां बालिग हैं।

जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अनुसंधानकर्ता से मौखिक कहा कि तलाश जारी रखें। गुमशुदा दोनों बच्चे भी मिल जाएंगे। इसके अलावा ट्रैफिकिंग के शिकार अन्य बच्चे भी बरामद हो सकेंगे। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा है कि गुमशुदा दोनों बच्चों की बरामदगी के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी निर्धारित की है। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला एवं अधिवक्ता दीपक साहू ने पक्ष रखा। कुलदेव साह और वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है।

## झारखंडी रंग में रंगी नजर आएगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा : गुलाम मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



- कांग्रेस जनों के पास इतिहास रचने का वक्त, ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलता
- पाकुड़ में राहुल और यात्रा में शामिल लोगों का होगा ऐतिहासिक स्वागत

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अध्यक्षता में संपन्न हुई' जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर उपस्थित थे। बैठक में पूरे कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई' यात्रा के विभिन्न चरणों एवं संभावित सभा स्थलों,जनसंपर्क अभियान आदि की समीक्षा की गई' इस अवसर पर गुलाम अहमद मीर ने कहा की झारखंड में राहुल जी की न्याय यात्रा कांग्रेस जनों के लिए परीक्षा की घड़ी है' कांग्रेस जनों के बीच न्याय यात्रा को लेकर उत्साह है' परंतु इस यात्रा के असली उद्देश्यों यानी न्याय के पांच स्तंभों को जनता के पास पहुंचना ही यात्रा की सफलता का परिचायक होगा। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के कांग्रेस जनों के पास इतिहास रचने का वक्त है और ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलता। झारखंड में न्याय यात्रा की ऐतिहासिक सफलता केंद्र सरकार द्वारा झारखंड की जनता के खिलाफ रचे जा रहे हैं' कुचक्रो चक्र का मुंह तोड़ जवाब होगा। उन्होंने कहा कि झारखंडी अवाम जूनून की पक्की है और उनके जज्बे को देखकर लग रह है कि यात्रा पूरे झारखंड में झारखंडी रंग में रंगी नजर आयेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस जनों के खून में ही मेहनत और संघर्ष दौड़ता है। सत्ता लोलुप केंद्र सरकार झारखंड की लोकतांत्रिक सरकार गिराना चाहती है परंतु न्याय यात्रा की सफलता से उनके नेताओं के मंसूबों की धज्जियां उड़ जाएगी। विधायक दल नेता आलमगीर आलम ने कहा कि यात्रा हमारे गृह जिले और विधानसभा क्षेत्र से झारखंड में प्रवेश करेगी पूरे पाकुड़ में राहुल और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल लोगों का ऐतिहासिक स्वागत होगा। बैठक को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव चेतन चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, मंत्री बन्ना गुप्ता, ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रदीप तुलस्यान, अनवार अहमद अंसारी, रांजीव रंजन प्रसाद, रवीन्द्र सिंह, अमुल्य नीरज खलखो, संजय लाल पासवान, अजय नाथ शाहदेव, मदन मोहन शर्मा, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, आभा सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, जेबा खान, डॉ बिरसा उरांव, खुर्शीद हसन रूमी, डॉ संजय सिंह, राजेश सिन्हा सन्नी, डॉ कुमार राजा, ईश्वर आंनद, बेलस तिर्की, चंचल चटर्जी, गजेन्द्र सिंह, गुंजन सिंह, नेली नाथन आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंजुमन इस्लामिया के गणित और फिजिक्स ओलंपियाड के विजेताओं को सम्मानित किया गया



**रांची।** मौलाना आजाद हॉल अंजुमन प्लाजा रांची में अंजुमन इस्लामिया रांची के मौलाना आजाद लाइब्रेरी कोचिंग सेंटर द्वारा एजुकेशन अवार्ड का कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिसमें मैथ्स और फिजिक्स ओलंपियाड में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान और कुरान की तिलावत के साथ शुरू हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबोधकांत सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री, रामटहल चौधरी पूर्व सांसद रांची, अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मुख्तार अहमद अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान मौजूद थे। कार्यक्रम में पिछले दिनों अंजुमन इस्लामिया मैथमेटिक्स और फिजिक्स ओलंपियाड में क्लास सिक्स के पहले तीन विजेताओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। मैथ्स ओलंपियाड में क्लास छह के जैनब अंसारी प्रथम, सकफिया कनितीन कैटीन सेकंड, मोहम्मद अरमान आलम थर्ड, वर्ग 7 के नोमान अहमद प्रथम, जूबेरिया तनवीर सेकेंड, रजिया परवीन थर्ड स्थान पर रहे। वर्ग 8 में इकरा फातिमा प्रथम स्थान, मुनकद रजा सेकेंड, फतीमा नाज थर्ड, क्लास नाइन की दानिश अफरोज प्रथम, सेकेंड मोहम्मद रहीद, थर्ड तहरीमा फातिमा रही। वही अंजुमन इस्लामिया फिजिक्स ओलंपियाड में वर्ग 6 के अहिल अजहर प्रथम, अबू अनस सेकंड, जैरा अख्तर थर्ड, वर्ग 7 के असद आदिल प्रथम, आयशा तहरीन सेकंड, जुबेरिया तनवीर थर्ड, वर्ग 8 इकरा फातिमा प्रथम, अलशिफा अंजुम सेकंड, मसीरह फातिमा थर्ड, वर्ग नाइन मोहम्मद राशिद प्रथम, मोहम्मद हुजैफा सेकंड, उजमा इरम थर्ड, वर्ग 10 समायरा फातिमा प्रथम, मोहम्मद साहिल अंसारी सेकंड, आफिया फातिमा थर्ड स्थान पर रही। इन सभी लोगों को सभी अतिथियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर बोलते हुए रामटहल चौधरी ने कहा कि बेटा हो या बेटी सबको पढ़ना चाहिए। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। हर अभिवावक को शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। अंजुमन इस्लामिया के द्वारा की जा रहे यह पहल सराहनीय है। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहा है। यह स्लम और जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का लगातार काम कर रहा है। अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मुख्तार ने कहा इसी क्रम में अंजुमन इस्लामिया के इतिहास में पहली बार गणित और फिजिक्स का ओलंपियाड आयोजित कर छुपे हुए प्रतिभाओं को उभारने का काम रहा है अंजुमन इस्लामिया के मौलाना आजाद लाइब्रेरी एंड कोचिंग सेन्टर के अजुकाशन कन्वेनर मो लतीफ आलम ने कहा रांची की टीम को बहुत बहुत बधाई है। कार्यक्रम में मोहम्मद लतीफ आलम कन्वीनर, मौलाना आजाद लाइब्रेरी एंड कोचिंग सेंटर अंजुमन इस्लामिया रांची, मेंबर नूर आलम, साजिद उमर शाजहद बबलू, अधिवक्ता सुल्तान, सरफराज, साहब पूर्व पार्षद असलम, पूर्व पार्षद सलाउदी ऊर्फ संजू,साहब फातिमा गर्ल्स एंड बॉयज अकादमी के डायरेक्टर नसीम अनवर नदवी, डॉक्टर इकबाल हुसैन, कांके अंजुमन के सदर रहमान साहब, पुनदाग अंजुमन के सदर जाकिर अंसारी, बढ्मू अंजुमन के सदर तस्लीम अंसारी, रातु अंजुमन के अताउल्लाह अंसारी, अरशद जिया अफजल हीना निशात उजमा कौशर इम्तियाज, अबू नसर, हाफी जावेद साहब समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### गांधी के विचार हमेशा पथ प्रदर्शक एवं प्रेरणाश्रोत रहेंगे : गुलाम अहमद मीर



**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में मनाई गयी। मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर गुलाम अहमद मीर ने कहा कि महात्मा गांधी की विचारधारायें, सत्य और अहिंसा का पथ एवं सहिष्णुता का संदेश संपूर्ण विश्व के लिए हमेशा पथ प्रदर्शक एवं प्रेरणाश्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि अहिंसा के पुजारी बापू की पुण्यतिथि पर स्मरणपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक महान दार्शनिक थे, जिनके सिद्धांत न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोग आत्मसात कर रहे हैं। यही वजह है कि गांधी को पूरी दुनिया में एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में जाना जाता है। मीर ने बापू को युगांतरकारी परिवर्तन के लिए आदर्शों का सच्चा मसीहा बताया, जिन्होंने न सिर्फ भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन को अहिंसात्मक तरीके से अंजाम तक पहुंचाकर आजादी का गौरव दिलाया।

### आइएएस मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुनवाई 13 फरवरी को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर के पूर्व उपायुक्त (वर्तमान में जमशेदपुर डीसी) मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने मेंटीबिलिटी पर बहस के लिए 13 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से अधिवक्ता एके सिंह एवं शिवम कुमार ने पैरवी की। इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की ओर से मामले में जवाब दाखिल किया जा चुका है। इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की ओर से बताया गया है कि मंजूनाथ ने मधुपुर उप चुनाव के दौरान दुर्भावना व राजनीति से प्रेरित होकर सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पांच प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसलिए इन पर विभागीय कार्रवाई की जाए और आने वाले चुनाव में इन्हें इलेक्शन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। मामले में राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीसी सिन्हा ने पैरवी की। देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ ने दायर याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग, भारत सरकार ने उन पर विभागीय कार्रवाई चलाने का आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि आने वाले किसी चुनाव से उन्हें अलग रखा जाए जबकि चुनाव आयोग को राज्य सरकार के अधिकारी के खिलाफ इस तरह के आदेश देने का कोई अधिकार नहीं है।

### बाबूलाल ने जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार पर हेमंत सरकार को घेरा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चार वर्षों से हेमंत सरकार में केवल लूट और भ्रष्टाचार हुआ है। यह सरकार कोयला, लोहा, बालू, पत्थर और जमीन की तरह युवाओं की नौकरी भी लुटवा रही। बाबूलाल मरांडी मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जेएससीसी की परीक्षा अपरिहार्य कारण से नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार उजागर होने के कारण रद्द करनी पड़ी है। परीक्षा के पहले ही प्रश्न पत्र सोशल मीडिया ग्रुप में घूम रहे थे। बेरोजगार अभ्यर्थियों से 35 लाख से लेकर 50 लाख रुपये तक लेकर प्रश्न पत्र बेचे गए। यह कोई पहली बार नहीं हुआ, बल्कि 7वीं से 10 वीं जेपीएससी परीक्षा की कहानी भी सबको पता है। कैसे विभिन्न जिलों के सेंटर से क्रमवार रोल नंबर से परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कैसे इस सरकार ने पहले इस परीक्षा के भ्रष्टाचार से इंकार किया था और बाद में रद्द हुए।




## एक नजर

### कठुआ जिले में मिले विस्फोटक उपकरण किए गए निष्क्रिय

**कठुआ।** कठुआ जिले के शेरपुर इलाके में बई नाला के पास मंगलवार को एक पॉलिथीन बैग में मिले दो विस्फोटक उपकरणों को सुरक्षित तरीके से बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 2 किलोमीटर दूर हीरानगर के शेरपुर इलाके की ओर जाने वाली सड़क पर बई नाला के पास तलाशी अभियान के दौरान एक पॉलिथीन बैग मिला। बैग की जांच करने पर इसमें विस्फोटक उपकरण पाए गए। इसके बाद अन्य सुरक्षाकर्मियों तथा बम निरोधक दस्ते को तुरंत मौके पर बुलाया गया। कुछ ही देर में अन्य सुरक्षाकर्मी तथा बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया और सुरक्षित तरीके से विस्फोटक उपकरणों को निष्क्रिय कर दिया। विस्फोटक उपकरण मिलने के बाद से इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### लेह-लद्दाख से किर्गिस्तान तक भूकंप से डोली धरती

**नई दिल्ली/बिश्केक।** भारत के लेह-लद्दाख से लेकर सात समंदर पार किर्गिस्तान में मंगलवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज ने दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह 05:39 बजे लेह और लद्दाख में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 दर्ज की गई है। फिलहाल कहीं से अभी तक नुकसान की सूचना नहीं है। उधर, जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज के अनुसार किर्गिस्तान-झिंजियांग सीमा क्षेत्र में मंगलवार भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6 मापी गई।

### अबेई में हिंसा, 54 की गई जान, संरा महासचिव ने जताई चिंता

खार्तूम (सूडान)। संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल ने कहा है कि सूडान और दक्षिण सूडान के बीच तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में अंतर-सांप्रदायिक हिंसक झड़पों में 52 नागरिक और दो शांति सैनिक मारे गए । संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल अबेई की विज्ञप्ति में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेश अबेई प्रशासनिक क्षेत्र में सप्ताहांत में हुई हिंसा से चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने कहा है कि अबेई में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल पर हुए हमले में दो शांति सैनिकों ने कर्तव्य की पंक्ति में अपना जीवन बलिदान कर दिया। कर्तव्य पथ पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शांति रक्षकों में एक पाकिस्तान और एक घाना का है। महासचिव ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### ब्रिटिश-भारतीय दंपत्ति को ऑस्ट्रेलिया को कोकीन निर्यात का ठहराया दोषी

**लंदन।** ब्रिटिश भारतीय एक जोड़े को ऑस्ट्रेलिया में 57 मिलियन पाउंड मूल्य की आधा टन से अधिक कोकीन निर्यात करने का दोषी ठहराया गया है। जांच में पाया गया कि उनकी साजिश से धातु के टूलबॉक्स में विमान से ड्रग्स भेजा गया। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद जूरी ने 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीतसिंह रायजादा को निर्यात के 12 मामलों और मनी लॉन्ड्रिंग के 18 मामलों में दोषी ठहराया।

# सिर पर गमछा बांधकर किसानों से राहुल ने की बात

■ बिहार में सामाजिक न्याय के लिए हमें नीतीश की जरूरत नहीं ■ ढाबे पर रूककर स्थानीय लोगों के साथ ली चाय की चुस्की

**एजेंसी। पूर्णिया**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के क्रम में बिहार में हैं। सोमवार को उनका कारवां पश्चिम बंगाल से अररिया पहुंचा। जहां मां राहुल ने खड्गेश्वरी काली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रात में एक सभा को संबोधित किया। इसके बाद राहुल गांधी एमएलडीपी यादव कॉलेज मैदान में बने कैंप में रात गुजारी। मंगलवार की सुबह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के मौके पर यादव कॉलेज मैदान में श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। उसके बाद उनका काफिला पूर्णिया पहुंचा। मंगलवार को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में उन्होंने किसानों की समस्याओं पर



उनसे बात की। इस दौरान राहुल गांधी सिर पर गमछा बांधे नजर आए। वे सड़क किनारे एक ढाबे पर रुके और कुछ लोगों के साथ चाय की चुस्की भी ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्णिया के सिकंदरपुर पंचायत स्थित शीशाबाड़ी में किसानों के साथ चौपाल की। इस मौके पर किसानों ने अपनी समस्या रखी। राहुल गांधी ने किसानों के भूमि अधिग्रहण मामले पर कहा कि वे लोकसभा में इस मुद्दे को उठाएंगे और जब उनकी सरकार बनेगी तो किसानों के हित में काम किए जाएंगे। कहा, हमने किसानों का 72,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। रैली में राहुल ने देश में जातीय जनगणना को जरूरी बताया। कहा, देश के भविष्य के लिए लोगों को सामाजिक और आर्थिक न्याय देने के लिए यह जरूरी है। लेकिन इसके लिए हमें नीतीश की जरूरत नहीं है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि उन पर जरा भी दबाव पड़ता है, वे यू-टर्न ले लेते हैं। जब हमने नीतीश से जातीय सर्वे कराने पर जोर दिया तब भाजपा डर गई। भाजपा इसके विरोध में है। नीतीश जी फंस गए और भाजपा ने उन्हें भागने के लिए रास्ता उपलब्ध करा दिया। उन्होंने साफ कहा कि यह प्रदेश हजारों साल से सामाजिक और आर्थिक न्याय का रास्ता दिखा रहा है। आर्थिक न्याय की चर्चा करते हुए मखाना का उदाहरण देते हुए कहा कि मखाना किसानों को उचित कीमत नहीं मिल पा रहा है।

### सत्ता परिवर्तन के बाद राहुल गांधी की न्याय यात्रा प्रभावित

**पटना।** बिहार में सत्ता परिवर्तन से कांग्रेस की भारत जोड़ा न्याय यात्रा पर खासा असर पड़ा है। पूर्णिया में राहुल गांधी के साथ एक मंच पर लालू यादव और तेजस्वी यादव के नहीं होने से कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। राहुल बिहार में अपने सहयोगी दलों के साथ जो ताकत दिखाना चाहते थे, वैसा कुछ भी वे नहीं कर पाए। बिहार में अपनी मजबूत ताकत दिखाने के लिए कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ी न्याय यात्रा किशनगंज के रास्ते बिहार में प्रवेश कर चुकी है। उम्मीद थी कि 30 जनवरी को पूर्णिया में होने वाली राहुल गांधी की जनसभा में कांग्रेस अपने सहयोगी दलों को एक मंच पर लाकर एकजुटता का संदेश देगी लेकिन लालू यादव और तेजस्वी यादव को नौकरी के बदले जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए ईडी द्वारा बुलाने से कांग्रेस और राहुल गांधी को झटका लगा है। पूर्णिया जनसभा में कांग्रेस अपनी ताकत दिखाना चाहती है। इसके लिए कांग्रेस ने पिछले करीब 15 दिनों से बड़ी तैयारी की थी। लेकिन ईडी की पूछताछ ने कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## साइफर मामले में इमरान खान और महमूद कुरैशी को 10 साल की सजा

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और नेता शाह महमूद कुरैशी को साइफर मामले में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विशेष अदालत के जज अबुल हसनत जुल्करनैन ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में सुनवाई के दौरान सजा की घोषणा की। इससे पहले, मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, खान ने कहा कि मुकदमे की गति से पता चलता है कि 'मैच पहले से ही तय है'। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, खान ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू को बचाने के लिए यह सब किया जा रहा है। उन्होंने सत्ता प्रतिष्ठान से बातचीत करने की इच्छा जताते हुए कहा कि हाल की घटनाओं ने आमचुनाव को बदनाम कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीटीआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि वह उन लोगों के खिलाफ जांच कराने को कहेंगे जो



चुनाव प्रचार के लिए नहीं निकले हैं। पीटीआई संस्थापक ने दावा किया कि पीएमएल (एन) के सबसे बड़े नेता नवाज शरीफ कोर्ट के साथ एक समझौते के तहत पाकिस्तान लौट आए और वह अभी भी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचने के लिए 'वीगो वाहन' का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने चुनौती दी कि यदि एक बार अनुमति मिली तो वे अब तक की सबसे बड़ी रैली करेंगे। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, खान ने दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख सेवानिवृत्त जनरल कमर जावेद बाजवा विपक्षी नेताओं के लिए एक समझौते की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह अदालत से जनरल बाजवा, डोनाल्ड लू और सैन्य राजनयिक को गवाह के रूप में बुलाने के लिए कहेंगे।

चंडीगढ़ में मेयर की जीत पर बोले जेपी नड्डा

## इंडी गठबंधन का न अंकगणित काम कर रहा है और न ही केमिस्ट्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चंडीगढ़ में हुए मेयर के चुनाव में विपक्षी गठबंधन के पास ज्यादा सीट होने के बावजूद भाजपा के उम्मीदवार के जीतने से उत्साहित भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा है कि इस नतीजे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडी गठबंधन का न तो अंकगणित काम कर रहा है और न ही उनकी केमिस्ट्री काम कर रही है। नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र शासित प्रदेशों में रिकॉर्ड विकास होने का दावा करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन अपने पहले चुनावी लड़ाई में ही भाजपा से हार गया। जेपी नड्डा ने चंडीगढ़ में हुए मेयर चुनाव के नतीजे पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, मेयर चुनाव जीतने के लिए भाजपा की चंडीगढ़ इकाई को बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र शासित प्रदेशों में रिकॉर्ड विकास हुआ है। इंडी गठबंधन ने अपना पहला चुनावी लड़ाई लड़ा और वह पहले ही मोर्चे पर भाजपा से हार गया, यह दशार्ता है कि न तो उनका अंकगणित काम कर रहा है और न ही उनकी केमिस्ट्री काम कर रही है।

### 'चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में बेईमानी की गई'



दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि चंडीगढ़ में महापौर पद के लिए हुए चुनाव में सरेआम 'बेईमानी' की गई और जिन लोगों ने ऐसा किया वे राष्ट्रीय चुनाव में किसी भी हद तक जा सकते हैं। उनकी यह प्रतिक्रिया मंगलवार को भाजपा के मनोज सोनकर द्वारा 'आप' के कुलदीप कुमार को हराकर महापौर पद जीतने के बाद आई। कुमार को कांग्रेस के साथ गठबंधन के बाद महापौर पद के लिए चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। नतीजे घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दल आप और कांग्रेस के पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, चंडीगढ़ के महापौर पद के लिए हुए चुनाव में दिनदहाड़े जिस तरह से बेईमानी की गई है, वह बेहद चिंताजनक है। यदि महापौर के चुनाव में यह लोग इतना गिर सकते हैं तो राष्ट्रीय चुनाव में तो ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह बेहद चिंताजनक है।

## 15 फरवरी से फिर से शुरू होगा अयोध्या मंदिर का काम



**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में अधूरे काम को फिर से शुरू करने की तैयारी अब चल रही है। मंदिर के पश्चिमी हिस्से में फिर से दो टावर क्रेनें लगाई जा रही हैं, जबकि कर्मचारी 15 फरवरी को साइट पर वापस आ जाएंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने कहा, 'मंदिर की पहली मंजिल का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब, दूसरी मंजिल और शिखर के लिए काम फिर से शुरू होगा, इसके लिए हमने तैयारी कर ली है। एलएंडटी ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण 15 जनवरी से राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को रोक दिया था और सभी श्रमिकों को एक महीने की छुट्टी दे दी थी। अधिकारियों ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के पूरा होने के बाद, श्रमिकों को काम पूरा करने के लिए वापस बुलाया गया है। राम मंदिर निर्माण से जुड़े मार्बल विशेषज्ञ और मुख्य विक्रेता रोहित भाटिया ने कहा कि मजदूर 15 फरवरी को काम पर लौट आएंगे, राम जन्मभूमि परिसर में लगी मशीनों को दोबारा जोड़ने का काम शुरू हो गया है। निर्माण स्थल पर लगभग 3,500 श्रमिकों को लगाया गया है।

## कर्नाटक : लड़की हुई लव जिहाद की शिकर तलाश के लिए पुलिस ने मांगी किराए की कार

**एजेंसी। गडग (कर्नाटक)**

अपनी बेटी के लापता होने के एक हफ्ते बाद, कर्नाटक के गडग जिले में 19 वर्षीय लड़की के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि यह 'लव जिहाद' का मामला है और बेटागेरी पुलिस स्टेशन में 30 वर्षीय अमीर कुकनुरु के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। लड़की के माता-पिता का आरोप है कि उन्होंने एक सप्ताह पहले शिकायत दर्ज की थी, लेकिन




पुलिस उनकी बेटी को ढूंढने का ईमानदार प्रयास नहीं कर रही। माता-पिता का दावा है कि बेटागेरी पुलिस मांग कर रही है कि माता-पिता लापता लड़की की तलाश के लिए एक कार किराए पर लें। माता-पिता ने कहा कि वे गरीब हैं और पुलिस के लिए परिवहन की व्यवस्था करने में असमर्थ हैं। सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद माता-पिता ने भी आत्महत्या का प्रयास किया। आरोप है कि विवाहित आरोपी लड़की को बहन कहकर संबोधित करता था लेकिन उसने उसे बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया। माता-पिता ने गडग जिले के एसपी को भी एक शिकायत सौंपी है।

## ईरान पर 'जवाबी हमला' करने का बाइडेन पर दबाव

**एजेंसी। वाशिंगटन**

जॉर्डन में 'टॉवर 22' नामक सैन्य चौकी पर एक ड्रोन हमले में कम से कम तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए और 34 से ज्यादा घायल हो गए। इसके बाद रिपब्लिकन पार्टी (जीओपी/ग्रैंड ओल्ड पार्टी) का राष्ट्रपति जो बाइडेन पर ईरान पर 'जवाबी हमला' करने का दबाव है। मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर अब तक हुए 150 मिसाइल हमलों में से, यह पहली बार है, जब आतंकवादियों ने पेंटागन की



रक्षा ढाल को तोड़ दिया और सैन्य कर्मियों को मार डाला। रिपब्लिकन की प्रतिक्रिया 2024 में सबसे आगे चल रहे जीओपी (ग्रैंड ओल्ड पार्टी के) उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल इस्लामिक राज्य के 6 बिलियन डॉलर के तेल राजस्व को स्थिर न करने का हवाला देते हुए, ईरान के सामने आत्मसमर्पण करने की बाइडेन की विदेश नीति की आलोचना करने के एक दिन बाद आई है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि सैन्य उद्देश्यों के लिए धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, जबकि बाइडेन ने कहा कि इसके खिलाफ जांच और संतुलन है।

भले ही राष्ट्रपति बाइडेन और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने अपनी पसंद के समय और स्थान पर जवाबी हमला करने की शपथ ली हो, लेकिन हमले पर अपरिहार्य अमेरिकी प्रतिक्रिया ने मध्य पूर्व युद्ध की और बढ़ने की आशंका को बढ़ा दिया है।

क्षेत्र में तनाव पहले से ही बढ़ रहा है क्योंकि इजरायल-हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्धविराम अभी हो नहीं पा रहा है। युद्ध शेष बंधकों की वापसी के किसी भी समाधान के बिना लंबा खिंच रहा है।

## नौसेना ने अपहृत जहाज, चालक दल समेत 19 पाकिस्तानियों को बचाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। ईरानी जहाज एफवी इमान को छुड़ाने के बाद भारत के नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज अल नईमी को समुद्री डाकुओं के चंगुल से मुक्त कराया है। इन दोनों ऑपरेशन में व्यापारिक जहाजों को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 36 सदस्यों को सुरक्षित बचाया है, जिसमें 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक हैं। अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली




पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने अपना युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को भेजा। युद्धपोत ने अपहृत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया। भारत ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा इलाके से बाहर निकल गया। भारतीय युद्धपोत यह ऑपरेशन पूरा करने के बाद सोमालिया के पूर्वी तट पर ही था, तभी उसे 29 जनवरी को एक और समुद्री लुटेरों की हरकत का पता चला। कोच्चि से लगभग 850 नॉटिकल मील पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में मिशन तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को मछली पकड़ने वाले पाकिस्तानी जहाज अल नईमी और उसके चालक दल के 19 पाकिस्तानी नागरिकों को बंधक बनाए जाने की सूचना मिली। इस पर उसे पाकिस्तानी जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की कार्रवाई में लगाया गया।

### भारतीयों के लिए अमेरिकी वीजा में 60 फीसदी की वृद्धि : राजदूत एरिक गार्सेटी

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय छात्रों और व्यापारियों को अमेरिकी वीजा जारी करने की संख्या पिछले साल की तुलना में हाल के महीनों में 60 फीसदी बढ़ गई है और बैकलॉग को दूर करने के प्रयास जारी हैं। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए गार्सेटी ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार बढ़कर 200 अरब डॉलर प्रति वर्ष हो गया है और वह निकट भविष्य में 500 अरब डॉलर का लक्ष्य देख रहे हैं। गार्सेटी ने कहा कि हाल ही में अमेरिका में वैश्विक व्यापार नेताओं की एक बैठक में, प्रतिभागियों की सबसे बड़ी संख्या भारत से थी और यह दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को दिखाता है।

फिल्म जगत

### 'ब्लडी इश्क' के गानों की रिकार्डिंग संपन्न, झारखंड में होगी शूटिंग

**मुंबई।** सुधा सिने मूवीज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनने जा रही बॉलीवुड हिन्दी फिल्म 'ब्लडी इश्क' के दो गाने की रिकार्डिंग 'स्टूडियो 504', अंधेरी (वेस्ट) मुंबई में सम्पन्न। आज के एक गाने में बॉलीवुड फेमस सिंगर शाहिद माल्या और दूसरे में प्रसिद्ध पाश्र्वगायिका पूनम भाटिया ने अपनी आवाज दी। इस दो गाने के गीतकार एवं संगीतकार अशोक पंजाबी हैं। गीत रिकार्डिंग के मौके पर निर्देशक प्रभात राज, एक्टर निर्भय सिंह के अलावा पीआरओ सतीश कंवल भी उपस्थित थे। इससे पूर्व पिछले दिनों चार गानों की रिकार्डिंग भी की गई थी जिसमें बॉलीवुड फेमस स्टार सिंगर जावेद अली के अलावा अमन त्रिखे एवं लक्ष्य ने पाश्र्वगायन किया है। इन गीतों के गीतकार -



सीटू जयपुरी एवं संगीतकार -द्रोण है। इस फिल्म की निर्मात्री-शबनम राज, निर्देशक - प्रभात राज एवं तरूण मोहम्मद,कथा-प्रभात राज, पटकथा और संवाद-पी के अनूप के हैं। इस फिल्म की शूटिंग मार्च माह से झारखंड, बिहार ,नेपाल एवं मुम्बई मे की जायेगी । फिल्म में किरण कुमार, गुलशन ग्रोवर ,रंजीत जैसे सरीखे नामचीन कलाकारों से बातचीत की जा रही है। इसके अलावा इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषव कुमार ,प्रिया राजपूत,निर्भय सिंह,शाना भट्टाचार्य, कुणाल सिंह, नजर आयेंगे।